# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, रविवार 24 अगस्त 2025 • भाद्रपद शुक्ल प्रतिपदा, संवत 2082 • रांची एवं पटना से प्रकाशित • वर्ष : 3, अंक : 137 • मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.3 | 21.0 |
| डालटनगंज | 28.6 | 23.1 |
| धनबाद | 28.9 | 25.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# दीमा हसाओ का सबक : कौंसिल नहीं ग्राम सभाएं हों सर्वोपरि

सुधीर पाल



दीमा हसाओ का उदाहरण झारखंड के लिए सबक है. पिछले दिनों गुवाहाटी उच्च न्यायालय उस समय स्तब्ध रह गया जब यह सामने आया कि असम सरकार और दीमा हसाओ स्वायत्तशासी जिला परिषद (एनसीएचएसी) ने कोलकाता की महाबल सीमेंट कंपनी को 3,000 बीघा (लगभग 992 एकड़) जमीन आवंटित कर दिया. यह ज़मीन उन आदिवासियों की थी, जिनकी पीढ़ियां उन गांवों में परंपरागत तौर पर रह रही थीं. ग्रामीणों को तब पता चला जब कंपनी ने गांव में उत्खनन शुरू किया. गांव की परंपरागत सभा है लेकिन कौंसिल सर्वोपरि है. दीमा हसाओ स्वायत्त परिषद की 30 सदस्यीय संरचना में 28 निर्वाचित और 2 नामांकित सदस्य हैं. जनवरी 2024 के चुनाव में बीजेपी ने 25 सीटें जीतकर परिषद में दबदबा बनाया है. अभी दीमा हसाओ में ट्रिपल इंजन की सरकार है.

फरवरी 2025 में आयोजित एड्वेनटेज 2.0 में राज्य सरकार ने 2030 तक राज्य सरकार ग्रोस स्टेट डमेस्टिक प्रोडक्ट (जीएसडीपी) का आकार लगभग दुगुना यानि 143 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य रखा है. इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए धड़ल्ले से एमओयू हो रहे हैं, जमीन और खदानें आवंटित हो रही हैं. गुवाहाटी हाईकोर्ट में चल रहे मुकदमे के याचिककर्ता कहते हैं कि यह मसला केवल 3000 बीघा का नहीं है. अंबुजा सीमेंट, डालमिया सीमेंट, इंडिया सीमेंट कोरपोरेशन सहित लगभग आधे दर्जन कंपनियों को यहां से लाइम स्टोन के उत्खनन और सीमेंट फैक्ट्री लगाने की अनुमति दी जा रही है. जमीन खेती की है और स्थानीय आदिवासियों की आजीविका का एकमात्र स्त्रोत है.

## संवैधानिक कवच का मजाक

गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने अदालत में स्पष्ट किया कि दीमा हसाओ जैसे क्षेत्र में आदिवासियों के अधिकार और हित प्राथमिकता में होने चाहिए. न्यायमूर्ति एनके मेधी ने सरकार और परिषद से पूछा कि छठी अनुसूची के तहत संरक्षित क्षेत्र में इस प्रकार की भूमि हेराफेरी किस आधार पर की जा सकती है? उन्होंने यहां तक टिप्पणी की कि क्या यह कोई "मज़ाक" है कि जिन आदिवासियों की सुरक्षा हेतु अनुच्छेद 244(2) में विशेष प्रावधान किए गए हैं, उन्हीं को बेदखल कर दिया जाए?

न्यायमूर्ति मेधी ने यह भी कहा कि यह क्षेत्र पर्यावरण और जैव विविधता की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है. यह क्षेत्र प्राकृतिक गर्म पानी के झरनों के लिए प्रसिद्ध है. प्रवासी पक्षियों और दुर्लभ वन्यजीवों का ठिकाना है. पहाड़ी और झरनों वाली संवेदनशील इकोसिस्टम का हिस्सा है. जब ऐसे क्षेत्रों में भारी उद्योग लगाए जाते हैं-हे वह सीमेंट कारखाना हो या खनन उद्योग-तो न सिर्फ सांस्कृतिक अस्मिता खतरे में पड़ती है बल्कि पर्यावरणीय संतुलन भी बिगड़ जाता है.

नॉर्थ ईस्ट में दीमा हसाओ का केस अकेला नहीं है. त्रिपुरा में त्रिपुरी आदिवासियों की जमीनें भी स्वायत्त परिषदों के बावजूद गैर-आदिवासियों के कब्ज़े में चली गईं. मेघालय में कोयला खनन के अवैध पट्टे परिषदों की मिलीभगत से जारी होते रहे हैं. मिज़ोरम में बांस और लकड़ी के संसाधनों को परिषदों के माध्यम से ठेकेदारों को हस्तांतरित कर दिया गया. ये सभी उदाहरण यह दर्शाते हैं कि छठी अनुसूची की व्यवस्था का व्यावहारिक इस्तेमाल आदिवासी स्वायत्तता के बजाय कॉर्पोरेट हितों की सेवा में अधिक हुआ है.

## झारखंड के लिए सबक

दीमा हसाओ स्वायतशासी जिला परिषद और असम में भाजपा की सरकार है. छठी अनुसूचित क्षेत्र में भू-अर्जन कानून 2013 लागू नहीं है. भू-अर्जन कानून 2013 में विकास कार्यों के लिए भूमि हस्तांतरण को अनुसूचित क्षेत्र में अंतिम विकल्प माना गया है. छठी अनुसूचित क्षेत्र में पंचायत राज व्यवस्था का प्रावधान नहीं है. पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र की तरह पेसा कानून भी नहीं है. जाहिर है कि पेसा इलाकों की तरह संवैधानिक और कानूनी अधिकार संपन्न ग्राम सभाएं भी नहीं है.

झारखंड में एक धड़ा यह मांग करता रहा है कि वहां भी छठी अनुसूची की तरह स्वायत्तशासी जिला परिषद बनाई जाए. लेकिन दीमा हसाओ का उदाहरण यह बताता है कि यह रास्ता आदिवासी हितों के लिए खतरनाक हो सकता है. पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र होने के नाते त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था की निर्भरता ग्राम सभाओं पर है. ग्राम सभाएं निर्णय लेने वाली निकाय है और जिला परिषद निर्णयों को लागू करने वाली निकाय.

पहला सबक है कि छठी अनुसूची में ग्राम सभा की शक्ति नहीं है. स्वायत जिला परिषद सत्ता का केंद्र है और जनप्रतिनिधियों को साथ मिलाकर राज्य की सत्ता और पूंजीपति वर्ग गांवों की जमीनें हड़प सकता है. दूसरा सबक है पाँचवीं अनुसूची और पेसा कानून के तहत ग्राम सभा सर्वोपरि है. दीमा हसाओ की तरह पूरे जिले की जमीन अधिग्रहण के लिए कम से कम 1000 ग्राम सभाओं की सहमति चाहिए जो नामुमकिन है. पेसा क्षेत्र की ग्राम सभाओं को सभी प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन का अधिकार है. **शेष पेज 7 पर...**

## ब्रीफ न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के शोपियां में हिज्ब का आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर** । जम्मू-कश्मीर में राज्य जांच एसेंसी (एसआईए) की टीम ने शोपियां से एक ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है. जांच एजेंसी की गिरफ्त में आया ओवरग्राउंड वर्कर आतंकवादी संगठन हिज़्ब-उल-मुजाहिदीन के स्लीपर सेल के रूप में काम करता था. राज्य जांच एसेंसी की ओर से जारी बयान में बताया गया कि अथक प्रयासों के बाद उसने एक ओवरग्राउंड वर्कर अल्ताफ हुसैन वागे, पिता गुलाम मोहिउद्दीन वागे, निवासी रेबन गुंड, बेहराम, शोपियां को गिरफ्तार करके एक बड़ी सफलता हासिल की है.

### पाक विमानों पर लगी पाबंदी सितंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली** । भारत ने अपने हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमानों पर लगी पाबंदी एक बार फिर 24 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी है. पड़ोसी देश ने भी अपने हवाई क्षेत्र को भारतीय विमानों पर पाबंदी की अवधि को बढ़ा कर 24 सितंबर कर दिया है. आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को दी जानकारी में बताया कि दोनों देशों ने हवाई क्षेत्र को बंद करने की अवधि बढ़ाने के लिए अलग-अलग नोटिस टू एयरमेन जारी किए हैं. 22 अगस्त को जारी नोटिस के मुताबिक भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत विमानों और पाक एयरलाइनों/संचालकों द्वारा पट्टे पर लिए गए विमानों, जिनमें सैन्य उड़ानें भी शामिल हैं.

### एसी कोच के टॉयलेट में मिला बच्चे का शव

**मुंबई** । मुंबई-कुशीनगर एक्सप्रेस के एसी कोच के बाथरूम में कूड़ेदान के अंदर पांच साल के बच्चे का शव मिला है. जब इस बारे में जानकारी हुई तो ट्रेन में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया. आनन-फानन में सूचना रेलवे अफसरों को दी गई. अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और जायजा लिया. पुलिस ने ट्रेन के बाथरूम से बच्चे का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की गयी है. जानकारी के अनुसार, बच्चे का शव एलटीटी कुशी नगर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 22537 के एसी कोच बी2 के बाथरूम में कूड़ेदान के अंदर मिला है.

### जेपीसी में नहीं होंगे टीएमसी सांसद

**कोलकाता** । तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने की रूपरेखा तय करने वाले तीन विधेयकों पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को 'तमाशा' करार देते हुए कहा कि वह इसमें कोई सदस्य नहीं भेजेगी. केंद्र सरकार ने मानसून सत्र के दौरान केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2025, संविधान (130वां संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 लोकसभा में पेश किए. तृणमूल कांग्रेस ने एक बयान में कहा, 'हम 130वें संविधान संशोधन विधेयक का अभी प्रस्ताव के चरण में ही विरोध करते हैं.

## 17000 करोड़ रु के बैंक लोन फ्रॉड का मामला, सीबीआई की कार्रवाई

# अनिल अंबानी के घर पर छापेमारी

एजेंसी । मुंबई



अनिल अंबानी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं. ईडी के बाद अब सीबीआई ने करोड़ों रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी से जुड़े स्थलों की तलाशी ली है. सीबीआई सुबह 7 बजे से ही अनिल अंबानी के घर पर छापेमारी करने पहुंच गयी थी. बताया जाता है कि सीबीआई के 7 से 8 अधिकारी सर्च ऑपरेशन में शामिल थे. कफ परेड सीविंड स्थित उनके आवास पर सुबह करीब सात से 8 बजे अधिकारी पहुंचे थे. इस दौरान अनिल अंबानी और उनका परिवार आवास पर मौजूद रहे. इससे पहले अनिल अंबानी से ईडी ने पूछताछ की थी. सीबीआई के इस एक्शन के बाद ऐसा कहा जा रहा है कि उद्योपति की परेशानी और भी ज्यादा बढ़ सकती है. सूत्रों का कहना है कि सीबीआई की जांच में अनिल अंबानी के घर पर और अन्य स्थानों पर बैंक लोन मामले को लेकर दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं. सीबीआई, यस बैंक और अनिल अंबानी के कंपनियों के बीच हुए पैसों के आदान प्रदान संबंधी दस्तावेज ढूंढ रही थी. वहीं छापेमारी को लेकर अधिकारियों ने पीटीआई को बताया कि सीबीआई ने शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस के प्रमोटर्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है और एक कथित बैंक धोखाधड़ी के संबंध में उसके कार्यालयों में तलाशी ली है. यह तलाशी एसबीआई के 3073 करोड़ रुपये के नुकसान से भी जुड़ा हुआ है.

**ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था :** 5 अगस्त को ईडी ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन और एमडी अनिल अंबानी को कथित 17,000 करोड़ के लोन फ्रॉड केस की चल रही जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए बुलाया था. उससे भी पहले ईडी ने अनिल अंबानी से जुड़ी व्यावसायिक संस्थाओं पर छापेमारी की थी.

**ईडी की जांच में कई अनियमितताएं मिली थीं :** ईडी की जांच में कई अनियमितताएं मिली थीं, जिनमें बिना वेरिफाइड सोर्स वाली कंपनियों को लोन जारी करना, लोन लेने वाली संस्थाओं में एक ही डायरेक्टर और पत्ते का होना, लोन फाइलों में आवश्यक दस्तावेजों का नहीं होना, शेल कंपनियों के नाम पर लोन की मंजूरी और कर्ज को चुकाने के लिए नया लोन लेना आदि थे. छापेमारी से पहले सीबीआई ने दो एफआईआर दर्ज किए थे, जिसके बाद ईडी ने छापेमारी की थी. वहीं अब सीबीआई की भी जांच चल रही है.

## इधर, ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में कर्नाटक के कांग्रेस एमएलए केसी वीरेंद्र गिरफ्तार

### ईडी की छापेमारी में 12 करोड़ रुपये नकद व आभूषण मिले

एजेंसी । नयी दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र कुमार उर्फ 'पप्पी' को कथित अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में शनिवार को सिक्किम से धन शोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया गया. संघीय जांच एजेंसी ने यह भी बताया कि उसने शुक्रवार को कई राज्यों में की गई छापेमारी के बाद 12 करोड़ रुपये नकद (लगभग एक करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा सहित), 6 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण, लगभग 10 किलोग्राम चांदी और चार वाहन जब्त किए. ईडी ने बताया कि चित्रदुर्ग के 50 साल के विधायक को शुक्रवार को सिक्किम की राजधानी गंगटोक में एक नामित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और बंगलूरू की न्यायिक अदालत में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड हासिल की गई. ईडी का बंगलूरू जोन मामले की जांच कर रहा है. एजेंसी ने बताया कि विधायक अपने सहयोगियों के साथ एक कसीनो लीज पर लेने के लिए व्यावसायिक यात्रा पर गंगटोक गए थे. वीरेंद्र के भाई केसी नागराज और उनके बेटे पृथ्वी एन राज के ठिकानों से संपत्ति से जुड़े कई दस्तावेज भी जब्त किए गए. ईडी ने कहा, 'उनके अन्य सहयोगी, जैसे कि एक और भाई केसी थिप्पेस्वामी, दुबई से ऑनलाइन गेमिंग का संचालन संभाल रहे हैं.'

**अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा**

## रांची में दो करोड़ के जाली नोट बरामद, दो आरोपी हुए गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

शुभम संदेश । रांची

रांची पुलिस ने जाली नोटों के कारोबार से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए राजधानी के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू मार्केट बस स्टैंड से लगभग दो करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट बरामद किए हैं. इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो एक अंतरराज्यीय संगठित गिरोह से जुड़े बताए जा रहे हैं. इस कार्रवाई से नकली करेंसी के काले कारोबार में लिप्त गिरोह के पूरे तंत्र को उजागर करने की दिशा में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं. यह पूरी कार्रवाई डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में की गई. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पटना से आने वाली एक बस में भारी मात्रा में जाली नोट रांची लाए जा रहे हैं. सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने पहले से निगरानी शुरू कर दी और न्यू मार्केट बस स्टैंड में पहुंचकर संबंधित बस की तलाशी ली. तलाशी के दौरान एक संदिग्ध बक्सा बरामद हुआ, जिसमें दो करोड़ के नकली नोट पाए गए.

**गिरफ्तार युवकों से पूछताछ में अहम खुलासे :** गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों से पूछताछ में यह सामने आया है कि वे एक अंतरराज्यीय गिरोह के लिए काम कर रहे थे. इस गिरोह का नेटवर्क बिहार, झारखंड, बंगाल और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों तक फैला हुआ है.

## प्रधानमंत्री मोदी ने नेशनल स्पेस डे की बधाई दी

# कम समय में भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की

एजेंसी । नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि बेहद कम समय में भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और अब नए कीर्तिमान स्थापित करना भारतीय वैज्ञानिकों का स्वभाव बन गया है. राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर एक वीडियो संदेश में उन्होंने अंतरिक्ष यात्रियों के पूल सहित अंतरिक्ष कार्यक्रम से जुड़ी कई भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि एक समय भविष्य के अंतरिक्ष क्षेत्र को अनेक पाबंदियों में बांध दिया गया था. हमने इन बेड़ियों को खोलने का कम किया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर देश के युवाओं वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष क्षेत्र में कार्यरत स्टार्टअप को बधाई दी. उन्होंने इस वर्ष के अंतरिक्ष दिवस के थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक को आत्मविश्वास और भविष्य के संकल्प का प्रतीक बताया. उन्होंने कहा कि यह दिवस अब युवाओं में उत्साह और आकर्षण का केंद्र बन चुका है और भारत के लिए गर्व का क्षण है. उन्होंने उल्लेख किया कि दो वर्ष पूर्व भारत चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बना था. साथ ही, शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर तिरंगा फहराकर हर भारतीय को गर्व से भर दिया. प्रधानमंत्री ने इसे अविस्मरणीय क्षण बताया. प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज अंतरिक्ष क्षेत्र में बदलाव लाने वाली तकनीकों पर कार्य कर रहा है.

**कटिहार में राहुल बोले**

## दलितों और पिछड़ों के लिए मोदी सरकार ने नौकरी के दरवाजे बंद किए

**कटिहार** । शनिवार को विपक्षी इंडिया महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा कटिहार पहुंची. वहां कदवा में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान को नष्ट करना चाहती है और दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के अधिकारों को छीन रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों की वजह से दलितों और पिछड़ों को सेना और सार्वजनिक क्षेत्र में दरवाजे बंद होते जा रहे हैं. पहले ऐसा नहीं हुआ करता था. राहुल ने चेताया कि लाखों बिहारी लोगों के वोटिंग अधिकार छीने जा रहे हैं और भाजपा बिहार में चुनाव चोरी की कोशिश कर रही है.

## पटना में ट्रक और ऑटो की टक्कर में 8 की मौत

**पटना** । राजधानी पटना में शनिवार सुबह 6 बजे शाहजहांपुर-दनियावां-हिलसा स्टेट हाईवे-4 पर सिगरियावा स्टेशन के पास ट्रक-ऑटो की टक्कर में ऑटो सवार 8 लोगों की मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक मृतक नालंदा जिले के हिलसा के मलावा गांव के निवासी थे. मृतकों में पांच महिलाएं हैं. घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पीएमसीएच) भर्ती कराया गया है. टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि ऑटो-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. पीड़ितों का खून सड़क पर फैल गया. पटना के ग्रामीण एसपी विक्रम सिहाग ने सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत की पुष्टि की है. पुलिस के मुताबिक ऑटो में सवार सभी लोग नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के मलावा गांव निवासी थे. जो पटना जिले फतुहा त्रिवेणी घाट पर गंगा स्नान के लिए आए थे. मृतकों में संजू देवी (60) पति राजेंद्र प्रसाद, दीपिका पासवान (35) पति धनंजय पासवान, कुसुम देवी (48) पति चंद्रमौली पांडेय, चंदन कुमार (30) चालक, कंचन पांडेय (34) पिता परशुराम पांडेय शामिल हैं. इसके साथ ही दुर्घटना में बीरेंद्र राउत की पत्नी, शंभू राम की पत्नी और विकास राम की पत्नी की भी मौत हुई है.

## यस बैंक में 24.99% तक हिस्सेदारी खरीदेगा जापान का बैंक

**नयी दिल्ली** । प्राइवेट सेक्टर के कर्जदाता यस बैंक ने शनिवार को जानकारी दी कि आरबीआई ने सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन (एसएमबीसी) को 24.99% तक अधिग्रहण करने की मंजूरी दे दी है. जापान बैंक की तरफ से यश बैंक में यह सबसे बड़ी हिस्सेदारी खरीद होगी. आरबीआई ने मंजूरी देने के साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि अधिग्रहण के बाद एसएमबीसी को यस बैंक के प्रमोटर्स के तौर पर नहीं रखा जाएगा. यस बैंक ने नियामक फाइलिंग में आगे कहा कि अप्रूवल 22 अगस्त से 1 साल के लिए वैलिड हैं. यह एसएमबीसी की यस बैंक में दूसरी खरीद है. इस खरीद के साथ जापान के बैंक की योजना हिस्सेदारी बढ़ाने की है. ये बैंक बेच रहे हिस्सेदारी प्रस्तावित सौदे में एसबीआई से 13.19% हिस्सेदारी खरीदी जानी है. साथ ही 7 अन्य शेयरधारकों-एक्सिस बैंक, बंधन बैंक, फेडरल बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक से 6.81% हिस्सेदारी हासिल की जानी है.

## एक्शन : डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ के बाद एक्शन में आया भारत

# अमेरिका के लिए बंद की पोस्टल सर्विस

एजेंसी । नयी दिल्ली

भारतीय डाक विभाग ने 25 अगस्त से अमेरिका के लिए सभी डाक सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित करने का ऐलान किया है. सिवाय उन पत्रों/दस्तावेजों और उपहार वस्तुओं के जिनका मूल्य 100 अमेरिकी डॉलर तक है. संचार मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि डाक विभाग 25 अगस्त से संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सभी डाक सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर रहा है. क्योंकि, ट्रंप प्रशासन के नए सीमा शुल्क नियम इस महीने के अंत में लागू होने वाले हैं. मंत्रालय के मुताबिक डाक विभाग ने अमेरिकी प्रशासन द्वारा 30 जुलाई,

### यह नियम 25 अगस्त से लागू होगा



2025 को जारी कार्यकारी आदेश संख्या 14324 पर ध्यान दिया है, जिसके तहत 800 यूएस डॉलर तक के मूल्य के सामानों पर शुल्क-मुक्त न्यूनतम छूट 29 अगस्त, 2025 से वापस ले ली जाएगी. इसके परिणामस्वरूप अमेरिका जाने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय डाक वस्तुएं, चाहे उनका मूल्य कुछ भी हो, देश-विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) टैरिफ ढांचे के अनुसार सीमा शुल्क के अधीन होंगी. केवल 100 यूएस डॉलर तक की उपहार वाली वस्तुएं ही शुल्क मुक्त रहेंगी. आदेश के मुताबिक केवल अंतरराष्ट्रीय वाहक और अमेरिकी सीमा शुल्क की ओर से अनुमोदित अन्य योग्य पक्ष ही डाक शिपमेंट पर शुल्क वसूल और भुगतान कर सकते हैं. लेकिन, चूंकि इन पक्षों को मंजूरी देने और शुल्क वसूली की प्रक्रिया अभी स्पष्ट नहीं है. इसलिए एयरलाइन्स ने कहा है कि वे 25 अगस्त के बाद अमेरिका जाने वाले डाक पार्सल नहीं ले जा पाएंगी.

### ट्रंप बोले-इंटेल कंपनी 10% हिस्सेदारी बेचेगी

**वाशिंगटन** । राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि संकटग्रस्त सिलिकॉन वैली चिप निर्माता कंपनी इंटेल ने अमेरिकी सरकार को अपने कारोबार में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने पर सहमति जताई है. इसकी कीमत 8.9 अरब डॉलर है. यह 2008 के वित्तीय संकट के बाद ऑटो उद्योग को बचाने के बाद से किसी अमेरिकी कंपनी में सरकार के सबसे बड़े हस्तक्षेपों में से एक है. द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति ने यह घोषणा संवाददाता सम्मेलन में की.




शराब घोटाला

## आठवें आरोपी विधु गुप्ता को मिली जमानत अब तक आठ को राहत, 3 अब भी जेल में

शुभम संदेश। रांची



रांची. झारखंड में 77 करोड़ रुपये से अधिक के बहुचर्चित शराब घोटाले में गिरफ्तार प्रिज्म होलोग्राफी सिक्यूरिटी फिल्म्स के प्रबंध निदेशक विधु गुप्ता को शनिवार को एसीबी की विशेष अदालत से जमानत मिल गई. उन्हें भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 24 जुलाई को गिरफ्तार किया था. गुप्ता ने 31 जुलाई को जमानत याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें राहत दी.गौरतलब है कि इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए 11 आरोपियों में से 8 को जमानत मिल चुकी है, जबकि तीन अभी भी जेल में हैं. बताया जा रहा है कि चार्जशीट दाखिल नहीं होने के कारण आरोपियों को कानूनी राहत मिल रही है और जल्द ही शेष तीनों की भी रिहाई संभव है. जनमानस में चर्चा है कि जिस तेजी से झारखंड के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे की गिरफ्तारी की गई थी, उसके बाद 95 दिन से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद अभी तक किसी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं की गई है. यह सवाल उठ रहा है कि जांच एजेंसियों की गंभीरता पर अब संदेह किया जा रहा है.

गैरमजरुआ खास भूमि मामला: झारखंड हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची राज्य सरकार

# हाईकोर्ट की भूमि की खरीद-बिक्री पर लगी रोक हटाने के फैसले को राज्य सरकार ने दी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

शुभम संदेश। रांची

गैरमजरुआ खास भूमि की खरीद-बिक्री पर लगी सरकारी रोक हटाने के झारखंड हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. राज्य के भू-राजस्व एवं निबंधन विभाग की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर हाईकोर्ट के मई 2025 में दिए गए आदेश को चुनौती दी गई है.गौरतलब है कि झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की डबल बेंच ने उस अधिसूचना को रद्द कर दिया था, जिसके तहत राज्य सरकार ने केसरे हिंद, गैरमजरुआ आम व खास, वनभूमि, जंगल और अन्य विभागों के लिए अधिग्रहित सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी थी.
इस फैसले से राज्यभर के हजारों रैयतों को बड़ी राहत मिली थी, क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि अब उनकी जमीन की रसीद कटेगी और



वे वैध रूप से उसका क्रय-विक्रय कर सकेंगे. लेकिन अब राज्य सरकार के सुप्रीम कोर्ट जाने से उन उम्मीदों पर फिर से विराम लग गया है.

उल्लेखनीय है कि 26 अगस्त 2015 को भू-राजस्व एवं निबंधन विभाग के तत्कालीन सचिव केके सोन के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया था कि निबंधन अधिनियम 1908 की धारा 22(क) के तहत केसरे हिंद, गैरमजरुआ आम व खास, वन भूमि, जंगल आदि की खरीद-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाती है. हाईकोर्ट ने इस आदेश को अवैध ठहराते हुए निरस्त कर दिया था.
राज्यभर में इस फैसले का स्वागत किया गया था. झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स सहित कई संगठनों ने लंबे समय से इस रोक को हटाने की मांग की थी. वहीं, रांची की सीएनडीटीए कंपनी, जमशेदपुर की मेसर्स वीएसआरएस कंस्ट्रक्शन, गिरिडीह की भगवती देवी एवं वीरेंद्र नारायण देव और धनबाद के विनोद अग्रवाल ने इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी.इन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सरकार के आदेश को रद्द कर दिया था. अब सुप्रीम कोर्ट में मामला जाने के बाद गैरमजरुआ खास भूमि से जुड़े रैयतों को न्यायिक प्रक्रिया की अगली कड़ी का इंतजार रहेगा.

बाल-संवेदनशील पुलिसिंग के लिए 'चाइल्ड साइकोलॉजी एंड कम्युनिकेशन' पर प्रशिक्षण का आयोजन

# साइकोलॉजिस्ट डॉ. मधुमिता ने कहा- बच्चों से पूछताछ में क्यों जैसे प्रश्नों से बचना चाहिए

शुभम संदेश। रांची





रांची पुलिस विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से तथा सेंटर फॉर चाइल्ड राइट्स (सीसीआर), नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल), रांची के तकनीकी सहयोग से "चाइल्ड साइकोलॉजी एंड कम्युनिकेशन" विषय पर चाइल्ड वेल्फेयर पुलिस ऑफिसर्स (सीडब्ल्यूपीओ) फेज-2 ट्रेनिंग का सफल आयोजन किया गया. यह प्रशिक्षण यूसी झा हॉल, न्यू पुलिस सेंटर, रांची में आयोजित हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत नरेंद्र शर्मा (सीसीआर, एनयूएसआरएल) ने प्रशिक्षण की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों तथा प्रतिभागियों की भूमिका पर प्रकाश डाला. इसके बाद केवी रमन, नगर पुलिस उपाधीक्षक-सह -नोडल पदाधिकारी, एसजेपीयू ने बाल अधिकारों की सुरक्षा हेतु गोपनीयता, सम्मान, गैर-भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण और सहयोगी वातावरण जैसे सिद्धांतों को हमेशा ध्यान में रखे जाने पर जोर दिया. उन्होंने सभी बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारियों को बाल मनोविज्ञान को समझने और उसी अनुरूप बच्चों से व्यवहार करने पर जोर दिया.
प्रमुख सत्र का संचालन प्रसिद्ध क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. मधुमिता भट्टाचार्य ने किया. उन्होंने बाल मनोविज्ञान को समझने, बच्चों से व्यवहार करने की सही पद्धति, भावनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करने व बाल अपराध से जुड़े मामलों में सीडब्ल्यूपीओ की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने बताया कि किस प्रकार बच्चों का व्यवहार परिस्थितियों के अनुसार बदलता है. इस दौरान पॉक्सो पीड़ित बच्चों से आयु-उपयुक्त प्रश्न पूछने और संवाद के लिए सही तकनीकों को प्रस्तुत किया गया.
सत्र में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों (4–7 वर्ष, 8–12 वर्ष एवं 13–18 वर्ष) से बातचीत के उपयुक्त प्रश्नों के उदाहरण साझा किए गए. डॉ भट्टाचार्य ने जोर देकर कहा कि पूछताछ करते समय "क्यों" जैसे प्रश्नों से बचना चाहिए, क्योंकि इससे बच्चे को दोषी महसूस कराया जा सकता है. इसके स्थान पर तटस्थ प्रश्न और बाल-मित्रवत भाषा का प्रयोग आवश्यक है.
अभ्यासात्मक गतिविधियों के दौरान अधिकारियों को ड्रॉइंग एक्सरसाइज तथा एम्पैथी सर्कल जैसी तकनीकों से संवेदनशीलता का अनुभव कराया गया. प्रतिभागियों ने स्वयं अपने बचपन की स्मृतियां साझा कीं, जिससे यह समझ विकसित हुई कि बच्चों की स्थिति और मनोभावना को समझना क्यों आवश्यक है.

प्रशिक्षण के दूसरे हिस्से में श्री शाहिद इक़बाल, मनोवैज्ञानिक सामाजिक कार्यकर्ता ने "बच्चों से संवाद" विषय पर सत्र संचालित किया. उन्होंने विश्वास-निर्माण, आयु-उपयुक्त प्रश्न पूछने, सांस्कृतिक संवेदनशीलता तथा छोटे बच्चों (2–4 वर्ष) के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला. उन्होंने "लाइफ अऑप ए रिवर" जैसी गतिविधियों एवं समूह अभ्यासों के माध्यम से यह बताया कि बच्चों को कैसे देखा और समझा जाना चाहिए. इस दौरान बाल संरक्षण विशेषज्ञ, यूनिसेफ झारखंड गौरव ने समूह चर्चा का संचालन करते हुए सीडब्ल्यूपीओ द्वारा कार्य में आने वाली चुनौतियों एवं प्रभावी संचार के लिए रणनीतियों पर विचार विमर्श करते हुए अभ्यास सत्र में तकनीकी जानकारियां साझा की. डॉ. तबरेज आलम (सीसीआर, एनयूएसआरएल) ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रतिभागियों को बाल-अनुकूल पुलिसिंग को व्यवहार में उतारने हेतु प्रेरित किया.

आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन के 'उत्पादन हैंडबुक : ग्रामीण उत्पादन की प्रारंभिका' पुस्तक का विमोचन

## किसानों के सहकारी संगठनों के सहयोग से उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाया जा सकता

- विपणन की व्यवस्था नहीं सुधरी तो किसान खेती से दूर होते जाएगे : महेश पोद्दार

शुभम संदेश. रांची



झारखंड सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शनिवार को रांची के अमलतास बैंक्वेट हॉल में आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'उत्पादन हैंडबुकः ग्रामीण उत्पादन की प्रारंभिका' का विमोचन किया. विमोचन के दौरान झारखंड में कृषि की बहुआयामी चुनौतियों पर अतिथियों ने अपने विचार रखे. छोटी जोत, सिंचाई की स्थिति, तकनीकी जानकारी का अभाव, किसान सहकारी संगठन का अभाव, कमजोर मूल्य श्रृंखलाएं एक कुचक्र की तरह किसानों को घेरे हुए हैं. ऊपर से आसन्न जलवायु संकट को लेकर यदि समेकित प्रयास नहीं किए गए तो किसान टूट जाएंगे. वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि ग्रासरुट प्रसार, प्रयोग और किसानों के सहकारी संगठनों के सहयोग से उत्पादकता और उत्पादन बढ़ाया जा सकता है.

मुख्य अतिथि राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड हर क्षेत्र में विकास की पात्रता और अधिकार रखता है. हमारे राज्य में जमीन के ऊपर अतुल्य जल और जंगल है तो जमीन के नीचे 40% खनिज हैं. हम सुनिश्चित करते हैं कि झारखंड के किसान के कल्याण के लिए हम वित्त की कमी नहीं होने देंगे. पूर्व सांसद और उद्यमी महेश पोद्दार ने इस बात पर बल दिया कि कैसे कृषि का बाजार नेटवर्क सुधारा जाए. उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यदि विपणन की व्यवस्था नहीं सुधरी तो किसान खेती से दूर होते जाएंगे. आईसीएआर, प्लांडू के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. शिवेंद्र कुमार ने झारखंड में कृषि की तकनीकी चुनौतियों और समाधान पर अपना मत रखा. उन्होंने कहा कि हमें सोचना होगा कि आखिर क्यों सिक्किम का किसान उतनी भूमि से 21,000 रुपये कमाता है और झारखंड के किसान सिर्फ 6000 रुपये.

पुस्तक का संपादन कृषि जानकार पंकज कुमार और सौरभ पाठक ने किया है. संस्था के निदेशक कुमार देवाशीष ने बताया कि यह पुस्तक किसान संगठनों, उत्पादक समूहों और प्रसार कार्यकर्ताओं को निःशुल्क दी जाएगी. इस पुस्तक को उन्होंने आईएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन की उत्पादन, उद्यमिता और सहकार की कड़ी का दूसरा पुस्तक बताया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. कार्यक्रम में धीरेन्द्र कुमार, अयोध्यानाथ मिश्र, दीपांकर पांडा, अशोक कुमार, कैलाश कांडपाल, हलधर महतो ने विशेष रूप से भाग लिया. मंच सञ्चालन स्नेहा कुमारी ने और धन्यवाद ज्ञापन आशीष बर्मन ने किया.

तेजस्वी यादव पर एफआईआर करना कायरतापूर्ण

## नरेंद्र मोदी व नीतीश कुमार बिहार में सुई का कारखाना भी नहीं लगा पाए : कैलाश यादव



शुभम संदेश। रांची

प्रदेश राजद कार्यालय में आज राजद नेता कैलाश यादव और अन्य नेताओं ने एक बैठक आयोजित की और तेजस्वी यादव के पोस्ट पर एफआईआर करने वाले भाजपा नेताओं की कड़ी निंदा की. प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं ने जानबूझकर तेजस्वी यादव की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया है. कैलाश यादव ने कहा, ₹तेजस्वी यादव बिहार के सबसे जनप्रिय और देश के सर्वोत्तम लोकप्रिय युवा नेता हैं. उन्होंने हमेशा बिहार की जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है. बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं और महिला सुरक्षा के मुद्दे पर उनकी आवाज हमेशा मजबूत रही है.₹
उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बिहार दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार चुनावी भाषण दिए और विपक्ष को नीचा दिखाने का प्रयास किया. कैलाश यादव ने कहा, ₹प्रधानमंत्री मोदी ने मोतिहारी में किए गए वादों को याद करते हुए कहा था कि अगली बार वह मोतिहारी आकर चीनी मिल से चाय पिएंगे और 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे, लेकिन आज तक उन वादों का कोई असर नहीं हुआ.₹
प्रदेश राजद प्रवक्ता ने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव के पोस्ट का प्रदेश राजद समर्थन करता है, क्योंकि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में नया उद्योग स्थापित करने के बजाय पुराने उद्योगों को बंद कर दिया. ₹भाजपा को अब बड़का झूठा पार्टी और भारत जलाओ पार्टी करार देते हुए कैलाश यादव ने कहा कि भाजपा की कार्यशैली और डबल इंजन सरकार के खिलाफ कई मुद्दों का खुलासा जल्द किया जाएगा. कैलाश यादव ने यह भी याद दिलाया कि महागठबंधन सरकार के दौरान तेजस्वी यादव ने 17 महीने में 5 लाख नौकरियां दी थीं और सीतामढ़ी रीगा चीनी मिल को भी फिर से शुरू कराया था. बैठक में सुनीता चौधरी, विश्वनाथ राम, घूरा राजेश रौशन, रामकुमार यादव, सुधीर गोप समेत अन्य नेता भी मौजूद थे.

दीपावली पर मिल सकता है घर का तोहफा

## आवास बोर्ड दो महीने में करेगा 1000 से अधिक फ्लैट और प्लॉट का आवंटन

शुभम संदेश। रांची



झारखंड राज्य आवास बोर्ड इस दीपावली पर राज्यवासियों को बड़ा तोहफा देने की तैयारी में है। बोर्ड आगामी दो महीनों में 1000 से अधिक तैयार फ्लैट और जमीनों का आवंटन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से करेगा. रांची के बाद हजारीबाग, धनबाद और जमशेदपुर समेत अन्य शहरी क्षेत्रों में भी यह प्रक्रिया शुरू की जाएगी. आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने जानकारी दी कि लॉटरी प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी होगी और विभिन्न आय वर्गों को ध्यान में रखते हुए आवंटन किया जाएगा. इसे दीपावली उपहार के रूप में माना जा सकता है. उन्होंने कहा कि बोर्ड के पास लंबे समय से बड़ी संख्या में आवास बन कर तैयार हैं, जिसे बारी-बारी से लोगों को लॉटरी के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ आवंटित किया जा रहा है

**रांची और देवघर में बनेंगी अत्याधुनिक हाउसिंग कॉलोनिः** रांची के धुर्वा में पुराने विधानसभा भवन के पास आवास बोर्ड एक आधुनिक आवासीय कॉलोनी का निर्माण कर रहा है, जिसमें 1000 से 4500 वर्ग फीट तक की जमीन उपलब्ध कराई जाएगी. इसमें ईडब्ल्यूएस, एमआईजी और एचआईजी श्रेणियों के लिए विकल्प होंगे.

देवघर में भी नई हाउसिंग कॉलोनी की डीपीआर अंतिम चरण में है. बोर्ड अध्यक्ष के नेतृत्व में टीम वहां स्थलीय निरीक्षण करने वाली है. दुमका में भी आवासीय सुविधा देने की योजना पर काम जारी है.आवास बोर्ड की यह पहल राज्य के शहरी क्षेत्रों में लोगों को सस्ते और सुविधाजनक घर उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है.

### घर-घर तक पहुंचाना है कांग्रेस की विचारधारा को : रवि मिश्रा

**रांची/खूंटी।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने शनिवार से ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी के सत्यापन और नियुक्ति पत्र प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है. इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर भी उपस्थित थे.उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और दी गई जिम्मेदारी को बखूबी निभाने एवं संगठन को मजबूती देने पर बल दिया. जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शहीदों की पार्टी है और कांग्रेस की विचारधारा को हम सभी को मिलकर घर-घर तक पहुंचाना है.मौके पर प्रदेश आदिवासी कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विल्सन तोपनो, प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, प्रखंड अध्यक्ष मरियर्म आइंद, मंडल अध्यक्ष निर्मल उरांव, सुनील मुंडा की उपस्थिति में बिरहू पंचायत, गुटजोरा, मुरही और फूदी पंचायत में नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया गया. साथ ही पंचायत स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का निर्देश दिया गया.

एक नजर

### झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू 26 अगस्त को पांच दिवसीय दौरे पर आएंगे रांची

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू पांच दिवसीय दौरे पर 26 अगस्त को रांची पहुंचेंगे. यह जानकारी शनिवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने दी.सांति ने बताया कि के. राजू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश 26 अगस्त को रांची के चटवल और लोहरदगा के कुडू प्रखंड के ककरगढ, सुंदरू पंचायत में कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लेंगे.इसके बाद दोनों नेता 27 अगस्त को पुराना विधानसभा भवन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के चयन के लिए नियुक्त पीसीसी पर्यवेक्षकों और जिला अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे. कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांतिने बताया कि इसके अलावा दोनों नेता 28 अगस्त को गुमला जिला के सिसई प्रखंड के भदौली, भरनो प्रखंड के तुरीअम्बा और उटारी, 29 अगस्त को रांची के नामकुम प्रखंड के रामपुर, खूंटी प्रखंड के मुरहू पंचायत में कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लेंगे.



### जेबीवीएनएल में भर्ती के लिए 10 सालों से इंतजार कर रहे अभ्यर्थी, एक्स पर वैकेंसी घोषित करने को लेकर कैंपेन

**रांची।** झारखंड में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के हजारों अभ्यर्थी पिछले एक दशक से झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) में नियुक्तियों का इंतजार कर रहे हैं. नियुक्तियों की मांग को लेकर अभ्यर्थी कई बार मुख्यमंत्री आवास, जेबीवीएनएल के प्रबंध निदेशक, मुख्यमंत्री के आप्त सचिव अविनाश कुमार, साथ ही राज्य के विभिन्न मंत्रियों और विधायकों से मिलकर अपनी बात रख चुके हैं. बावजूद इसके, सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है.लगातार अनदेखी और लंबे इंतजार से निराश होकर आज राज्य भर के इंजीनियरिंग अभ्यर्थी सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एकजुट हुए हैं. सभी अभ्यर्थी #रीलिज_जेबीवीएनएल_एई_जेई_वेकेंसी हैशटैग के साथ सरकार से शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर रहे हैं.

कांग्रेस सेवा दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ: सेवा, त्याग और संविधान रक्षा का लिया संकल्प

# कांग्रेस सेवा दल सिर्फ संगठन नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या और बलिदान की परंपरा का प्रतीक : केशव कमलेश

शुभम संदेश. रांची



झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार को रांची के नामकुम बगीचा में प्रारंभ हुआ. शिविर का उद्घाटन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने संयुक्त रूप से किया. इस अवसर पर कांग्रेस नेता सतीश पॉल मुंजनी भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा दल की कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति कुजूर ने की और संचालन संजय रावत ने किया.

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस सेवा दल सिर्फ संगठन नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या और बलिदान की परंपरा का प्रतीक है. उन्होंने इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के उदाहरणों से कांग्रेस की सेवा भावना को रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि सेवा दल के कार्यकर्ता देशभक्ति, अनुशासन, सामाजिक सेवा और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे.

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि कांग्रेस सेवा दल समाज को जोड़ने का कार्य करता है, जबकि अन्य कुछ संगठन समाज में विभाजन की राजनीति करते हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति हर वर्ग की भलाई पर केंद्रित है और आज की गठबंधन सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है.

कांग्रेस नेता सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि सेवा दल स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक संघर्ष और बलिदान का प्रतीक रहा है. आज जब संविधान और लोकतंत्र पर खतरा मंडरा रहा है, तब सेवा दल के कार्यकर्ता संविधान की रक्षा में ढाल बनकर खड़े होंगे.

शिविर में देवेंद्र शर्मा, पवन चौधरी, डॉ. अनिल, फादर टॉम कबीला, तारामणि साहू सहित राज्यभर से आए स्वयंसेवकों ने भाग लिया और समाज व राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया. शिविर का मूल मंत्र रहा – "सेवा, त्याग और बलिदान; संविधान और लोकतंत्र की रक्षा ही हमारी पहचान.

पदमश्री डॉ. रामदयाल मुंडा की जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा

## 'नाची से बांची' को जीवन का मंत्र बनाकर झारखंड को दिलाई वैश्विक पहचान

शुभम संदेश। रांची



पदमश्री पूर्व सांसद व झारखंड की सांस्कृतिक पहचान माने जाने वाले डॉ. रामदयाल मुंडा की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई. इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में कांग्रेसजनों ने डॉ. मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. सभी ने उन्हें झारखंड की सांस्कृतिक विभूति बताते हुए उनके योगदान को याद किया.

सभा को संबोधित करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि "नाची से बांची" को जीवन का मूल मंत्र मानने वाले डॉ. मुंडा ने झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई. वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, लोकसंस्कृति के पुरोधा और समाज, शिक्षा, कला व राजनीति के प्रति समर्पित चिंतक थे. उन्होंने कहा कि डॉ. मुंडा ने रांची विश्वविद्यालय में जनजातीय भाषा विभाग का नेतृत्व करते हुए स्थानीय भाषाओं और संस्कृति को देश-विदेश में पहचान दिलाई. अमेरिका के विश्वविद्यालय में कार्यरत होने के बावजूद वे झारखंड लौटे और रांची विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति एवं कुलपति पद की जिम्मेदारी निभाई. उनकी विद्वता और सहज व्यक्तित्व को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय सलाहकार परिषद में भी स्थान मिला, जहां उन्होंने सोनिया गांधी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.



तलाक की अफवाहों के बीच एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए गोविंदा

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, रविवार 24 अगस्त 2025 | भद्रपद शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, संवत 2082 | रांची एवं पटना से प्रकाशित | वर्ष : 3, अंक : 137 | मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12



पेज 07



## इस सड़क पर नाव चलाएं या तैर कर जाएं

- गया पुल के नीचे भारी जलजमाव से लगा जाम
- टोटो और आटो फंसे, बाइक सवारों को काफी हुई परेशानी
- वाहनों की लंबी कतार, घंटों तक फंसे रहे वाहन

**शुभम संदेश। धनबाद**

शनिवार को बारिश के बाद गया पुल के नीचे भारी जलजमाव के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. इस सड़क पर लंबा जाम लग गया. शहर के व्यस्त इलाके में पानी भरने और जाम के कारण वाहनों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई और लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ा. जलजमाव की समस्या इतनी गंभीर थी कि मोटरसाइकिल सवारों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा. रिक्शा और ऑटो रिक्शा पानी के बीच फंसे गए. लोगों ने कहा कि यहां पर अक्सर वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है. बावजूद कोई उपाय नहीं किए जा रहे हैं.

## थाना प्रभारी का अकाउंट हैक उपमुखिया से 40 हजार की ठगी

**शुभम संदेश। कसमार (बोकारो)**

कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो का फेसबुक अकाउंट हैक कर साइबर ठगों ने बगदा के उपमुखिया वीरेंद्र करमाली से 40,000 रुपये की ठगी की है. ठगों ने कम कीमत पर महंगा फर्नीचर बेचने का लालच देकर इस वारदात को अंजाम दिया. उपमुखिया वीरेंद्र करमाली ने बताया कि गुरुवार शाम उन्हें कसमार थाना प्रभारी की तस्वीर वाले फेसबुक अकाउंट से एक चैट आया. इसके बाद, उसी तस्वीर के साथ एक व्हाट्सएप कॉल आया, जिसका नंबर 9001759573 था. कॉल करने वाले ने खुद को थाना प्रभारी का सीआरपीएफ अधिकारी मित्र संतोष कुमार बताया और कहा कि ट्रांसफर की वजह से वह अपना पुराना सोफा सेट, डबल-डोर फ्रिज, डाइनिंग टेबल, वॉशिंग मशीन, टीवी और अन्य सामान 80,000 रुपया में बेचना चाहते हैं. ठग ने वीरेंद्र से 40,000 रुपया एडवांस भेजने को कहा और आश्वासन दिया कि सामान सीआरपीएफ के ट्रक से बगदा गांव भेज दिया जाएगा. उपमुखिया ने लालच में आकर गुरुवार शाम को दो बार में 10,000-10,000 रुपये और शुक्रवार सुबह फिर से 10,000-10,000 रुपये करके कुल 40,000 रुपये ठग के फोनपे नंबर पर भेज दिए. राशि भेजने के बाद, ठगों ने अपना फोन बंद कर दिया. उपमुखिया ने कई बार कॉल करने की कोशिश की, लेकिन फोन लगातार स्विच ऑफ मिला.

### सदर अस्पताल में आज

| | |
|---|---|
| **गायनी इमर्जेंसी** | |
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | डॉ. रुमा प्रसाद |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | डॉ. अंजना कुमारी |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | डॉ. रुमा प्रसाद |
| **जेनरल इमर्जेंसी** | |
| सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक | डॉ. शीला |
| दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक | डॉ. पीपी पांडेय |
| रात 9 बजे से सुबह 9 बजे तक | डॉ. मंगेश |

### ब्रीफ खबरें

#### अजरबैजान से रांची लाया गया मयंक सिंह उर्फ सुनील सिंह मीणा

**रांची।** झारखंड में अपराध की दुनिया से जुड़ा एक बड़ा नाम मयंक सिंह उर्फ सुनील सिंह मीणा को शनिवार सुबह अजरबैजान से प्रत्यर्पण के बाद रांची लाया गया. लॉरेंस विश्नोई और दिवंगत अमन साहू जैसे कुख्यात अपराधियों के नेटवर्क से जुड़े मयंक को झारखंड एटीएस की टीम ने कड़ी सुरक्षा के बीच बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उतारा. इसके बाद उसे सीधे एटीएस मुख्यालय ले जाकर पूछताछ की गई. कानूनी प्रक्रिया के तहत उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड की मांग की जाएगी. झारखंड एटीएस के अनुसार, मयंक सिंह के विरुद्ध रामगढ़ और पतरातू (भदानीनगर) थानों में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं.

#### दुष्कर्म के आरोप में फतेहपुर थाना का एएसआई गिरफ्तार

**जामताड़ा।** जामताड़ा के फतेहपुर थाना के एएसआई विरंची प्रसाद भोक्ता को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है. उसके खिलाफ एक आदिवासी विधवा महिला ने जबरन घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है. घटना बुधवार रात की है. महिला ने बताया है कि आरोपी उनके घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुसा था. विरोध करने पर उसने मुंह दबाया और मारपीट की. पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी. फतेहपुर थाना प्रभारी कुंदन वर्मा ने बताया कि आरोपी एएसआई के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है.

#### शिक्षक इंद्रदेव का निधन

**गोविंदपुर।** शनिवार को गोविंदपुर प्रखंड के यादवपुर मध्य विद्यालय के अवकाशप्राप्त शिक्षक इंद्रदेव शर्मा (75 वर्ष) का निधन हो गया। वह धनबाद के वरीय अधिवक्ता के.डी. शर्मा के बड़े भाई थे। उन्होंने अपने पीछे भतीजे जमशेदपुर कोर्ट के सिविल जज धर्मेंद्र कुमार, पत्नी लक्ष्मी शर्मा, पुत्र कर्माटांड़ उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेंद्र किशोर, पुत्रवधू गिरिडीह में शिक्षिका रंजना राय सहित परिवार छोड़ा है। उनके निधन की खबर सुनकर बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे और संवेदना व्यक्त की। शोक जताने वालों में प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, मुखिया श्यामापद मंडल, बीईईओ विनोद कुमार पांडेय, भाजपा नेता बलदेव महतो आदि शामिल थे।

## नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान चलेगा

### बैरियर तोड़कर अवैध कट बनाने वालों पर की जाएगी एफआईआर

- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई बड़े निर्णय

**शुभम संदेश। धनबाद**

जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दो पहिया वाहन चालकों के लिए ₹नो हेलमेट नो पेट्रोल₹ अभियान चलाया जाएगा. साथ ही बैरियर तोड़कर अवैध कट बनाने वालों पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी. एनएच पर घर निर्माण करने वालों को माडा से नक्शा पास करते समय एनएच से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा. यह निर्णय शनिवार उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया.

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से जुलाई 2025 तक जिले में 236 सड़क दुर्घटना हुई है.135 दुर्घटना के घातक परिणाम आए हैं. जबकि 76 दुर्घटना में लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं. इसमें 102 दुर्घटना ओवर स्पीड के कारण, 19 रॉन्ग साइड में वाहन चलाने, 21 ओवरटेकिंग, 54 अंधेरे के कारण, 8 ड्रिंक एंड ड्राइव, 8 नाबालिग द्वारा वाहन चलाने के कारण, 14 वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने के कारण व 10 दुर्घटना अन्य कारणों से हुई है. इस पर समिति ने गहरी चिंता व्यक्त की तथा दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में कदम उठाने का निर्णय लिया गया.

**इनकी रही मौजूदगी :** बैठक में सांसद धनबाद ढुलू महतो, विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, विधायक धनबाद राज सिन्हा, विधायक निरसा अरूप चटर्जी, विधायक सिंदरी चंद्रदेव महतो, उपायुक्त आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह के अलावा पथ निर्माण विभाग, पूर्व मध्य रेलवे, एमपीएल, पीएचईडी, ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे.



#### सोनारडीह में ओवर ब्रिज बनाई जाए : ढुलू महतो

बैठक में सांसद ढुलू महतो ने सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं पर अंकुश लगाने, गया पुल अंडर पास का चौड़ीकरण, वर्तमान अंडरपास की मरम्मत, सोनारडीह में ओवर ब्रिज बनाने का अनुरोध किया.

#### मानटांड़ से तोपचांची में शुरू हो सर्विस लेन : मथुरा महतो

विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो ने नाबालिग वाहन चालकों पर कार्रवाई करने, बरवाअड्डा से धनबाद तथा आमाघाटा बैंक ऑफ़ इंडिया के पास जल जमाव दूर करने, मानटांड़ से तोपचांची मार्ग पर सर्विस लेन शुरू करने, अशर्फी अस्पताल के पास अतिक्रमण हटाने तथा अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाने, तेतुलमारी राजगंज गया पुल की मरम्मत करने का आग्रह किया.

#### केंदुआ बाजार से हटे अतिक्रमण : राज सिन्हा

विधायक धनबाद राज सिन्हा ने ओवर स्पीड पर अंकुश लगाने, बैंक मोड़ एवं बिग बाजार के पास व्यवस्थित वाहन पार्किंग सुनिश्चित कराने, भूली के पास फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराने, केंदुआ बाजार में अतिक्रमण हटाने, एफसीआई गोदाम के पास लेवल क्रॉसिंग की मरम्मत कराने तथा पुराना बाजार के पास बंद तेल डिपो की खाली भूमि को विकसित करने का अनुरोध किया.

#### एनएच से जल जमाव दूर करें : अरूप चटर्जी

विधायक निरसा अरुप चटर्जी ने एनएच के विभिन्न स्थानों पर से जल जमाव को दूर करने, बलियापुर बारामुड़ी सड़क पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करने, डी-नोबिली स्कूल मुगमा, कुमारधुबी ब्रिज एवं मैथन बीएसके कॉलेज के आसपास से अतिक्रमण हटाने, एमपीएल सड़क पर दुर्घटना रोकने के लिए सुरक्षा का पर्याप्त बंदोबस्त करने तथा नाबालिग द्वारा हाइवा व भारी वाहन चलाने वालों पर अंकुश लगाने का अनुरोध किया.

#### गोल बिल्डिंग से बलियापुर सड़क पर बने नाली : चंद्रदेव महतो

विधायक सिंदरी चंद्रदेव महतो ने कर्माटांड़ सर्विस लेन से अतिक्रमण दूर करने, बरवाअड्डा टुंडी सड़क के पकौड़ी मोड़ के सर्विस लेन में नाली का निर्माण करने का अनुरोध किया. उन्होंने कहा कि गोल बिल्डिंग से बलियापुर की ओर जाने वाली सड़क पर सड़क के साथ नाली बनाई गई है. इसके कारण आए दिन वाहन दुर्घटना हो रही है। उन्होंने नाली को ढंकने का अनुरोध किया. बैठक में संत निरंकारी चौक, सिंबायोसिस स्कूल, गोविंदपुर चौक व निरसा चौक के पास बैरिकेडिंग करने, वन विभाग, पथ निर्माण विभाग, एनएच, गैस अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड, जेबीवीएनएल, पीएचईडी के रखे अनुपयोगी सामान हटाने, ब्लैक स्पॉट, सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं, सड़क पर यात्री शेड जिसका उपयोग नहीं हो रहा है और जो जर्जर हो चुके हैं उसे हटाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई.

## चिरकुंडा नगर परिषद ने डीसी से मांगी एक एकड़ जमीन

**एक्सक्लूसिव**

**अमित सिन्हा**

**धनबाद।** चिरकुण्डा नगर परिषद ने धनबाद के उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत 'भागीदारी में किफायती आवास' निर्माण के लिए पूर्व में हस्तांतरित एक एकड़ भूमि को पुनः हस्तांतरित करने की मांग की है.

#### पीएम आवास (शहरी) 2.0

यह भूमि मौजा चपड़ा, थाना संख्या 235, खाता संख्या 63, प्लॉट संख्या 187 में स्थित है, जो गैर आबाद (पुरातन पतीत) है. चिरकुण्डा नगर परिषद के प्रशासक के अनुसार उक्त जमीन पर किफायती आवास बनाए जाएंगे. पीएम आवास योजना 2.0 के तहत आवास बनाने के लिए प्रशासक ने डीसी को पत्र लिखा है और जमीन की मांग की है.

#### पूर्व में भी मिली थी जमीन, नहीं हुआ उपयोग

उक्त भूमि पहले प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक II के लिए हस्तांतरित की गई थी. हालांकि, किन्हीं कारणों से योजना को समय पर विभागीय स्वीकृति नहीं मिल सकी, जिसके चलते पिछले तीन वर्षों से इस भूमि का उपयोग नहीं हुआ. हस्तांतरण की शर्तों में स्पष्ट था कि यदि छह महीने में कार्य शुरू नहीं हुआ और 12 महीने में भूमि का उपयोग नहीं हुआ, तो यह स्वतः राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को वापस हो जाएगी. वर्तमान में भारत सरकार द्वारा लागू पीएम आवास (शहरी) 2.0 के तहत किफायती आवास निर्माण की योजना है. इसके लिए विभाग ने पुनः भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. नगर परिषद ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि उक्त भूमि को नई योजना के तहत हस्तांतरित किया जाए ताकि क्षेत्र में किफायती आवास का निर्माण शुरू हो सके. यह कदम चिरकुण्डा के नागरिकों के लिए किफायती आवास की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा.

## रजिस्ट्री से पहले रैयतों को मिले मुआवजा

### खनन टास्क फोर्स की बैठक में बोले डीसी

- बंद खदनों के मुहानों की मजबूती से करें भराई : एसएसपी
- ब्लास्टिंग प्रोटोकॉल व माइंस सेफ्टी प्लान का अक्षरशः पालन करने का निर्देश

**शुभम संदेश। धनबाद**

उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को न्यू टाउन हॉल में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई. बैठक के दौरान उपायुक्त ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) को खनन के लिए नियमानुसार लैंड ट्रांसफर करने तथा रैयतों को जमीन की रजिस्ट्री से पहले मुआवजा देने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने बीसीसीएल को खनन क्षेत्र में बने जलाशयों को विकसित करने और आसपास के लोगों के लिए सकारात्मक कार्य करने का सुझाव दिया. उपायुक्त ने कहा कि खनन टास्क फोर्स की हर बैठक में जल संरक्षण, पौधारोपण सहित सस्टेनेबल माइनिंग के लिए बीसीसीएल द्वारा की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी. उन्होंने खनन के दौरान ब्लास्टिंग प्रोटोकॉल एवं माइंस सेफ्टी प्लान का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया. बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बंद खदानों के मुहानों की मजबूती से भराई करने का निर्देश दिया. साथ-साथ ओवर बर्डन गिराने एवं परियोजना तक सड़क बनाते समय माइनिंग प्लान का पालन करने, ब्लास्टिंग का समय निर्धारित करने तथा आसपास के बस्ती वालों को इसकी सूचना देने का निर्देश दिया. वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारी को कोयला चोरी, अवैध खनन या परियोजना से जुड़े मामले की शिकायतों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया. बैठक में जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने इस वर्ष जनवरी से जुलाई तक कोयला के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई से अवगत कराया.

#### गोविंदपुर में दो पक्ष भिड़े

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के झिलुवा गांव में जमीन विवाद को लेकर राजकिशोर गोप और उनके परिजनों पर जानलेवा हमला हुआ। हमले में राजकिशोर गोप गंभीर रूप से घायल हो गए और शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों—सुनील गोप, रेवतलाल गोप और अबोध गोप—का इलाज उसी अस्पताल में चल रहा है।श्याम सुंदर गोप के आवेदन पर गोविंदपुर पुलिस ने मंटू गोप, सीताराम गोप, बाबूलाल गोप, ताराचंद गोप, मिथुन गोप, सपन गोप, सोहन गोप, मोहन गोप, नीता कुमारी और आशा देवी के खिलाफ जानलेवा हमला और छेड़खानी का मामला दर्ज किया है। पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए बाबूलाल गोप, ताराचंद गोप और मिथुन गोप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।वहीं, ताराचंद गोप के आवेदन पर दूसरे पक्ष के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है, और करण गोप को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**सम्मान समारोह**

### धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के कार्यक्रम में बोले सीएमडी

## संघ को कार्यपद्धति ने शून्य से शिखर तक पहुंचाया

**शुभम संदेश। धनबाद**



धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (बीएमएस) कार्यालय विश्वकर्मा भवन पुलिस लाइन धनबाद में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य रूप से बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता, निदेशक (तकनीकी) योजना एवं परियोजना मनोज कुमार अग्रवाल, निदेशक (तकनीकी) ओ.पी. संजय सिंह, निदेशक (मा.सं.) मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (वित) राकेश कुमार सहाय उपस्थित रहे. सम्मान समारोह का संचालन संघ के महामंत्री उमेश कुमार सिंह एवं अध्यक्षता मुरारी तांती द्वारा किया गया.संघ के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सभी निदेशक मंडल बीसीसीएल का स्वागत किया गया. सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने कहा कि सभी क्षेत्रों में महाप्रबंधक एवं उनकी पूरी टीम को सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुये उत्पादन, डिस्पैच की गुणवत्ता को सुचारू रूप से रखने के लिए निर्देश दिये गये हैं. भारतीय मजदूर संघ की कार्यपद्धति सचमुच अन्य श्रम संगठनों से अलग है. इस कारण यह संगठन शून्य से शिखर तक पहुँचा है. उन्होंने कहा कि प्रबंधन की टीम मुख्यालय में लम्बित उम्र विवाद, नियोजन, औद्योगिक संबंधित सभी समस्याओं को निष्पादन कर रही है. मौके पर केके सिंह मंत्री अभाखमसंघ, धर्मजीत चौधरी मंत्री भामसंघ धनबाद जिला सह महामंत्री भनि एवं अन्य सन्निर्माण कामगार यूनियन भामसंघ झारखण्ड प्रदेश, माधव सिंह कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी बीसीसीएल,ईसीएल और सीएमपीफ, प्रभात रंजन मंत्री भामसंघ झा. प्रदेश, ओम कुमार सिंह कार्यसमिति सदस्य भामसंघ झा. प्रदेश सह सीपीआरएमएस-एनई सदस्य कोल इण्डिया मौजूद रहे. वहीं धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मंतोष तिवारी, अरिंजय श्रीवास्तव, एसके मिश्रा, संयुक्त महामंत्री भौमिक महतो, मंत्री संजीव सिंह, राजलाल यादव, लोकेश कुमार सिंह, संत कुमार चौहान, लालमोहन दास, संगठन मंत्री सुशील कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष प्रशान्त नियोगी, सह कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार पान्डेय, कार्यालय मंत्री अनिल कुमार, कार्यसमिति सदस्य कृष्ण कन्हैया सिंह, गंगा सागर राय सदस्य कल्याण समिति सदस्य भा. को. को. लि., सुर्यनाथ सिंह के साथ-साथ बीसीसीएल के समस्त क्षेत्रों के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं सचिव देवनाथ चौहान, नन्दु राम दुसाध, अजय कुमार सिंह, रामजीत महतो, कुन्दन कुमार चौहान, सत्यनारायण यादव, तारकेशवर सिंह, विश्वानन्द झा, कालीपद महतो, ओम प्रकाश ओझा, प्रकाश वाउरी, चंदन कुमार सिंह, अवधेश प्रसाद, समीर नियोगी, ठाकुर प्रसाद महतो, रंजीत कुमार महतो, महेश ताती, संतोष कुमार सिंह, राजेश मंडल उज्जवल कुमार डे, विजय कुमार यादव आदि संघ के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे. उक्त जानकारी उमेश कुमार सिंह महामंत्री सह सुरक्षा बोर्ड सदस्य कोल इण्डिया एवं एपेक्स सुरक्षा सामिति सदस्य ने दी है.

## बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन धराए

**शुभम संदेश। धनबाद**

धनबाद पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को दबोचा है, साथ ही तीन बाइक को जब्त किया है. यह गिरोह चोरी के बाइक को मोडिफाई कर देते थे या फिर कटवा कर बेच देते हैं. पुलिस गिरोह के बारे में और जानकारी इकट्ठा कर रही है. पुलिस ने गिरोह के राज कुमार राउत निवासी भगतडीत परसाटांड बस्ती, मो. असलम निवासी चंद्रपुरा जिला बोकारो और मो. इरफान थाना नावाडीह जिला बोकारो को दबोचा गया है. पुलिस ने बताया कि धनसार थाना सुरेश सिंह की बाइक 20 अगस्त को घर के दरवाजे से चोरी हो गई थी. फिर जनमाष्टमी के दिन टाटा मोटर्स के पास से एक स्पलेंडर प्लस मोटरसाईकिल चोरी हुई थी.तब थाना स्तर से एक टीम गठित की गयी और छानबीन शुरू की गई.आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज की छानबीन में एक सफेद ब्लू टी शर्ट पहना हुआ एक लडका गाड़ी चोरी करते हुए दिखाई दे रहा था. उक्त युवक के बारे में छानबीन के क्रम में पता चला कि राजा राउत उर्फ राजकुमार राउत, गतडीह झरीया का रहने वाला है, वो हाल ही में जेल से निकला है. उसके खिलाफ विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं. तब उसे छापेमारी कर दबोचा गया.

उसने अपने सहयोगी मो. असलम की जानकारी दी. असलम के पास से चंद्रपुरा से चोरी गयी होंडा शाइन मोटरसाईकिल बरामद की गई.

## आवास का ताला तोड़कर नगद सहित लाखों की चोरी



**शुभम संदेश। महुदा**

भाटडीह ओपी क्षेत्र के तेतुलिया बस्ती स्थित इंजामुल हक अंसारी के बंद घर से शुक्रवार की देर रात अपराधियों ने ताला तोड़कर 20 हजार का जेवरात सहित अन्य सामान ले गये. सुबह जब आसपास के लोगों ने घर का ताला टूटा हुआ देखा तो फोन कर इंजामुल हक अंसारी को सूचना दी. सूचना पाकर उसकी पत्नी रेशमा खातुन मायके से अपने घर पहुंची. जांच करने पर पता चला कि अलमीरा का तिजोरी तोड़कर कान का बाली, चांदी का माला तथा नये कपड़े व बर्तन आदि चोर ले गये. पत्नी ने बतायी कि पति बाहर मुम्बई में काम करता है, इसलिए व मायके में ही रहती है. कभी कभार ही यहाँ आती है. घटना की सूचना भाटडीह ओपी को दी गयी. सूचना पाकर ओपी पुलिस तेतुलिया बस्ती पहुंची और जांच पड़ताल शुरू किया. बेलाखोंदा में मंटु मिश्रा के राशन दुकान में भी चोरी करने का प्रयास किया परंतु घर के लोग जाग जाने से अपराधी फरार हो गये. इस संबंध में ओपी प्रभारी अनुप कुमार ने बताया कि जांच पड़ताल जारी है. जल्द ही अपराधी पकड़े जायेंगे.

# जेकेआरआर स्कूल की चहारदिवारी गिरी

## 1948 में हुई थी स्कूल की स्थापना, स्कूल के सारे कमरे जर्जर

**शुभम संदेश। चिरकुंडा**



राजकीयकृत जेकेआरआर इंटर विद्यालय चिरकुंडा का चहारदिवारी लगातार वर्षा होने के कारण शुक्रवार की रात्रि गिर गया. साथ ही विद्यालय में कमरे की छत से पानी टपकने से विद्यालय के नये बेंच व डेस्क खराब हो गये. अभिभावकों ने बताया कि मेंटेनेंस के लिए साठ लाख रुपए आया था.

बारह महीने भी नहीं हुआ कि बाऊंड्रीवॉल गिर गई और कमरे में भी पानी टपकता है. नागरिकों ने बताया कि रात के समय चहारदिवारी गिरने की घटना हुई. विद्यालय के समय में यदि यह घटना होती तो नुकसन बड़ा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है. विद्यालय में 1200 छात्र अध्यनरत हैं. लोगों ने संवेदक पर आरोप लगाया. लोगों ने कहा कि संवेदक ने काम ठीक ढंग से नहीं किया है. जिसका नतीजा बाउंड्री वाल का गिरना एवं कमरे में पानी का टपकना है. अब छात्र कैसे पढ़ाई करेंगे. वहीं स्कूल के प्राचार्य किशोर कुमार मिश्रा ने कहा कि संवेदक को बार-बार कहा गया कि काम बिल्कुल सही होना चाहिए लेकिन सही काम नहीं हुआ।. बताते चलें कि इस विधालय का स्थापना 1948 में हुआ था. सभी कमरे की छतें टपकती हैं.

## न्यूज अपडेट

### भादो अमावस्या के उपलक्ष्य में मंगलपाठ



**चिरकुंडा (शुभम संदेश)।** भादो अमावस्या के उपलक्ष्य में शनिवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति चिरकुंडा शाखा एवं लाडो नारायणी परिवार द्वारा अग्रसेन भवन चिरकुंडा में मंगल पाठ का आयोजन किया गया. रानी सती दादी जी के दरबार को भव्य रूप से सजाया गया. साथ ही आलौकिक श्रृंगार के साथ छप्पन भोग लगाया गया. मंगल पाठ में 301 महिला राजस्थानी वेशभूषा में शामिल हुईं व मंगलपाठ की. कोलकाता से आई पाठ वाचिका स्वीटी पटवारी ने कितना प्यारा है सिंगार,कि तेरी लेऊ न नज़र उतार, किसने सजाया है तुझको, कितना है तेरा श्रृंगार गाकर मंगल पाठ करने वालों को झूमने पर मजबूर कर दिया. मंगल पाठ में मीरा निगानिया, ललिता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल,मंजु अग्रवाल,किरण अग्रवाल, नेहा, संगीता,रिंकी गाडिया आदि श्रद्धालु उपस्थित थे.

### मोदीडीह में बिजली-पानी नहीं, विरोध-प्रदर्शन



**तेतुलमारी (शुभम संदेश)।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र संख्या 4 अंतर्गत वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में लगातार तीन दिन से बिजली नहीं रहने के कारण पानी की समस्या से परेशान वेस्ट मोदीडीह के विभिन्न कालोनियों के लोगों ने शनिवार को वेस्ट मोदीडीह कोलियरी कार्यालय के समीप निवर्तमान पार्षद व मजदूर नेता छोटू सिंह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान प्रबंधन के विरोधी नारेबाजी करते हुए समस्या का समाधान नहीं से होने पर और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी. लोगों ने कहा कि मोदीडीह कार्यालय में विरोध-प्रदर्शन पिछले तीन दिनों से बिजली व पानी नहीं मिल रहा है. इसकी शिकायत पीओ व अभियंता सहित कई पदाधिकारी से की गई लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला. यहां तक कि नियमित रूप से बिजली भी नहीं मिल पाती है.जिससे लोगों को जीना मुहाल हो गया है. गृहणियों के साथ-साथ बच्चों का भी बुरा हाल है. प्रबंधन को चेतावनी देते हुए उनलोगों ने कहा कि अगर शीघ्र बिजली व पानी की समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो वेस्ट मोदीडीह परियोजना का परिवहन काम ठप कर देंगे. मौके पर कृष्ण सिंह, जयशंकर यादव, शिवरीनारायण सिंह, हरेंद्र सिंह, मनोज सिंह अन्य कोई ग्रामीण मौजूद थे.

### बागदाहा की बेटी का एमबीबीएस में दाखिला



**टुंडी (शुभम संदेश)।** राजगंज बागदाहा की बेटी मंजू कुमारी हांसदा के नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर बागदाहा पंचायत के मुखिया बाबूलाल महतो सह प्रसिद्ध समाजसेवी सह झारखंड आंदोलनकारी नीलकंठ रवानी,बागदाहा पंचायत समिति सदस्य धनंजय प्रसाद महतो, रामचंद्र महतो, नेपाल कुमार महतो,अघनु रवानी,किंदू मांझी ने मंजू कुमारी हांसदा के घर जाकर उन्हें शॉल, बुके एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया. मंजू कुमारी हांसदा के पिता श्री गोविन्द हांसदा एक साधारण किसान हैं,जो आदर्श सरस्वती विद्या मंदिर,खरनी में आदेशपाल के रूप में कार्यरत हैं.हांसदा की तीन पुत्रियों में बड़ी बेटी भौतिकी विज्ञान में स्नातकोत्तर है. दूसरी बेटी मंजू कुमारी हांसदा है और छोटी बेटी इंटर में अध्ययनरत है. मंजू कुमारी हांसदा को एसटी कोटा में 75वां रैंक प्राप्त हुआ है और इसका नामांकन शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज, धनबाद में हो गया है. बागदाहा जैसे गांव से एमबीबीएस में एक बेटी के दाखिला होने पर ग्रामीणों में हर्ष है.

### करकेंद बाजार दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन



**पुटकी (शुभम संदेश)।** श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा महोत्सव समिति करकेंद बाजार कमिटी के पुनर्गठन किया गया. समिति की बैठक लक्ष्मण तिवारी की अध्यक्षता में की गई. सर्वसम्मति से 2024 की कमिटी को भंग कर 2025 के लिए नई कमेटी का गठन किया गया. राजू पाण्डेय को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया. कार्यकारी अध्यक्ष- सुबोध सिंह एवं रितेश नारनोली, उपाध्यक्ष उमेश हेलीवाल, महासचिव सह कोषाध्यक्ष सचिन शौण्डीक, सचिव राजेश पाठक, पंकज खंडेलवाल,आशीष सिंह, शिवम सिंह, प्रदीप तिवारी, उज्जवल गुप्ता,मेला मंत्री रंजन सिन्हा, अविनाश सिंह ,गंगा प्रसाद रजक , अनिल गुप्ता , सत्येंद्र राम, विधि व्यवस्था विक्रम साव, सुजीत सिंह, गणेश ठाकुर, गौतम कुमार चंद्रवंशी, राधेश्याम शर्मा, मंटू सिंह, महेश यादव, शशि मद्धेशिया, वित्त विभाग राजेश्वर राय ,अमित रवानी , धनंजय मद्धेशिया ,, धनंजय सिंह , आशिष शौन्डिक, पूजा व्यवस्था विकास यादव, संदीप गुप्ता , रितेश सोनी ,अंबेश पांडे, मोहित शर्मा ,सोनू मंडल, सुमन सौरभ ,सुमित कुमार चुने गए. विगत वर्षों की भांति इस वर्ष में समिति दुर्गा पूजनोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया.

### 52 वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी



**टुंडी (शुभम संदेश)।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड, रांची एवं एनसीईआरटी, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में 52 वीं राज्य-स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी-2025 का आयोजन हुआ. जिसमें धनबाद मुख्यालय अंतर्गत टुंडी प्रखंड में अवस्थित +2 उच्च विद्यालय टुंडी के दो छात्रों शिवम कुमार एवं प्रणव तारा शरण को सम्मानित किया गया. उन्होंने मुख्य विषय सतत् भविष्य के लिये विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी पर मॉडल बनाया. विद्यालय प्रभारी एवं शिक्षकों ने खुशी जाहिर किए.

## ब्रीफ खबरें

### बासुदेव कोलियरी के सर्विस वैन से बैटरी की चोरी

**लोयाबाद।** सिजुआ क्षेत्र स्थित बासदेवपुर कोलियरी में अपराधियों का आतंक लगातार बढ़ता ही जा रहा है. शुक्रवार की रात अपराधियों ने सर्विस वैन में लगी दो बैटरी में से एक चोरी कर ली. बताया जाता है कि सर्विस वैन कोलियरी पीओ के कार्यालय के समीप ही खड़ा रहती है. जहां शिफ्ट वाइज गार्ड की ड्यूटी होती है.द्वितिय एंव रात्रि पाली के गार्डों ने अपनी पाली में चोरी की घटना से इंकार किया हैं. इन दोनों पालियों के आपसी चक्कर में इस घटना को लेकर अब तक प्रबंधन की ओर से कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है. चोरी गई बैटरी की अनुमानित कीमत 12 हजार रुपया है. स्थानीय लोगों व कर्मियों का कहना है कि बासदेवपुर क्षेत्र में अपराधियों का हौसला इतना बढ़ गया है कि वे लगातार माइंस,कोल डम्प और गोदाम को निशाना बना रहे हैं.

### ओसीपी विश्वकर्मा पूजा की कमेटी गठित

**तेतुलमारी।** ओसीपी वर्कशॉप में विश्वकर्मा पूजा को लेकर शनिवार को कमेटी का गठन किया गया. गठित कमेटी में अध्यक्ष पीओ सुनील कुमार दास, उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, सचिव प्रबंधक प्रदीप कुमार मिश्रा, सह सचिव विजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राजू मल्लाह, सह कोषाध्यक्ष बिष्णुचरण महतो के अलावा कार्यकारिणी में पीयूष चक्रवर्ती, दिनेश कुमार, धमेन्द्र सिंह, ताहिर अंसारी चन्द्रमा यादव आदि शामिल हैं.

### डीएवी मुनीडीह में राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस

**पुटकी।** डीएवी मुनीडीह में चन्द्रयान लैंडिंग के उपलक्ष्य में द्वितीय राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस मनाया गया.सीनियर छात्रों ने समारोह में अंतरिक्ष उपलब्धियों पर आधारित द्वारा लघु नाटिका का मंचन किया. पूर्व राष्ट्रपति व वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम की भूमिका रुद्र कुमार ने निभाया. नाटिका के कलाकारों ने अंतरिक्ष में भारत की शक्तियों की ओर सबका ध्यान आकृष्ट कराया.समारोह में छात्र -छात्राओं द्वारा स्वनिर्मित रॉकेट, मिसाइल के माडल प्रस्तुत किया. प्राचार्या इंदू प्रसाद ने ऐतिहासिक दिवस पर कहा कि छात्र -छात्राओं को अंतरिक्ष विज्ञान और खगोल विज्ञान की जानकारी व्यापक स्तर पर रखनी चाहिए. विज्ञान शिक्षक भी इस पर विशेष ध्यान अवश्य देंगे. इस वर्ष के अंतरिक्ष विषय आर्यभट्ट से गगन यान, प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाओं तक की ओर छात्र -छात्राओं के ध्यान को आकृष्ट कराया.

# बांसजोड़ा में सांस पर आफत इलाका हुआ धुआं-धुआं

## ◆ बारिश ने बढ़ाई बांसजोड़ा 12 नंबर के लोगों की धुकधुकी ◆ बुजुर्ग और बच्चों में दिख रहे खांसी के लक्षण

**शुभम संदेस। लोयाबाद**



लोयाबाद के बांसजोड़ा 12 नंबर क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने स्थानीय लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं. इलाके में भूधंसान और अग्नि प्रभावित क्षेत्र से हो रहे भारी गैस रिसाव ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है. जगह-जगह से उठती जहरीली गैस के कारण पूरा क्षेत्र धुंध और धुएं की चपेट में है. स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि कुछ दूरी तक भी साफ दिखाई नहीं देता.स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस और धुएं की वजह से सांस लेना मुश्किल हो गया है.बुजुर्ग और बच्चे लगातार खांसी,सीने में जलन और आंखों में जलन की शिकायत कर रहे हैं.दमा और सांस के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है.

बांसजोड़ा निवासी गुड्डू मिश्रा ने बताया रात में गैस और धुएं का दबाव इतना बढ़ जाता है कि कमरे में भी सांस लेना मुश्किल हो जाता है. दरवाजे-खिड़की बंद करने के बाद भी गैस अंदर प्रवेश कर जाती है. राधा देवी ने कहा बच्चे रात भर खांसते रहते हैं. कई बार तो लगता है कि दम घुट जाएगा. सरकार और कंपनी सिर्फ देखने आती है,लेकिन राहत का कोई उपाय नहीं करती. इलाके में गैस रिसाव और भाप की वजह से लोगों को आंखों की रोशनी धुंधली होने,सांस लेने में कठिनाई, त्वचा रोग और फेफड़ों की बीमारी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है.डॉक्टरों का कहना है कि लंबे समय तक इस गैस के संपर्क में रहना बेहद खतरनाक है. यहां के निवासियों ने प्रशासन और बीसीसीएल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है.उनका कहना है कि वर्षों से गैस रिसाव और भूधंसान की समस्या बनी हुई है, लेकिन इसे रोकने के लिए न तो कोई स्थायी समाधान किया गया और न ही प्रभावित परिवारों को कहीं और सुरक्षित बसाया गया.

### स्थानीय लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

लोगों ने कहा कि कोयला मंत्री का दौरा इस समय कराना चाहिए ताकि तो वह भी स्थिति की भयावता से अवगत हो सके. उन्हें पता चले कि तत्काल पुनर्वास व विस्थापन कितना जरुरी है. प्रबंधन पर आरोप लगाया कि जानबूझ कर उनका दौरा ऐसे समय में कराया जाता है. जब गैस कम दिखाई देता है. उनको वास्तविकता से दूर रखा जाता है. लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही राहत और पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गई तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे.फिलहाल बांसजोड़ा क्षेत्र में रहने वाले हजारों लोग गैस रिसाव और भूधंसान की समस्या से लगातार मौत के साये में जीने को मजबूर हैं.

## न्यू स्टेशन रेलवे कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति मनाएगी 60वीं वर्षगांठ



**शुभम संदेश। धनबाद**

श्री श्री दुर्गा पूजा समिति, न्यू स्टेशन रेलवे कॉलोनी, इस बार अपनी 60वीं वर्षगांठ (डायमंड जुबली) धूमधाम से मनाने जा रही है. इस अवसर पर पूजा पंडाल का थीम श्रीकृष्ण लीला रखा गया है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर महाभारत में दिए गए उपदेश तक की झलकियाँ प्रस्तुत की जाएंगी. मां दुर्गा की प्रतिमा भी इस बार श्रीकृष्ण के रूप में स्थापित की जा रही है, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगी. पूजा समिति के अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि इस बार पूजा काफी भव्य और दर्शनीय होगी. समिति के सभी सदस्य आपसी सहयोग से इसे सफल बनाने के लिए तत्पर हैं और धनबाद जिला में एक अलग पहचान बनाने का संकल्प लिया है. पूजा पंडाल का निरीक्षण करते समय अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के साथ महासचिव मुनेश्वर सिंह मुन्ना, सचिव मनोज कुमार सिंह, सह मुख्य संरक्षक प्रकाश गोयल, अफजल खान, वरीय उपाध्यक्ष संजय पाण्डेय, तम्मना, बिनोद कुमार, दिनेश प्रसाद, शम्भू, अंशुमान, नितेश, शोहराब खान, अनुराग, भोला, रोबिन गुप्ता, बिस्वाजीत पॉल और रोबिन चटर्जी मौजूद थे.

## सुदामडीह रिवर साइड में एक सौ फलदार पौधे लगाए

### विश्व में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सभी एक पेड़ अवश्य लगाने का संकल्प लें

- एक हजार फलदार पौधों का निशुल्क किया गया वितरण

**शुभम संदेश। चासनाला**



सुदामडीह रिवर साइड स्थित दोनों लाइन बीच शनिवार को वार्ड 52 की निर्वतमान पार्षद व भाजपा धनबाद महानगर की जिला मंत्री प्रियंका देवी व भाजपा नेता उचित महतो के नेतृत्व 100 अमरूद, आम व चीकू के फलदार पौधे लगाए गए. जिसमें महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. वहीं रविवार को भौंरा गौरखूंटी, परघाबाद, पाथरडीह बस स्टैंड व चासनाला मोड़ पर निशुल्क एक हजार फलदार पौधों का वितरण किया जाएगा. प्रियंका देवी ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि विश्व में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सभी एक पेड़ अवश्य लगाने का संकल्प लें तथा उसकी सेवा उसी प्रकार करे जैसे आप अपने बच्चों की किया करते हैं. पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ अति आवश्यक है. आज लोग अपनी घर बिल्डिंग बनाने के लिए पेड़ों की कटाई कर रहे हैं परन्तु उसके बदले पेड़ नही लगाते हैं, जिसका परिणाम सभी को भुगतना होगा. शिबू गोराई, अजय दास, नागेंद्र सिंह, अमर पाल, अभिषेक बाउरी, रॉकी साव, पंकज पासवान, प्रेम कुमार, प्रदीप रवानी आदि थे.

## बरवाअड्डा में एक महिला व युवक ने की आत्महत्या

**शुभम संदेश। बरवाअड्डा**

बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में शनिवार को कुर्मीडीह स्थित सुखदेव नगर में एक महिला और बिराजपुर में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. जानकारी के अनुसार सुनील कुमार साव की 30 वर्षीय पत्नी पूनम देवी ने शुक्रवार देर रात पंखे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पूनम देवी के पति सुनील कुमार साव नासिक (महाराष्ट्र) में आलू प्याज व्यवसायी हैं. भाइयों के साथ मिलकर आलू प्याज का कारोबार करते हैं. उनकी एक गद्दी कृषि बाजार परिसर में और एक दुकान धनबाद में है. आत्महत्या की खबर सुनकर सुनील नासिक से धनबाद आ रहे हैं.पूनम के भैसुर अमरजीत साव ने कहा कि रात में सबकुछ सामान्य था. सुबह देखा कि पूनम दुपट्टे के फंदे से पंखे से झूल रही है. पूनम देवी की दो छोटे-छोटे बच्चे हैं. एक बच्चा मात्र डेढ़ माह का बच्चा दूसरा लगभग 2 साल का है. अभी तक आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया है, पर बताया जा रहा है कि गृह कलह के कारण आत्महत्या की है. बिराजपुर दास टोला में चेरका दास के 18 वर्षीय पुत्र दीपेश कुमार दास ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली. मिली जानकारी के अनुसार दीपेश मनसा पूजा का प्रसाद खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था. सुबह परिजनों को पता चला कि दीपेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. पुलिस दोनों घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है.

## करकेंद में झुंझुनू सा नजारा, दादीजी के दरबार में भीड़

### मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया, शाम को विशेष आरती

**शुभम संदेश। पुटकी**



करकेंद बाजार स्थित श्री रानी सती दादी मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय भादो अमावस्या महोत्सव के अंतिम दिन आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला. दादीजी के भव्य श्रृंगार, गुलाबजल स्नान और चुनरी उत्सव के बीच भक्तिमय वातावरण ऐसा बना कि मानो करकेंद बाजार झुंझुनूं बन गया हो. सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में जुटने लगी थी. दादीजी का विशेष श्रृंगार किया गया. छप्पन भोग का आकर्षक आयोजन किया गया. पूरे मंदिर को फूलों की झालरों, रंग-बिरंगी रोशनियों और सजावटी श्रृंगार से सजाया गया था.13 महिलाओं द्वारा राजस्थानी वेशभूषा से सुसज्जित होकर, सजी हुई थाली से दादीजी की विशेष आरती की गई.शाम को मंदिर परिसर में महाआरती का आयोजन शुरू हुआ. वाराणसी से आए ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच दीपों की लौ और भजनों की गूंज ने वातावरण को पूर्णतः भक्ति में रंग दिया. इस अवसर पर धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने भी उपस्थित होकर दादीजी के चरणों में नमन किया और महाआरती में हिस्सा लिया. विधायक ने दादीजी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की.कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को छप्पन भोग का महाप्रसाद वितरित किया गया. मंदिर समिति की ओर से बताया गया कि महोत्सव की सफलता में सभी भक्तों का सहयोग अमूल्य रहा. आयोजन में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष राजकुमार टाटिया, अनिल बंसल, सुरेंद्र जिंदल, आनंद खंडेलवाल, श्रीराम भट्टर, बिल्लू केजरीवाल, पंकज खंडेलवाल, प्रमोद अग्रवाल, प्रदीप गोपालका, मंजू बगड़िया, सुमी धारी, निशा गोपालका, प्रीति गोयल, निशा घड़ियान, रेनू टाटिया, अनीता सतनालिका, नीला टाटिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.

# ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं : योगेंद्र प्रसाद



**शुभम संदेश। कसमार (बोकारो)**

कसमार प्रखंड के हरनाद स्थित प्लस टू हाई स्कूल परिसर में शुक्रवार देर रात जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच, सिंहपुर द्वारा एक वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कला प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उसे उचित मंच और अवसर देकर संवारने की जरूरत है. उन्होंने जोर देकर कहा कि लोक नृत्यों और लोक गीतों में ही हमारी मिट्टी की खुशबू और मिठास समाई हुई है. इसलिए, समाज के हर व्यक्ति को अपनी संस्कृति और लोक कलाओं को बचाने तथा आगे बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए. उन्होंने इस तरह के प्रयासों में हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया.

**कार्यक्रम का उद्देश्य और प्रशिक्षण कार्यशाला**

यह कार्यक्रम सांस्कृतिक निदेशालय, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया था. यह आयोजन 11 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन का भी प्रतीक था, जिसमें विभिन्न हाई स्कूल और कॉलेज स्तर के स्थानीय लोक कलाकारों को 'घोड़ा लोक नृत्य' और अन्य लोक नृत्यों का प्रशिक्षण दिया गया था. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप जलाकर किया. इस अवसर पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. कार्यक्रम में रात भर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गईं. कार्यशाला में सहयोग करने वाले, प्रशिक्षण देने वाले और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया.

# 7.84 लाख की पाइप चोरी करते पांच लोग गिरफ्तार



**शुभम संदेश। दुमका**

दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में शिकारीपाड़ा इंटर महाविद्यालय के पास से 7,84,100 रुपये मूल्य के पाइप चोरी करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने इस दौरान एक ट्रक और एक हाइड्रा भी जब्त किया है. खबर लिखे जाने तक, सभी आरोपी पुलिस हिरासत में है. पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद ही वे इस संबंध में अधिक जानकारी दे पाएंगे. चोरी हुए 18 पीस डीआई 400 एमएम पाइप सरस कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड के हैं. इन पाइपों का उपयोग वर्तमान में काठीकुंड और शिकारीपाड़ा प्रखंडों में घर-घर जल पहुंचाने की परियोजना के लिए किया जा रहा है. प्रोजेक्ट के असिस्टेंट मैनेजर राम बहादुर चौरसिया ने बताया कि 22 अगस्त, 2025 को उनके सुपरवाइजर अरविंद कुमार ने देखा कि उनके स्टॉक से 75 पाइपों में से 18 पाइपों को हाइड्रा (जेएच 04 यू 6765) की मदद से ट्रक (एचआर 63 के 5633) पर लादा जा रहा था. इसकी जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहनों के साथ पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर शिकारीपाड़ा थाने ले आई. गिरफ्तार किए गए लोगों में सनोज गिरी (जिला बांका, बिहार), सोनू कुमार (जिला बांका, बिहार), जोगिंदर सिंह (जिला झज्जर, हरियाणा), सोनू (जिला झज्जर, हरियाणा), मुनीर अंसारी (ग्राम शिवतला, थाना शिकारीपाड़ा, जिला दुमका, झारखंड) शामिल है.

## तीन बाइक समेत दो चोर गिरफ्तार

**गोड्डा।** शहर के विभिन्न हिस्सों से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए नगर पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया. उनकी निशानदेही पर चोरी गई तीन मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं. नगर थाना प्रभारी दिनेश कुमार महली ने बताया कि बीते जुलाई महीने में नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भतडीहा पेट्रोल पंप के समीप सेवानिवृत्त शिक्षक मनोज कुमार यादव के आवास के सामने से एक बुलेट मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी. इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या 141/25 दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था. जांच के क्रम में मिले इनपुट और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मिथिलेश कुमार यादव (23), पिता–सुबोध कापरी, ग्राम–बहरजोर, थाना–पौड़ेयाहाट को हिरासत में लिया. पूछताछ के दौरान उसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की. उसकी निशानदेही पर उसके सहयोगी सुमन कुमार यादव (18), पिता–सुबोध कुमार यादव, ग्राम–देवंधा, टोला–वरण, थाना–मोतिया ओपी को भी पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया. दोनों की निशानदेही पर चोरी गई बुलेट मोटरसाइकिल (नंबर जेएच 17 के 3132), अनुमंडल कार्यालय परिसर से चोरी हुई हीरो डीलक्स (नंबर जेएच 17 पी 1324) तथा एक अन्य बिना नंबर की ब्लू राइडर बाइक को बरामद किया गया. गिरफ्तार दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया. छापेमारी दल में नगर थाना प्रभारी के साथ मुफ्फसिल थाना प्रभारी आनंद कुमार साहा, पौड़ेयाहाट थाना प्रभारी विनय कुमार, भोलानाथ दास सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे.

## एक ही आंगनबाड़ी केंद्र में दो बार चोरी

**तिसरी।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड में स्थित दीवानजोत आंगनबाड़ी केंद्र में बीती रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया. यह केंद्र में चोरी की दूसरी घटना है. चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र के तीन तालों को तोड़कर भीतर प्रवेश किया और सोलर प्लेट, इनवर्टर-बैटरी, गैस चूल्हा और बर्तन स्टैंड चोरी कर लिए. यह घटना शुक्रवार की रात हुई. शनिवार सुबह जब ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र के टूटे ताले देखे, तो उन्होंने इसकी सूचना सहायिका को दी. इसके बाद, सेविका के पति रातो बेसरा जब केंद्र पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मुख्य गेट और अंदर के गेट दोनों के ताले टूटे हुए हैं और सभी सामान गायब हैं. बताया गया कि इस आंगनबाड़ी केंद्र में पहले भी चोरी हो चुकी है, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी. केंद्र में चोरी हुए सोलर प्लेट, इनवर्टर और बैटरी को आरएमआई के सहयोग से अभिव्यक्ति फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया था. चोरों ने उन्हीं सामानों पर हाथ साफ कर दिया.

## मेमू पैसेंजर को कोडरमा तक विस्तार करने की मांग

**डुमरी (शुभम संदेश)।** जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी की पहल पर, राज्यसभा सांसद और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक पत्र लिखा है. इस पत्र में उन्होंने तीन प्रमुख मांगें रखी. जिसमें गोमो-आसनसोल मेमू पैसेंजर (03541/03542) का परिचालन कोडरमा तक बढ़ाने, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रांची कुर्ला एक्सप्रेस (18609/18610) का परिचालन रोजाना करने, धनबाद से मुंबई के लिए गोमो, पारसनाथ और कोडरमा होते हुए एक नई ट्रेन शुरू करने की मांग शामिल है. जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी ने बताया कि वह इस क्षेत्र के लोगों की मांगों को लगातार उचित मंचों पर उठा रही हैं. उन्होंने कहा कि आसनसोल-गोमो मेमू पैसेंजर को लेकर लोगों की यह माँग कई वर्षों से लंबित है. उन्होंने मुंबई जाने वाली ट्रेनों की समस्या पर भी जोर दिया. सुनीता कुमारी ने बताया कि इस क्षेत्र के लाखों लोग मुंबई और महाराष्ट्र में काम करते हैं, लेकिन वहाँ जाने के लिए केवल एक ही ट्रेन उपलब्ध है, जिससे लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है. इसीलिए, उन्होंने कुर्ला एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने और एक नई ट्रेन शुरू करने की माँग की है, ताकि यात्री आरामदायक तरीके से यात्रा कर सकें. जिला परिषद सदस्य के इस अनुरोध के बाद, राज्यसभा सांसद ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर इन मांगों पर विचार करने का आग्रह किया है.

# दो ट्रकों की भिड़ंत में एक चालक की मौत



**शुभम संदेश। डुमरी (गिरिडीह)**

डुमरी थाना क्षेत्र के डुमरी बाईपास स्थित हेटटोला के पास शनिवार की सुबह एक खड़ी ट्रक को पीछे से टक्कर मारने के कारण एक ट्रक चालक की मौत हो गई. पुलिस ने शव को घटनास्थल से निकाल कर थाना ले जाया गया और आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया है. बताया जा रहा है कि कोलकाता से बिहार जा रहे सरसों तेल से लदे एक ट्रक ने खड़ी ट्रक में टक्कर मार दी. इस हादसे में नवादा जिले के सिरदला थाना क्षेत्र के पांडेडीह निवासी विनोद कुमार (उम्र 42) की मौके पर ही मौत हो गई. थाना प्रभारी प्रणीत पटेल ने चालक के मोबाइल से परिवार को घटना की सूचना दी. इस खबर से परेशान परिजनों ने ड्राइवर ट्रेड यूनियन ऑल झारखंड (नवादा) के अध्यक्ष साहब प्रसाद से संपर्क किया. इसके बाद, ड्राइवर ट्रेड यूनियन ऑल झारखंड (बगोदर, डुमरी) के पांच सदस्य थाना पहुंचे और घटना की जानकारी ली. सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. घटना के बाद, पुलिस ने कटर मशीन का इस्तेमाल कर शव को ट्रक के क्षतिग्रस्त हिस्से से बाहर निकाला. दुर्घटना में ट्रक का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. पुलिस ने परिजनों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेजा. इस दौरान, ड्राइवर ट्रेड यूनियन ऑल झारखंड के बगोदर प्रखंड अध्यक्ष जैनुल खान, तुलसी साव, विजय राणा, और विमल कुमार ने पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाया.

# शिकारीपाड़ा में दो पत्थर खदानों की जांच अटकी

### आयुक्त के आदेश के बावजूद एक माह बाद भी कार्रवाई नहीं

**शुभम संदेश। दुमका**

दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के शहरपुर मौजा में दो पत्थर खदानों के लीज आवंटन में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए संथाल परगना के आयुक्त द्वारा एक टीम गठित किए जाने के एक महीने बाद भी कोई जांच नहीं हुई है.

**आरटीआई कार्यकर्ता ने की थी शिकायत**

आरटीआई कार्यकर्ता प्रियानाथ पाठक 'विद्रोही' ने 9 जुलाई, 2025 को एक परिवाद पत्र (पत्रांक 216/2025, दिनांक 14.7.2025) के माध्यम से आयुक्त से शिकायत की थी. उन्होंने आरोप लगाया था कि शहरपुर मौजा में स्थित शहरपुर स्टोन माइंस (प्रोपराइटर संतोष यादव) और यूनिवर्सल ब्लैक स्टोन वर्क्स (प्रोपराइटर मोहम्मद असद अली) को नियमों के विरुद्ध लीज आवंटित किया गया है.

**आयुक्त का निर्देश और टीम का गठन**

इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आयुक्त ने 9 जुलाई, 2025 को ही एक जांच टीम का गठन किया. इस टीम की अध्यक्षता आयुक्त के सचिव अमित कुमार, संथाल परगना प्रमंडल, दुमका को सौंपी गई थी. उन्हें 15 दिनों के भीतर परिवाद पत्र में उठाए गए बिंदुओं की जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था. आयुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी, दुमका और अंचल अधिकारी, शिकारीपाड़ा को भी पत्र भेजकर जांच टीम को सभी आवश्यक कागजात उपलब्ध कराने और सहयोग करने का निर्देश दिया था. इसकी प्रतिलिपि उपायुक्त दुमका और पुलिस अधीक्षक दुमका को भी भेजी गई थी. हालांकि, एक महीना बीत जाने के बाद भी जांच दल ने स्थल पर जाकर कोई जांच नहीं की है.

**अधिकारियों का विरोधाभासी बयान**

इस संबंध में जब जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार से संपर्क किया गया, तो उन्होंने पुष्टि की कि उन्हें आयुक्त द्वारा गठित जांच टीम का पत्र प्राप्त हुआ है और वे सभी कागजात के साथ सहयोग के लिए तैयार हैं. वहीं, अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर ने संपर्क करने पर बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है और न ही उन्हें आयुक्त संथाल परगना का कोई पत्र प्राप्त हुआ है.

# करेले की खेती से लखपति बनीं पूजा सोरेन



**शुभम संदेश। दुमका**

दुमका जिले के सदर प्रखंड के कोदोखिचा गांव की महिला किसान पूजा सोरेन ने अपनी मेहनत और सूरजमुखी आजीविका सखी मंडल के सहयोग से आधुनिक खेती में एक नई पहचान बनाई है. मंडल की सक्रिय सदस्य पूजा ने प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन लेकर सूक्ष्म टपक सिंचाई पद्धति से करेले की व्यावसायिक खेती शुरू की.

## पारंपरिक से आधुनिक खेती की ओर

पहले, पूजा पारंपरिक खेती पर निर्भर थीं, जिससे उनकी आमदनी सीमित थी. लेकिन सखी मंडल के माध्यम से मिली जानकारी और प्रोत्साहन ने उनकी राह बदल दी. टपक सिंचाई से पौधों को सही समय पर नमी और पोषण मिलने लगा, जिससे कम पानी में भी अधिक उत्पादन संभव हुआ. इसके साथ ही, मंडल के सहयोग से पूजा ने बाजार से सीधा संपर्क स्थापित किया और बिचौलियों पर उनकी निर्भरता समाप्त हो गई.

## लाखों की कमाई और प्रेरणा का स्रोत

वर्तमान में, पूजा हर दो दिन में 80 किलो से 1 क्विंटल करेले की तुड़ाई कर रही है, जिसे वह 35 से 40 रुपये प्रति किलो के भाव से बेच रही हैं. लगातार उत्पादन और अच्छे दामों से उनकी आमदनी लाखों रुपये तक पहुँच गई है. उनकी इस सफलता से प्रेरित होकर, सखी मंडल की अन्य सदस्य भी आधुनिक सिंचाई और वैज्ञानिक खेती को अपना रही हैं. पूजा सोरेन अब न केवल अपने परिवार के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गई हैं.

## टांगटोना के सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन

**कसमार (शुभम संदेश)।** कसमार प्रखंड के टांगटोना निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रामचरण महतो का शनिवार की अहले सुबह निधन हो गया. उन्होंने 9 मई 1961 को प्राथमिक विद्यालय, गांडेय (गिरिडीह) से अपनी शैक्षणिक यात्रा प्रारंभ की थी. वे अपने कड़े अनुशासन और शिक्षा के प्रति निष्ठा के लिए जाने जाते थे. उनके भतीजे राकेश महतो ने मुखाग्नि दी. रामचरण महतो के एकलौते पुत्र संदीप महतो और पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है. उनके निधन पर पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो, सुजीत कुमार, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम, जेएलकेएम प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत कुमार महतो, प्रखंड सचिव सौरभ जायसवाल, सेवानिवृत्त शिक्षक निशाकर दे, शिक्षक पंकज कुमार जायसवाल, प्रदीप पांडेय, टांगटोना मुखिया सुमित्रा देवी, पंसस प्रिया देवी, पूर्व मुखिया रामसेवक जायसवाल सहित अनेक लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया.

## ब्रीफ खबरें

### बेंगाबाद से नाबालिग छात्रा लापता

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के कर्णपुरा पंचायत के एक गांव से शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे कॉलेज के लिए निकली एक नाबालिग छात्रा देर शाम तक घर नहीं लौटी. छात्रा के समय पर घर नहीं लौटने से चिंतित परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी खोजबीन शुरू की. उन्होंने रिश्तेदारों और आस-पास के गांवों में भी तलाश की, लेकिन कहीं भी छात्रा का पता नहीं चला. जब सभी प्रयास असफल रहे, तो थक-हारकर परिजनों ने बेंगाबाद थाना में इसकी लिखित सूचना दी. थाना प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए, दिए गए आवेदन के आधार पर बेंगाबाद थाना कांड संख्या 126/2025 दर्ज कर लिया है. पुलिस अब लापता छात्रा की तलाश में जुट गई है.

### सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल

**गोड्डा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम जमनी पहाड़पुर में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. यह घटना तब हुई जब तीन युवक बाइक पर सवार होकर सुंदरपहाड़ी से गोड्डा की ओर आ रहे थे. जमनी पहाड़पुर के पास, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक लगभग दस फीट हवा में उछलकर पास के एक मकान की छत पर जा गिरी. बाइक पर पीछे बैठे अभिषेक कुमार की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, बाइक चला रहे बसंत मुर्मू और शिवम कुमार साह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज चल रहा है.

### चंदनकियारी की सभी सड़कें होंगी दुरुस्त : उमाकांत

**बोकारो।** विधायक उमाकांत रजक ने कहा कि चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र की सभी जर्जर सड़कों की मरम्मति व सुदृढ़ीकरण कराया जाएगा. मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आसनबनी तिरंगा मोड़ से रामबाद तक बनने वाली सड़क का उन्होंने शिलान्यास किया. विधायक ने कहा कि शिक्षक व चिकित्सक की कमी को दूर करने के लिए पहल की जा रही है. साथ ही कई पुलों के संपर्क मार्ग भी बनाए जाएंगे.

### पैसेंजर ट्रेन से गिरकर एक घायल

**साहिबगंज।** मिर्जाचौकी रेलवे स्टेशन के पास साहिबगंज-जमालपुर पैसेंजर (53415) ट्रेन से गिरने के कारण एक व्यक्ति घायल हो गया. घायल व्यक्ति की पहचान कौशल यादव (पिता- रामविलास यादव) के रूप में हुई है, जो कहलगाँव के नदिया टोला का रहने वाला है. उसके साथी के अनुसार, वह किसी धार्मिक स्थल पर पूजा करने के लिए आया था. मिर्जाचौकी आरपीएफ के कांस्टेबल राजकुमार राय ने घायल को प्राथमिक उपचार के लिए मिर्जाचौकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया.

### डीएवी ने स्पोर्ट्स मेगा मीट में जीते 29 गोल्ड

**बोकारो।** डीएवी स्पोर्ट्स की राज्य स्तरीय मेगा मीट के दूसरे और समापन दिवस पर मेजबान डीएवी सेक्टर-4 स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 29 गोल्ड, 18 सिल्वर और 8 कांस्य पदक हासिल किए. समापन समारोह में डीएवी सेक्टर-4 के प्राचार्य और क्लस्टर-6 के इंचार्ज एसके मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर के लिए चुने गए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं. उन्होंने कहा कि यदि खिलाड़ी इसी आत्मविश्वास, जज्बे, उत्साह और ऊर्जा के साथ अपने खेल का प्रदर्शन करें, तो जीत निश्चित रूप से उनकी होगी. इस अवसर पर चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा, डीएवी-6 की प्रिंसिपल अनुराधा सिंह, डीएवी इस्पात 9/ई के प्रिंसिपल डॉ. सुनील कुमार सिन्हा और डीएवी महुदा के शिक्षक आरके सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे. आयोजकों ने इस पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए डीएवी सेक्टर-4 के चीफ कोऑर्डिनेटर एलके सिन्हा, वरिष्ठ खेल शिक्षक एसके मिश्रा, हरेंद्र, रंगेश, सुकांति, और सुशील सहित पूरे विद्यालय परिवार की सराहना की और उन्हें बधाई दी.

### डीएसओ ने जागरुकता रथ को किया रवाना

**गिरिडीह।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी ने शनिवार को आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. मौके पर उन्होंने कहा कि यह प्रचार रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों में भ्रमण कर आमजन को खाद्य, सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार की योजनाओं की जानकारी देगा. यह रथ लाभुकों को विभागीय योजनाओं के साथ-साथ अयोग्य लाभार्थियों द्वारा धोखाधड़ी की स्थिति में दंडात्मक प्रावधान, वन नेशन-वन राशन कार्ड के तहत सुविधा, ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया तथा पीजीएमएस पोर्टल के बारे में भी जानकारी देगा.

## न्यूज अपडेट

### देशी पिस्टल के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**जमुआ (शुभम संदेश)।** जमुआ थाना क्षेत्र में एक बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे एक अपराधी को पुलिस ने देशी रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार कर लिया है. उसे शनिवार को जेल भेज दिया गया. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर छापेमारी कर यह गिरफ्तारी हुई. अन्य अभियुक्तों को पकड़ने के लिए अभियान जारी है. शनिवार सुबह 9 बजे, पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह को सूचना मिली कि पचम्बा थाना क्षेत्र में वारदात करके एक अपराधी जमुआ थाना क्षेत्र के पथराटांड़ गाँव में अपने दोस्त लल्लु साव उर्फ राजीव कुमार के घर छिपा हुआ है. सूचना के सत्यापन के लिए, खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. टीम ने तुरंत लल्लु साव के घर पर छापेमारी की और अपराधी सुरज साव (पिता मनिचन्द्र साव, निवासी पचम्बा हाई स्कूल रोड, शांति नगर) को पकड़ लिया. हालांकि, उसका दोस्त लल्लु साव भागने में कामयाब रहा. पूछताछ के दौरान, सुरज साव ने बताया कि उसने देशी पिस्टल को लल्लु साव के घर में बिस्तर के नीचे छिपा रखा था. उसने यह भी कबूल किया कि वह पचम्बा में एक वारदात को अंजाम दे चुका है और उसी पिस्टल से जमुआ में एक बड़ी घटना करने वाला था. तलाशी के दौरान, बिस्तर के नीचे से एक देशी पिस्टल बरामद हुई.इस संबंध में जमुआ थाना कांड में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. सुरज साव पर पहले भी पचम्बा थाने में दो मामले दर्ज हैं. वहीं, लल्लु साव उर्फ राजीव कुमार पर बिहार के चकाई (जमुई) थाने में एक मामला दर्ज है. खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने यह जानकारी दी. गठित टीम में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार दास, थाना प्रभारी मणिकांत कुमार, पचंबा थाना प्रभारी राजीव कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

### दो बाइकों में टक्कर, चार लोग घायल

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** शनिवार को बरहेट थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरमसिया मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए. घायल होने वालों में बरहेट गाँव के निवासी भागीरथ साह (38), उनकी पत्नी उषा देवी (30) और उनकी दो बेटियाँ, ज्योति कुमारी (7) और अनु प्रिया कुमारी (3) शामिल हैं. जानकारी के अनुसार, भागीरथ साह अपने परिवार के साथ बरहेट से बरहरवा की ओर जा रहे थे. इसी दौरान, बरहरवा के रामनगर निवासी राम किस्कू अपनी तेज रफ्तार बाइक से बरहेट की तरफ आ रहे थे. राम किस्कू अपनी बाइक को नियंत्रित नहीं कर पाए और भागीरथ साह की बाइक से जा टकराए. स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरहेट लाया गया, जहाँ डॉ. चौधरी चंद्रशेखर ने उनका प्राथमिक उपचार किया. घटना की सूचना मिलते ही बरहेट थाना के एएसआई पवन कुमार मौके पर पहुँचे और दोनों बाइकों को अपने कब्जे में ले लिया. पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है.

### होम गार्ड बहाली में फर्जी आवेदन का आरोप

**गावां (शुभम संदेश)।** गिरिडीह में गृह रक्षक वाहिनी के अंतर्गत तिसरी प्रखंड में फर्जी बहाली का मामला सामने आया है. तिसरी प्रखंड के अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया है कि गावां, देवरी और जमुआ प्रखंड के कई उम्मीदवारों ने फर्जी जाति और स्थानीय निवास प्रमाण पत्र बनवा कर तिसरी प्रखंड से आवेदन किया है. इस मामले को लेकर, तिसरी प्रखंड के कई अभ्यर्थियों ने गिरिडीह उपायुक्त को एक लिखित पत्र सौंपा है. उनका कहना है कि विज्ञापन संख्या 01/2023 के तहत तिसरी प्रखंड में हो रही भर्ती में बाहरी प्रखंड के अभ्यर्थी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर न केवल आवेदन कर रहे हैं, बल्कि शारीरिक दक्षता और लिखित परीक्षाओं में भी शामिल हो रहे हैं. इससे तिसरी प्रखंड के वास्तविक और पात्र उम्मीदवारों के अधिकारों का हनन हो रहा है और वे भर्ती से वंचित हो सकते हैं. अभ्यर्थियों ने डीसी से मांग की है कि वे इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें और दूसरे प्रखंडों से आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों के दस्तावेजों की गहन जांच करवाएं. यदि किसी भी तरह का फर्जीवाड़ा पाया जाता है, तो ऐसे सभी आवेदनों को रद्द किया जाए और दोषियों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए.

### जवान के धक्के से बाइक सवार का पैर टूटा

**ललमटिया (शुभम संदेश)।** ईसीएल की राजमहल परियोजना ललमटिया में कोयला और लोहा चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है. इस चोरी को रोकने के लिए तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान नाकाम साबित हो रहे हैं. इसी कड़ी में, शनिवार सुबह ललमटिया थाना क्षेत्र के जांताकोठी पहाड़ के पास सीआईएसएफ जवानों द्वारा धक्का दिए जाने से एक बाइक सवार का पैर टूट गया. ललमटिया-दियाजोरी मुख्य सड़क पर सीमाना के पास जवानों ने चोरी का कोयला लादकर जा रहे एक बाइक सवार को रोकने की कोशिश की. बाइक नहीं रुकने पर उसे धक्का दिया गया, जिससे युवक बाइक समेत नीचे गिर पड़ा. कोयला लदी बाइक के नीचे दबने से उसका बायाँ पैर टूट गया. जानकारी के अनुसार, घायल युवक को अस्पताल ले जाने के बजाय सीआईएसएफ जवान उसे अपने कैंप ले गए, जहाँ वह लगभग दो घंटे तक दर्द से तड़पता रहा. घटना की सूचना मिलने पर ललमटिया थाना प्रभारी रौशन कुमार सिंह कैंप पहुँचे और युवक को बेहतर इलाज के लिए महागामा सदर अस्पताल भेजा. घायल युवक की पहचान बलबड्डा थाना क्षेत्र के बिरनिया गाँव के रंजीत यादव के रूप में हुई है. रंजीत ने बताया कि सीआईएसएफ के जवान सभी बाइक सवारों से अवैध वसूली कर रहे थे. उन्होंने आरोप लगाया कि जब उसने रुकने की कोशिश की, तो जवानों ने उसे धक्का दे दिया, जिससे यह दुर्घटना हुई. इस घटना के बाद, आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध में सड़क जाम कर दी और सीआईएसएफ के डीसी को बंधक बना लिया. लगभग आधे घंटे बाद, डीसी किसी तरह मौके से भागने में सफल रहे. ललमटिया थाना प्रभारी ने बताया कि सीआईएसएफ ने कोयला छापेमारी के बारे में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी थी, वे खुद ही यह अभियान चला रहे थे.

### देवरी के भेलवाघाटी में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम

**गिरिडीह (शुभम संदेश)।** गिरिडीह पुलिस ने देवरी प्रखंड अंतर्गत भेलवाघाटी पंचायत के नोनियातरी गांव स्थित आश्रम विद्यालय में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें भेलवाघाटी, गुनियाथर और तिलकडीह पंचायत के गरीब एवं जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच घरेलू उपयोग की सामग्री जैसे ड्रम, टिफिन बॉक्स, टॉर्च, छाता, इमरजेंसी लाइट, स्कूली बैग, किताब-कॉपी, खेल सामग्री और चप्पल आदि वितरित किए गए. डीसी रामनिवास यादव ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की और भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का समाधान प्रशासन द्वारा किया जाएगा. वहीं, एसपी डॉ. विमल कुमार ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग से पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम होती है. पुलिस, सीआरपीएफ और प्रशासन हर समय जनता की मदद के लिए तैयार है. इस अवसर पर सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद, एएसपी सुरजीत कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर रोहित कुमार, जिला परिषद सदस्य उस्मान अंसारी, भेलवाघाटी थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार, मुखिया विकास कुमार सहित कई लोग मौजूद थे.

### दुर्गम गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** साहिबगंज के सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान के नेतृत्व में राजमहल प्रखंड के प्राणपुर एचएससी के तहत आने वाले गोलढाब चूवार गांव में एक बड़ा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया. गोलढाब चूवार गंगा नदी के उस पार एक बेहद दुर्गम क्षेत्र है, जहां पहुँचने के लिए नाव से लगभग एक घंटे का कठिन सफर तय करना पड़ता है. इसके बावजूद, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान खुद स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ वहां पहुंचे और शिविर का नेतृत्व किया. ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि गंगा के उस पार स्थित उनके सुदूर क्षेत्र में इतनी अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिलना एक बड़ी बात है. उन्होंने विशेष रूप से सिविल सर्जन का धन्यवाद किया, जो खुद वहाँ उपस्थित रहकर सेवाओं की निगरानी कर रहे थे. इसके बाद, सिविल सर्जन अपनी टीम के साथ पलासगाछी पंचायत के तैमूर टोला भी पहुँचे और वहाँ भी एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जहाँ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया. यह पहल दर्शाती है कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य हर व्यक्ति तक, चाहे वह कितनी भी दूर रहता हो, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है.

### एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण

**डुमरी (शुभम संदेश)।** भारत सरकार और झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देशानुसार, पारसनाथ दिगंबर जैन मध्य विद्यालय, इसरी बाजार में शनिवार को ईको क्लब का गठन किया गया. इसके सफल संचालन के लिए एक समिति का भी गठन किया गया. समिति में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार जैन को संरक्षक, शिक्षक महेश साव को अध्यक्ष और बाल संसद के पर्यावरण मंत्री सुमित कुमार (कक्षा सातवीं 'अ') को सचिव बनाया गया. इस संबंध में अधिसूचना पोर्टल पर भी अपलोड की गई है. एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत, विद्यालय में नामांकित प्रत्येक छात्र को अपनी माँ के साथ एक पौधा लगाना है. यह पौधा स्कूल, घर या आस-पास कहीं भी लगाया जा सकता है. कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाए.

# पौधरोपण सुरक्षित और स्वच्छ भविष्य का आधार : उपायुक्त

▪ धनबाद वन प्रमंडल ने किया वन महोत्सव का आयोजन

शुभम संदेश। धनबाद/निरसा



धनबाद वन प्रमंडल की ओर से शनिवार को पालुडीह में आयोजित वन महोत्सव का उद्घाटन उपायुक्त आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, विधायक निरसा अरूप चटर्जी, सेल के महाप्रबंधक पर्यावरण आदित्य सिंह एवं एमपीएल के सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू ने महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सिद्धो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया. स्वागत कार्यक्रम के बाद सभी गणमान्य अतिथियों ने फलदार पौधों का रोपण कर वन महोत्सव की शुरुआत की. इसके बाद उपायुक्त एवं अतिथि एमपीएल प्लांट गये जहां जमशेदजी नौसेरवानजी टाटा की प्रतीमा पर माल्यार्पण किया और अधिकारियों के साथ प्लांट का अवलोकन किया. इससे पहले ₹एक पेड़ मां के नाम₹ थीम पर आधारित इस महोत्सव में प्रतिभागियों ने मातृप्रेम को प्रकृति से जोड़ते हुए पौधारोपण किया. इसे सफल बनाने में एमपीएल (मैथन पावर लिमिटेड) और सेल (स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया) की सौजन्य भूमिका रही. एमपीएल की भूमि पर इस महोत्सव कार्यक्रम एवं पौधारोपण के लिए एमपीएल एवं सेल ने न सिर्फ संसाधन उपलब्ध कराए, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दिखायी. इस दौरान स्थानीय लोगों तथा अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. सैकड़ों की संख्या में फलदार पौधों लगाये गये और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गयी. इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पौधरोपण केवल आयोजन मात्र नहीं बल्कि यह आने वाले पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ भविष्य का आधार है. वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सामाजिक विकास, वायुमंडल एवं धरती की सेहत के लिए पौधरोपण समय की मांग है. इस तरह के आयोजन से समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत होती है. निरसा के विधायक ने क्षेत्रीय विकास में पर्यावरण की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा इस महोत्सव का उद्देश्य बहुआयामी है. एमपीएल के सीईओ ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के मूलभूत आवश्यकताओं पर बल देते हुए कहा कि यह महोत्सव मातृभूमि के लिए अनुपम उपहार है. सेल के महाप्रबंधक पर्यावरण, प्रखंड विकास पदाधिकारी निरसा इन्द्र लाल ओहदार, आरएफओ धनबाद आरके सिंह, जेएफएस एवं एसीएफ धनबाद एके मंजुल ने कहा वन महोत्सव का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि समुदाय में पर्यावरण के प्रति दीर्घकालिक जिम्मेदारी और संवेदना का विकास करना है. वन प्रमंडल, एमपीएल एवं सेल की यह पहल सराहनीय है. मंच संचालन, स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन एमपीएल के पीआरओ अजय कुमार ने किया. मौके पर एमपीएल के सीएमओ सुभ्रा सुंदर चटर्जी, सीएमओ सर्विसेज डीके गंगवाल, हेड एचआर दैतरी स्वैन, दुर्गेश शर्मा, हेड लायजन संदीप खेडलवाल, अजय कुमार, अजीत सिंह, अमन सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मियों, ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया.

## ब्रीफ खबरें

### बालिका गृह का औचक निरीक्षण

**धनबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर शनिवार को डालसा सचिव मयंक तुषार टोपनो ने आश्रय गृह का निरीक्षण किया. इस दौरान वहां पर रह रही बालिकाओं का रखरखाव देखा गया. आश्रित बच्चियों से बात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली. इसके उपरांत कई दिशा-निर्देश दिए गए. टीम में डालसा सहायक सौरभ सरकार, राजेश सिंह , गीता कुमारी, अनामिका सिंह शामिल थे.

### राजकमल विद्या मंदिर के बाहर जलजमाव

**झरिया/धनबाद।** अशोक नगर स्थित राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के बाहर थोड़ी-सी बारिश में ही हालात बिगड़ जाते हैं. हल्की बारिश होते ही सड़क पर इतना पानी भर जाता है कि विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को घुटनों तक पानी में होकर गुजरना पड़ता है. विद्यालय के गेट से लेकर मुख्य सड़क तक पानी जमा होने से बच्चों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं. अभिभावकों का कहना है कि बरसात के दिनों में रोज़ाना बच्चों को जोखिम उठाकर विद्यालय भेजना पड़ता है. कई बार बच्चे गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं. स्थानीय लोगों ने बताया कि जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह समस्या वर्षों से बनी हुई है.

### विशेष अभियान में एक दर्जन गिरफ्तार

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर पुलिस ने शुक्रवार रात विशेष अभियान चलाकर विभिन्न मामलों के एक दर्जन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया. पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत ने बताया कि गोविंदपुर थाना कांड संख्या 425/25 अभियुक्त अल्ताफ शेख और इरफान अंसारी को पकड़ लिया. इसके अलावा कांड संख्या 401/ 25 के अभियुक्त बाबूलाल गोप, ताराचंद गोप एवं मिथुन गोप, तथा कांड संख्या 403/ 25 के अभियुक्त करण गोप को भी गिरफ्तार कर लिया. इसके अलावा पुलिस में बनकाली रोड निवासी सीताराम महतो के किराएदार मनोरंजन कुमार मंडल के घर हुई चोरी का भी उद्वेदन कर लिया.

धनबाद डेकोरेटर एसोसिएशन के झरिया शाखा का चुनाव

# सुमन सिन्हा बने अध्यक्ष अशफाक को सचिव का पद



शुभम संदेश। झरिया

धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन के अंतर्गत झरिया शाखा में तीन पद पर चुनाव संपन्न हुआ. अध्यक्ष पद के लिए सुमन सिन्हा एवं भोला चौहान, सचिव पद के लिए डब्लू उर्फ अशफाक एवं संतोष मालाकार, तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए बबलू श्रीवास्तव एवं अरविंद साव कुल 6 प्रत्याशी खड़े थे. अध्यक्ष पद पर सुमन सिन्हा को 47 मत और भोला चौहान को 19 मत, सचिव पद पर डब्लू उर्फ अशफाक को 39 मत और संतोष मालाकार को 27 मत तथा कोषाध्यक्ष पद पर बबलू श्रीवास्तव जी को 49 मत और अरविंद साव जी को 17 मत प्राप्त हुए. विजेता सुमन सिन्हा ,डब्लू उर्फ अशफाक, तथा बबलू श्रीवास्तव घोषित हुए. मतदान के दौरान गुड्डू साव, विकाश गुप्ता, दीपक प्रसाद, राम बहादुर मालाकार, बबलू जनरेटर, राजू बैलून, शरफू, शमीम अंसारी, सोनू, पिंटू, रिंकू इलेक्ट्रिक ओर सभी सदस्यों सहयोग रहा.

# ट्रैक्टर, सोलर पंप और पंप सेट का वितरण



शुभम संदेश। धनबाद

मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत शनिवार को समाहरणालय परिसर में लाभुकों के बीच ट्रैक्टर, सोलर पंप सेट एवं पंप सेट का वितरण सांसद धनबाद ढुलू महतो, विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, विधायक धनबाद राज सिन्हा, विधायक निरसा अरूप चटर्जी, विधायक सिंदरी चंद्रदेव महतो, जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह, उपायुक्त आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा किया गया.इस अवसर पर धनबाद, गोविंदपुर, निरसा व टुंडी प्रखंड के 5 कृषक समूह के बीच ट्रैक्टर का वितरण किया गया. वहीं टुंडी प्रखंड के 2 महिला स्वयं सहायता समूह को कृषि यंत्रों का वितरण योजना के तहत सोलर पंप तथा टुंडी, गोविंदपुर, बाघमारा व कलियासोल के 8 लाभुकों के बीच पंप सेट का वितरण किया गया.

### सिनीडीह प्राथमिक विद्यालय के नए भवन का शिलान्यास

**मधुबन (शुभम संदेश)।** सिनिडीह स्थित प्राथमिक उत्क्रमित विद्यालय का अंतोगत्वा शनिवार को बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने सिनीडीह एनएच 32 के बगल में महेशपुर पंचायत सचिवालय के समीप विद्यालय के नए भवन का शिलान्यास किया है. बता दें लगभग 6 वर्ष पूर्व उक्त स्थान पर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हुआ करता था जो सड़क चौड़ीकरण के समय तोड़ दिया गया था. गिरिडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी एवं बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो का प्रयास भी रंग लाया और विद्यालय के भवन निर्माण का शिलान्यास हो पाया है.मौके पर सिनिडीह पंचायत की मुखिया सुमन देवी,भाजपा नेता गौर चन्द्र बाउरी,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह,स्वस्तिक ग्रुप ट्रस्ट के अध्यक्ष आदित्य राज गयाली, ठिकेदार मिठ्ठू सिंह, लालबहादुर यादव, दिनेश महतो, तारकेश्वर यादव,मिली रजवाड़, चंचला देवी, रेशमी कुमारी आदि लोग उपस्थित थे.

# जीवन बीमा अभियान में धनबाद को दूसरा स्थान

▪ 99 डाक कर्मी और डायरेक्ट एजेंट पुरस्कृत

शुभम संदेश। धनबाद




टाउन हॉल, धनबाद में डाक विभाग, भारत सरकार के धनबाद मंडल की एक समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम विलास चौधरी, निदेशक डाक सेवाएं, झारखंड परिमंडल, रांची थे. विशिष्ट अतिथि के तौर पर अमित कुमार, उप मंडलीय प्रबंधक (डाक जीवन बीमा), झारखंड परिमंडल, रांची उपस्थित थे. वरीय डाक अधीक्षक धनबाद उत्तम कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि राम बिलाश चौधरी का स्वागत पौधा भेंटकर किया. सहायक डाक अधीक्षक अभिजीत रंजन ने विशिष्ट अतिथि का स्वागत पौधा देकर किया. देश भर में आयोजित डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के विशेष अभियान में धनबाद मंडल द्वारा 5.29 करोड़ रुपए का प्रीमियम हासिल कर पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर यहां के 99 डाक कर्मियों एवं डायरेक्ट एजेंट को पुरस्कृत किया गया. इसके साथ-साथ डाक विभाग के विभिन्न जन लाभकारी योजनाओं जैसे डाकघर बचत खाते, सुकन्या समृद्धि योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, आधार नामांकन एवं आद्यतन केंद्र, डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र इत्यादि सेवाओं पर विस्तृत चर्चा की गई. इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 03 सहायक डाक अधीक्षक एवं डाक निरीक्षक, 24 उप डाकपाल एवं डाक सहायक, 08 पोस्टमैन, 57 ग्रामीण डाक सेवकों एवं 10 डायरेक्ट एजेंट को प्रशंसा प्रमाण-पत्र, मोमेंटो और अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. सम्मानित कर्मचारियों मे उत्साह का माहौल देखा गया और इसे वे अपने लिए प्रेरणा का श्रोत बताते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया. इस मौके पर उप डाक अधीक्षक, रितेश कुमार सिन्हा, डाक निरीक्षक प्रवीण कुमार, माधव कुमार सिंह, संतोष कुमार एवं अमित कुमार, धनबाद प्रधान डाकघर के डाकपाल अरविंद कुमार, सहायक डाकपाल अमित कुमार वर्मा, बोकारो प्रधान डाक घर के डाकपाल राम चरण उराव, आशीष मिश्रा, उप डाकपाल जेयलगोरा, कन्हैया, मंडलीय कार्यालय के कार्यालय सहायक राजन कुमार, भरत भूषण,स्नेहा, अभिमन्यु यादव, रंजन कुमार, जयदेव मंडल एवं धनबाद डाक मंडल के उप डाकपाल, डाक सहायक, पोस्टमैन एवं ग्रामीण डाक सेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

## आसनसोल

# बराकर में मां रक्षा काली की पूजा

▪ विधायक ने की मंगल कामना

शुभम संदेश। बराकर



बराकर में कई वर्षो से हो रही माँ रक्षा काली की पूजा भाद्र महीने के अमावश्या की रात्रि को हलवाई पट्टी और बैगुनिया मोड में सम्पन्न हुई. शुक्रवार की रात्रि को हर्षोल्लास के साथ पूजा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने माँ काली के दर्शन किए. आयोजकों ने बताया कि ऐसी मान्यता प्रचलित हैँ कि मंदिर में माँ काली की प्रतिमा की स्थापना पूजा के दिन होती हैँ और रात्रि बारह बाजे से पहले पूजा संपन्न होकर प्रसाद वितरण कर विसर्जन भी कर दिया जाता हैँ., इस पूजा में बराकर के सभी समाज के लोग एकत्रित होकर पूजा में अपना सहयोग करते हैँ. पूजा के दौरान भक्त मंदिर मे आकर माँ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैँ. माँ के सामने ऊख और भुआ का बलिदान दिया जाता हैँ. इस अवसर पर मंदिर के संचालन प्रमुख पूर्व कुल्टी नगरपालिका के अध्यक्ष मधुर कांत शर्मा के नेतृत्व हलवाई पट्टी के सभी युवाओं के द्वारा पूजा को संपन्न किया गया. पूजा मे स्थानीय विधायक़ डॉ अजय पोद्दार ने माँ की पूजा अर्चना कर माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया. पूजा को संपन्न करने मे मंदिर की देख रेख करने वालो मे अजय राजगड़िया, महेश पंडित, कुंदन वर्मा, अनुज केशरी, संजय केशरी, बिकाश शर्मा, पप्पू शर्मा, धीरज साव, सहित सभी युवाओ का अहम् योगदान रहा.

### गाजे-बाजे के साथ भागवत गीता का वितरण

भागवत गीता में है जीवन का सार : जीतेन्द्र तिवारी

**कुल्टी।** आसनसोल नगर निगम के पूर्व मेयर भाजपा नेता जीतेन्द्र तिवारी ने कुल्टी में गाजे बाजे के साथ घर-घर जाकर भागवत गीता जी का वितरण किया. कुल्टी के वार्ड 17 के रांची ग्राम स्थित सेठ मोतीलाल स्कूल से कार्यक्रम प्रारम्भ कर वार्ड 62 के ऊपर कुल्टी क्षेत्र में गीता जी को घर घर जाकर वित्रित किया गया. स्थानीय भाजपा पार्षद ललन मेहरा, पार्षद गौरव गुप्ता, राजेश सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहे. उन्होंने कहा कि गीता में प्रत्येक समस्या का समाधान लिखित है. इसलिये लोगों को गीता के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान खोजना होगा. बताया कि गीता प्रबोधिनी को हिन्दी एवं बंगला भाषा मे लोगों को पुस्तकें दी गयी, वहीं इसे लेकर लोगों में चर्चा बनी हुयी है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुये सनातन धर्म के लोगों में गीता की पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है, जहा पूरा कार्यक्रम में मात्र हिंदुत्व के झंडे का उपयोग किया गया. हालांकि यह एक सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम था, जिसके माध्यम से लोगों को गीता की पुस्तकें दिया गया. भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी का कुल्टी में किसी भी कार्यक्रम में शामिल होना सत्ताधारी एवं कई विरोधी दल के कार्यकर्ताओं में चर्चा का विषय बना रहता है, विशेष रूप से जब हिन्दू संगठन के झंडे के साथ लोगों में गीता की पुस्तकों को बांटा जाना लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है. इस अवसर पर भाजपा पार्षद ललन मेहरा,गौरव गुप्ता,पार्टी नेता राजेश सिन्हा एवं सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे.

### बांग्ला भाषा पर अत्याचार कर रही है भाजपा

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** भाजपा बांग्ला भाषा पर अत्याचार कर रही है. भाजपा शासित राज्यों में बंगाल के लोगों पर बंगाली बोलने के कारण हमले हो रहे हैं. इसी के विरोध में तृणमूल युवा कांग्रेस बांग्ला भाषा बचाओ के नारे के साथ सड़कों पर उतरी. शनिवार को तृणमूल युवा कांग्रेस के हुड़ा प्रखंड के रोखेड़ा-बिशपुरिया क्षेत्र के नेतृत्व और युवा कार्यकर्ताओं ने पुरुलिया ज़िले के रोखेड़ा-बिशपुरिया क्षेत्र में सड़कों पर उतरकर बांग्ला भाषा बचाओ आंदोलन का आह्वान किया. हुड़ा ब्लॉक तृणमूल युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पुरुलिया जिला तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव सिंह, तृणमूल कांग्रेस के हुड़ा ब्लॉक अध्यक्ष प्रसेनजीत महतो, हुड़ा पंचायत समिति अध्यक्ष दीपाली महतो, पंचायत समिति उपाध्यक्ष अरुण कुमार पति, हुड़ा ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस युवा अध्यक्ष चंदन दत्ता और रोखेड़ा-बिशपुरिया क्षेत्र तृणमूल युवा कांग्रेस के विकास रंजन कालिंदी सहित कई अन्य उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### हमारा गांव, हमारा समाधान शिविर का आयोजन



**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** पुरुलिया ज़िले के काशीपुर प्रखंड के बेको ग्राम पंचायत क्षेत्र में आज "हमारा गाँव, हमारा समाधान" शिविर का आयोजन किया गया. यह शिविर पलाशकोला जूनियर स्कूल में आयोजित हुआ. इस अवसर पर काशीपुर प्रखंड के संयुक्त बीडीओ सहित कई अधिकारी मौजूद रहे. काशीपुर विधानसभा के पूर्व विधायक स्वप्न कुमार बेलथरिया और पुरुलिया जिला तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जॉय बनर्जी भी इस शिविर में शामिल हुए. शिविर में लोगों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन दिए, जिन्हें मौके पर दर्ज किया गया. इस दौरान स्वप्न बेलथरिया ने कहा कि राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने क्षेत्र के लोगों के विकास और लंबित कार्यों के समाधान के उद्देश्य से इस शिविर की शुरुआत की है. इससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिलेगा. वहीं, जॉय बनर्जी ने कहा कि यह शिविर लगातार चल रहा है और राज्य भर से लोग अपनी-अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आ रहे हैं. बहुत जल्द इनका समाधान किया जाएगा.

# पुरुलिया पुलिस ने ढूँढ निकाले गुम हुए 540 मोबाइल



शुभम संदेश। पुरुलिया

जिले के पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने पुरुलिया जिले के विभिन्न पुलिस थानों से खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन को बरामद करने और उन्हें उनके मालिकों को सौंपने के बाद शुक्रवार को पुरुलिया बेलगुमा पुलिस लाइन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की. पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने बताया कि विभिन्न कारणों से गुम हुए कुल 540 मोबाइल फोन उचित जाँच के बाद बरामद किए गए हैं. आज हमने कई मोबाइल फोन मालिकों को उनके मोबाइल फोन सौंप दिए हैं, और बाकी मोबाइल फोन उन्हें उस पुलिस स्टेशन से मिलेंगे जहाँ शिकायत दर्ज कराई गई थी. वहीं दूसरी ओर, सभी ने खोए हुए मोबाइल फोन को ढूंढने के लिए पुरुलिया जिला पुलिस को धन्यवाद दिया.

### रेल पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

**सीतारामपुर (शुभम संदेश)।** सीतारामपुर आरपीएफ की ओर से एन.डी.राष्ट्रीय बिद्यालय में स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया, सीतारामपूर आरपीएफ निरीक्षक ए.के.सिंह के नेतृत्व में आरपीएफ के अधिकारियों ने एन.डी.राष्ट्रीय बिद्यालय परिसर में स्कूली बच्चों को रेलवे क्रॉसिंग पार नही करने एवं रेल लाइन पर खड़ी मालगाड़ी के नीचे एवं उपर से नही गुजरने की सलाह दी, वही बताया की रेल लाइन पार करने समय अचानक ट्रेन की आगमन से कभी भी दुर्घटना घट सकती है, इस दौरान उन्होंने स्कूल के शिक्षकों से भी बच्चों को जागरुक करने की अपील की, उन्होंने बताया की आने वाले दिनों में सीतारामपुर रेलपार इलाके में स्थित सभी स्कूल के शिक्षकों एवं बच्चों के अभिभावकों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा, ताकि कोई भी छात्र एवं छात्राएं रेल लाइन पर खड़ी मालगाड़ी के नीचे या ऊपर से होकर नही गुजर सकें.

# हीरापुर में युवक ने आठ कुत्तों को खिलाया जहर, तीन की मौत

घटना के बाद पशु प्रेमियों ने हीरापुर थाने का घेराव कर गिरफ्तारी की मांग की

शुभम संदेश। आसनसोल



आसनसोल के हीरापुर थाना अंतर्गत एमटीसी पल्ली गर्ल्स स्कूल इलाके में आठ आवारा कुत्तों को जहर खिलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. कुत्तों को प्रतिदिन खाना खिलाने वाले सुमित भट्टाचार्य ने हीरापुर धर्मतल्ला निवासी विकास मंडल पर गंभीर आरोप लगाते हुए आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नर और हीरापुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. सुमित के अनुसार, विकास मंडल ने इलाके के आठ आवारा कुत्तों को रात के अंधेरे में जहर मिला हुआ खाना खिलाया, जिसके कारण तीन कुत्तों की मौके पर मौत हो गई. दो कुत्तों की हालत गंभीर है और उनका इलाज चल रहा है, जबकि शेष तीन कुत्ते लापता हैं. उन्हें ढूंढने के लिए कई पशु प्रेमी इलाके में लगातार खोजबीन कर रहे हैं. सुमित ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले विकास मंडल की एक मुर्गी को एक कुत्ते ने मार दिया था. इसके बाद विकास मंडल ने सभी कुत्तों को जान से मारने की धमकी दी थी. इसी क्रम में उसने जहर खिलाकर कुत्तों को मारने की कोशिश की. घटना के विरोध में सुमित भट्टाचार्य, लिपिका चक्रवर्ती, पार्थो गांगुली, रिंकू प्रसाद, शनि सिंह समेत कई पशु प्रेमियों ने हीरापुर थाने का घेराव कर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की. थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और दोषियों की गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है.

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था का रक्तदान शिविर



**रानीगंज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया . इस अवसर पर रानीगंज के विधायक तापस बनर्जी ने रक्तदान करने वाले युवक युवतियों को बैच पहनाकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है . सबसे बड़ी समाज सेवा है रक्त देकर किसी जरूरतमंद की जान बचाना. रक्तदान आंदोलन को और भी मजबूत बनाने की जरूरत है . सभी संस्थाओं को इसी तरह कार्य करने की आवश्यकता है. रक्तदान शिविर के आयोजन में मिशन उड़ान के कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाए. मौके पर रानीगंज बोरो चैयरमेन मुजम्मिल शहजादा, पार्षद ज्योति सिंह, दीपक गोप डॉ एस माझी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे. ब्रह्माकुमारी संस्थान के ओर से प्रीति बहन ने अतिथियों का स्वागत किया. प्रीति बहन ने कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन रक्तदान - महादान के संदेश के साथ किया गया था, जिसमें लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया. ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्तदान को जीवनदायिनी पुनीत सेवा बताया और सभी को इसमें सहयोग करने का आह्वान किया गया.



# सूर्य और वास्तु के बीच अनोखा संबंध

दिशाओं से जुड़े वास्तु के नियम सूर्य के भ्रमण और उसकी गति को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं, ताकि सूर्य की ऊर्जा आपके घर में अधिक मात्रा में प्रवेश कर सके, ताकि आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़े और सुख शांति में वृद्धि हो। आप जानिए कि घर में वास्तु के अनुसार किस कक्ष का स्थान कहां होना चाहिए।

वास्तु और सूर्य के बीच में अनोखा संबंध बताया गया है। दिशाओं से जुड़े वास्तु के नियम सूर्य के भ्रमण और उसकी गति को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं, ताकि सूर्य की ऊर्जा आपके घर में अधिक मात्रा में प्रवेश कर सके, ताकि आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़े और सुख शांति में वृद्धि हो। इसलिए यदि आप अपने घर का वास्तु सूर्य के भ्रमण की दिशाओं के आधार पर तैयार करेंगे तो आपको सर्वाधिक लाीा होगा। आइए जानते हैं वास्तु के ये नियम। सूर्योदय से पहले रात्रि 3 से सुबह 6 बजे का समय ब्रह्म मुहूर्त होता है। इस समय सूर्य घर के उत्तर-पूर्वी भाग में होता है। यह समय चिंतन-मनन और पूजापाठ के लिए सर्वोत्तम माना गया है। इसलिए आपको अपना पूजाघर ईशान कोण में बनाना चाहिए।

सुबह 6 से 9 बजे तक सूर्य घर के पूर्वी हिस्से में रहता है इसलिए घर ऐसा बनाएं कि सूर्य की पर्याप्त रोशनी घर में आ सके। माना जाता है कि सुबह का सूर्य का प्रकाश जिन घरों में प्रवेश करता है, वहां लोग बीमारियों से दूर रहते हैं। यही वजह है कि सुबह के वक्त घर के सभी खिड़की और दरवाजे खोलने के बारे में वास्तु में कहा गया है।

प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक सूर्य घर के दक्षिण-पूर्व में होता है। यह समय नहाने और भोजन पकाने के लिए उत्तम है। इस वजह से रसोई घर व स्नानघर गीले होते हैं। इनका स्थान दक्षिण-पूर्व में होना चाहिए ताकि यहां सूर्य की रोशनी मिले, तभी वे सूखे और स्वास्थ्यकर हो सकते हैं।

दोपहर 12 से 3 बजे तक विश्रांति काल यानी कि आराम का समय होता है। सूर्य अब दक्षिण में होता है, अतः शयन कक्ष इसी दिशा में बनाना चाहिए और शयन कक्ष में पर्दे गहरे रंग के होने चाहिए। कहते हैं इस वक्त सूर्य से खतरनाक पराबैंगनी किरणें निकलती हैं, तो डार्क रंग के पर्दे होने से यह आपके स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचा सकेंगी।

दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक अध्ययन और कार्य का समय होता है और सूर्य दक्षिण-पश्चिम भाग में होता है। अतः यह स्थान अध्ययन कक्ष या पुस्तकालय के लिए उत्तम है।

शाम 6 से रात 9 तक का समय खाने, बैठने और पढने का होता है इसलिए घर का पश्चिमी कोना भोजन या बैठक कक्ष के लिए उत्तम होता है। इस वक्त सूर्य भी पश्चिम में होता है।

सायं 9 से मध्य रात्रि के समय सूर्य घर के उत्तर-पश्चिम में होता है। यह स्थान शयन कक्ष के लिए सबसे उपयोगी है।

मध्य रात्रि से तड़के 3 बजे तक सूर्य घर के उत्तरी भाग में होता है। यह समय अत्यंत गोपनीय होता है यह दिशा व समय कीमती वस्तुओं या जेवरात आदि को रखने के लिए उत्तम है।



# धार्मिक उत्सवों में सबसे पहले क्यों की जाती है गणेशजी की पूजा

**भगवान गणेश, मनुष्यों के कष्ट हर लेते हैं और उनकी पूजा करने से घर में सुख समृद्धि आती है। परंपरा के अनुसार, हर धार्मिक उत्सव और समारोह की शुरुआत भगवान गणेश की पूजा से ही शुरू होती है। गणेश भगवान का रूप, मनुष्य और जानवर के अंग से मिलकर बना हुआ है। जो कि गहरे आध्यात्मिक महत्व को दर्शाता है।**

गणपति उत्सव की तैयारियां देश भर में चल रही हैं और इस बीच हम आपको बताने जा रहे हैं कि सभी धार्मिक उत्सवों में क्यों सबसे पहले गणपति पूजा की जाती है।

भगवान गणेश को समृद्धि, बुद्धि और अच्छे भाग्य का देवता माना जाता है और उनकी कृपा से हम सभी के जीवन में शुभ लाभ और समृद्धि की प्राप्ति होती है। भगवान गणेश, सर्वशक्तिमान देवता माने जाते हैं। भगवान गणेश, मनुष्यों के कष्ट हर लेते हैं और उनकी पूजा करने से घर में सुख समृद्धि आती है। परंपरा के अनुसार, हर धार्मिक उत्सव और समारोह की शुरुआत भगवान गणेश की पूजा से ही शुरू होती है। गणेश भगवान का रूप, मनुष्य और जानवर के अंग से मिलकर बना हुआ है। जो कि गहरे आध्यात्मिक महत्व को दर्शाता है।

भगवान गणेश को सभी अच्छे गुणों और सफलताओं का देवता माना जाता है इसीलिए लोग हर अच्छे काम को करने से पहले गणेशजी की पूजा करना शुभ मानते हैं। भगवान गणेश के जन्मदिन को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। हिंदू धर्म के लोग, आध्यात्मिक शक्ति के लिए, कार्य सिद्धि के लिए और लाभ प्राप्ति के लिए भगवान गणेश का पूजन धूमधाम से करते हैं। भगवान गणेश को सभी दुखों का हर्ता, संकट दूर करने वाला, सदबुद्धि देने वाला माना जाता है। आज हम आपको कुछ महत्वपूर्ण और रोचक तथ्य बता रहे हैं कि किसी भी समारोह, उत्सव या अनुष्ठान में भगवान गणेश की पूजा सबसे पहले क्यों की जाती है। हिंदू धर्म के सभी अनुयायियों का मानना है कि किसी भी नए काम को शुरू करते समय भगवान गणेश का पूजन करने से उसमें कोई बाधा नहीं आती है। ऐसा माना जाता है कि अगर आपकी सफलता के रास्ते में कोई बाधा आती है तो भगवान गणेश की पूजा करने से दूर हो जाती है। इसलिए किसी भी शुभ कार्य को आरंभ करने से पहले गणपति जी की पूजा की जाती है।

## गणेशजी की पत्नियां

भगवान गणेशजी की एक पत्नी सिद्धि हैं। सिद्धि, आध्यात्मिक शक्ति को दर्शाती हैं। इसलिए भगवान गणेश की पूजा, आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का सबसे अच्छा तरीका मानी जाती है। पारंपरिक रूप से, भगवान गणेश की सूंड सीधी तरफ घुमी हुई है इसी कारण उन्हें सिद्धि विनायक भी कहा जाता है। गणेश जी की एक पत्नी का नाम बुद्धि है। इसीलिए, भगवान गणेश को बुद्धि और ज्ञान का प्रदाता माना जाता है। हाथी के मस्तिष्क को बुद्धि के प्रतीक के रूप में जाना जाता है।




## गणेशजी के बाएं हाथ में कुल्हाड़ी

भगवान गणेश, ऊपरी बांए हाथ में एक कुल्हाड़ी धारण करते हैं जो उनके न्याय के रूप में और मोह माया से मुक्त होना दर्शाती है और उनके ऊपरी दाएं हाथ में कमल है जो उनके अंदर हर भावना को दर्शाता है। अतः स्पष्ट है भगवान गणेश, भावनाओं पर विजय प्राप्त कर चुके हैं और मानव जाति का उद्धार करते हैं।


## गणेशजी की सवारी चूहा

भगवान गणेश की पूजा करने से मनुष्य में मन में भरा अंहकार मिट जाता है। भगवान गणेश की सवारी जो उनके पास ही बैठता है, हमेशा दर्शाता है कि कोई भी व्यक्ति अंहकार को छोड़कर सही बन सकता है। चूहा भले ही छोटा है लेकिन तब भी गणेशजी की सवारी बनने में सक्षम है।



## गणेशजी का बैठने का तरीका

भगवान गणेश सदैव बांए पैर को दाएं पैर रखकर बैठते हैं, जो उनके ज्ञान को दर्शाता है कि वह हर बात को अलग नजरिए से देखते है। यह दर्शाता है कि एक सफल जीवन जीने के लिए ज्ञान और भावनाओं का सही उपयोग करना चाहिए।



# चार धाम एवं सप्तपुरियों में एक द्वारिका

**चार धामों में से एक द्वारिका धाम का मंदिर लगभग 2 हजार से भी अधिक वर्ष पुराना है। इससे पहले भगवान श्रीकृष्ण ने जो द्वारिका नगर बनाया था वह किसी कारणवश समुद्र में समा गया था।**

## द्वारिका पहले था कुशस्थली

गुजरात राज्य के पश्चिमी सिरे पर समुद्र के किनारे स्थित 4 धामों में से 1 धाम और 7 पवित्र पुरियों में से एक पुरी है द्वारिका। द्वारिका 2 हैं- गोमती द्वारिका, बेट द्वारिका। गोमती द्वारिका धाम है, बेट द्वारिका पुरी है। बेट द्वारिका के लिए समुद्र मार्ग से जाना पड़ता है। द्वारिका का प्राचीन नाम कुशस्थली है। पौराणिक कथाओं के अनुसार महाराजा रैवतक के समुद्र में कुश बिछाकर यज्ञ करने के कारण ही इस नगरी का नाम कुशस्थली हुआ था। यहां द्वारिकाधीश का प्रसिद्ध मंदिर होने के साथ ही अनेक मंदिर और सुंदर, मनोरम और रमणीय स्थान हैं। मुस्लिम आक्रमणकारियों ने यहां के बहुत से प्राचीन मंदिर तोड़ दिए। यहां से समुद्र को निहारना अति सुखद है।

## सप्तपुरियों में एक द्वारिका

कई द्वारों का शहर होने के कारण द्वारिका इसका नाम पड़ा। इस शहर के चारों ओर बहुत ही लंबी दीवार थी जिसमें कई द्वार थे। वह दीवार आज भी समुद्र के तल में स्थित है। भारत के सबसे प्राचीन नगरों में से एक है द्वारिका। ये 7 नगर हैं- द्वारिका, मथुरा, काशी, हरिद्वार, अवंतिका, कांची और अयोध्या। द्वारिका को द्वारावती, कुशस्थली, आनर्तक, ओखा-मंडल, गोमती द्वारिका, चक्रतीर्थ, अंतरद्वीप, वारिदुर्ग, उदधिमध्यस्थान भी कहा जाता है।

## द्वारिका में बदलते हैं वस्त्र

कहते हैं कि प्रभु श्रीकृष्ण प्रतिदिन उत्तराखंड में चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम में सरोवर में स्नान करते हैं। स्नान करने के बाद श्रीकृष्ण गुजरात के समुद्र तट पर स्थित द्वारिका धाम में अपने वस्त्र बदलते हैं। द्वारिका में वस्त्र बदलने के बाद प्रभु श्रीकृष्ण ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ धाम में भोजन करते हैं। जगन्नाथ में भोजन करने के बाद प्रभु श्रीकृष्ण तमिलनाडु के रामेश्वरम धाम में विश्राम करते हैं। विश्राम करने के बाद भगवान पुरी में निवास करते हैं। इस दौरान प्रभु श्रीकृष्ण अपने भक्तों की सेवा भी करते हैं। जो भी भक्त उन्हें पुकारता है वे वहां तुरंत ही उपस्थित हो जाते हैं। प्रभु अपने सभी प्रमुख धाम की आरती भी ग्रहण करते हैं। समय-समय पर प्रभु वृंदावन के निधिवन और मथुवन में रास भी करते हैं। वहां के मंदिरों में भ्रमण भी करते हैं।

## कृष्ण क्यों गए थे द्वारिका

कृष्ण ने राजा कंस का वध कर दिया तो कंस के श्वसुर मगधपति जरासंध ने कृष्ण और यदुओं का नामोनिशान मिटा देने की ठान रखी थी। वह मथुरा और यादवों पर बारंबार आक्रमण करता था। उसके कई मलेच्छ और यवनी मित्र राजा थे। अंततः यादवों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कृष्ण ने मथुरा को छोड़ने का निर्णय लिया। विनता के पुत्र गरूड़ की सलाह एवं ककुद्मी के आमंत्रण पर कृष्ण कुशस्थली आ गए। वर्तमान द्वारिका नगर कुशस्थली के रूप में पहले से ही विद्यमान थी, कृष्ण ने इसी उजाड़ हो चुकी नगरी को पुनः बसाया। कृष्ण अपने 18 नए कुल-बंधुओं के साथ द्वारिका आ गए। यहीं 36 वर्ष राज्य करने के बाद उनका देहावसान हुआ। द्वारिका के समुद्र में डूब जाने और यादव कुलों के नष्ट हो जाने के बाद कृष्ण के प्रपौत्र वज्र अथवा वज्रनाभ द्वारिका के यदुवंश के अंतिम शासक थे, जो यदुओं की आपसी लड़ाई में जीवित बच गए थे। द्वारिका के समुद्र में डूबने पर अर्जुन द्वारिका गए और वज्र तथा शेष बची यादव महिलाओं को हस्तिनापुर ले गए। कृष्ण के प्रपौत्र वज्र को हस्तिनापुर में मथुरा का राजा घोषित किया। वज्रनाभ के नाम से ही मथुरा क्षेत्र को ब्रजमंडल कहा जाता है।



# भगवान विष्णु के अवतार हयग्रीव की क्या है कहानी?

**भगवान विष्णु जी के 24 अवतारों में से ही 16वां अवतार है हयग्रीव। हयग्रीव अवतार की पूजा का प्रचलन दक्षिण भारत में अधिक है। ऐसा माना जाता है कि भगवान हयग्रीव ने सभी वेदों को ब्रह्मा को पुनः प्रदान किया था।**

## पहली कथा

पहली यह कि एक बार मधु और कैटभ नाम के दो शक्तिशाली राक्षस ब्रह्माजी से वेदों का हरण कर रसातल में पहुंच गए। वेदों का हरण हो जाने से ब्रह्माजी बहुत दुःखी हुए और भगवान विष्णु के पास पहुंचे। तब भगवान ने हयग्रीव अवतार लिया। इस अवतार में भगवान विष्णु की गर्दन और मुख घोड़े के समान थी। तब भगवान हयग्रीव रसातल में पहुंचे और मधु-कैटभ का वध कर वेद पुनः भगवान ब्रह्मा को दे दिए।

## दूसरी कथा

दूसरी कथा के अनुसार एक समय की बात है कि एक बार भगवान विष्णु देवी लक्ष्मी के सुंदर रूप को देखकर मुस्कुराने लगे। देवी लक्ष्मी को लगा कि वे हंसी उड़ा रहे हैं तो बिना सोचे समझे उन्होंने शाप दे दिया कि आपका सिर धड़ से अलग हो जाए। इसमें भी प्रभु की माया थी। फिर एक बार विष्णुजी युद्ध करते हुए थक गए तो उन्होंने अपने धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाकर उसे धरती पर टिकाया और बाण की नोक पर अपना सिर रखकर योग निंद्रा में सो गए। फिर हुआ यह कि दूसरी ओर हयग्रीव नाम का एक असुर महामाया का भयंकर तप कर रहा था। भगवती ने उसे तामसी शक्ति के रूप में दर्शन दिया और कहा कि वर मांगो। उसने अमरदा का वरदान मांगा तो माता ने कहा कि संसार में जिसका जन्म हुआ उसे तो मरना ही होगा। यह तो विधि का विधान है। तुम कोई दूसरा वर मांगो। तब उसने कहा कि अच्छा तो मेरी अभिलाषा यह है कि मेरी मृत्यु हयग्रीव के हाथों हो। माता ने कहा कि ऐसा ही होगा। यह कह कर भगवती अंतर्ध्यान हो गईं। हयग्रीव को लगा की अब मेरी मृत्यु तो मेरे ही हाथों होगी, अतः मैं अजर अमर हो गया, परंतु वह कुछ समझ नहीं पाया था।

फिर हयग्रीव ने ब्रह्माजी से वेदों को छीन लिया और देवताओं तथा मुनियों को सताने लगा। यज्ञादि कर्म बंद हो गए और सभी त्राहिमाम त्राहिमाम करने लगे। यह देखकर सभी देवता ब्रह्मादि सहित भगवान विष्णु के पास गए परंतु वे योगनिद्रा में निमग्न थे और उनके धनुष की प्रत्यंचा चढ़ी हुई थी। ब्रह्माजी ने उनको जगाने के लिए वम्री नामक एक कीड़ा उत्पन्न किया, जिसने वह प्रत्यंचा काट दी। इससे भयंकर टंकार हुआ और भगवान विष्णु का मस्तक कटकर अदृश्य हो गया। यह देखकर सभी देवता दुःखी हो गए और उन्होंने इस संकट के काल में माता भगवती महामाया की स्तुति की। भगवती प्रकट हुई अर उन्होंने कहा कि चिंता मत करो। ब्रह्माजी एक घोड़े का मस्तक काटकर भगवान के धड़ से जोड़ दें। इससे भगवान का हयग्रीवावतार होगा। वे उसी रूप में दुष्ट हयग्रीव दैत्य का वध करेंगे। ऐसा कह कर भगवती अंतर्ध्यान हो गई। भगवती के कथनानुसार उसी क्षण ब्रह्मा जी ने एक घोड़े का मस्तक उतारकर भगवान के धड़ से जोड़ दिया। भगवती की माया से उसी क्षण भगवान विष्णु का हयग्रीवावतार हो गया। फिर भगवान विष्णु अपने इसी अवतार में हयग्रीव नामक दैत्य से युद्ध करने पहुंच गए। अंत में भगवान के हाथों हयग्रीव की मृत्यु हुई। हयग्रीव को मारकर भगवान ने वेदों को ब्रह्माजी को पुनः समर्पित कर दिया और देवताओं तथा मुनियों को संकट से मुक्ति मिली।

# हंगामे की भेंट चढ़ता संसद सत्र

अरविंद जयतिलक

पिछले महीने की 21 तारीख से शुरु हुआ 18 वीं लोकसभा का पांचवा सत्र संपन्न हुआ. मानसून सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 31 प्रतिशत और राज्यसभा की 39 प्रतिशत रही. इस मानसून सत्र में 14 सरकारी विधेयक पुनःस्थापित किए गए और कुल 12 विधेयक पारित हुए. 419 प्रश्न शामिल किए गए लेकिन हंगामे के कारण सिर्फ 55 प्रश्न ही लिए जा सके. देखा गया कि सत्र के दौरान विपक्षी दलों ने कई मुद्दों के जरिए जमकर हंगामा काटा, जिससे सत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ. विपक्षी दलों ने सत्र के आरंभ में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार की घेराबंदी की, लेकिन सरकार ने सभी सवालों का स्पष्टता से उत्तर देकर उन्हें चुप करा दिया. खुद प्रधानमंत्री मोदी मोर्चा संभालते देखे गए. उन्होंने सभी सवालों का जवाब देते हुए मानसून सत्र को विजयोत्सव करार दिया. ऑपरेशन सिंदूर से प्रारंभ हुआ मानसून सत्र भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए खत्म हुआ.

**मानसून सत्र के दौरान लोस की उत्पादकता 31% व रास की 39 प्रतिशत रही.**



अगर विपक्षी दल संसद सत्र को चलाने में सहयोग किए होते तो और प्रभावी ढंग से कामकाज हो सकता था. लेकिन देखा गया कि विपक्षी दल कोई न कोई मुद्दा बनाकर संसद को बाधित करने की कोशिश किए. पहले ऑपरेशन सिंदूर मसले को गरमाने की कोशिश की लेकिन जब यह मुद्दा कारगर साबित नहीं हुआ तो बिहार में चल रहे एसआईआर के मुद्दे को सियासी औंजार बनाया. उन्होंने न सिर्फ सरकार बल्कि संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग पर भी ढेरों संगीन आरोप गढ़े. बेशक विपक्ष को अधिकार है कि वह सरकार से कठिन से कठिन सवाल पूछे. लेकिन संसद को बाधित करना कहां तक उचित है. सच कहें तो विपक्ष की दिलचस्पी सवाल पूछने और जवाब सुनने से ज्यादा सत्र को बाधित करने की रही. उसी का नतीजा रहा कि 120 घंटे चर्चा के बजाए सिर्फ 37 घंटे चर्चा हुआ. विपक्ष के रवैए को लेकर देश में कोई अच्छा संदेश नहीं गया. गौर करें तो मौजूदा सत्र ही नहीं बल्कि विगत दो दशक से लगातार संसद में ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है. सवाल यह कि क्या माननीयों के आचरण में जनता के प्रति जवाबदेही की सच्ची भावना विकसित हुई है? राजनीतिक दलों विशेषकर जनता के प्रतिनिधियों को इन सवालों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. दो राय नहीं कि इन सात दशकों में संसद ने ढेर सारे उतार-चढ़ाव देखे और अपनी सर्वोच्चता बनाए रखी. देश भी संसदीय लोकतंत्र को लेकर उदासीन नहीं रहा. आज भी लोगों की निष्ठा व आस्था संसद के प्रति बनी हुई है. यहीं कारण है कि बहुलतावादी भारतीय समाज में व्याप्त असमानताओं के बावजूद भी संसद में समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ा है और आवाज मुखर हुई है. संसद ने इन सात दशकों में ढेर सारे ऐसे निर्णय लिए हैं जो सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक सरोकारों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ. सामाजिक मोर्चे पर संसद के कार्यों का मूल्यांकन करें तो निःसंदेह उपलब्धियां स्वागतयोग्य है. मसलन दहेज प्रथा और अस्पृश्यता उन्मूलन जैसी सामाजिक बुराइयों पर रोकथाम लगाकर संसद ने अपने मानवीय दृष्टिकोण को चरितार्थ किया है. भूमि सुधार और श्रम कानून के माध्यम से वह भूमिहीनों और कामगारों को आर्थिक संबल प्रदान किया है. संसद ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण का द्वारा खोला है. मनरेगा कार्यक्रम चलाकर रोजगार क्रांति की शुभारंभ की. संसद ने घरेलू हिंसा पर रोक का कानून बनाकर बच्चों और महिलाओं की रक्षा की. सूचना और शिक्षा के अधिकार कानून से समाज को लैस किया. मौजूदा सरकार ने कई जनहित योजनाओं के जरिए हाशिए पर खड़े लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास किया. धारा 370 को समाप्त कर जम्मू-कश्मीर के लोगों को मुख्य धारा में शामिल किया गया. तीन तलाक की समाप्ति से लेकर महिलाओं को संसद में आरक्षण सुनिश्चित किया गया. महिलाओं के विकास के लिए ढेर सारे कदम उठाए गए. फिर भी संसद द्वारा अभी बहुत कुछ काम किया जाना बाकी है. यह तभी संभव होगा जब जनता के प्रतिनिधि संसद की गरिमा का पालन करते हुए जवाबदेही का आचरण पेश करेंगे. उन्हें समझना होगा कि हजारों कानून बनने के बाद भी देश की जमीनी सूरत पूरी तरह नहीं बदली है. संसद की भूमिका का विस्तार किया जाना जरुरी है. यह तभी संभव होगा जब देश की सर्वोच्च पंचायत में हंगामा खड़ा करने के बजाए गरीबों, मजदूरों, किसानों और आधी आबादी के मुद्दे जोर-शोर से उठाए जाएंगे.

आज संसद के स्वरूप, कार्यप्रणाली, प्राथमिकता और उसकी सोच में बदलाव की जरूरत है. देश को जवाबदेह, अनुशासित और कामकाजी संसद चाहिए. आजादी के बाद पहली लोकसभा के पहले साल यानी 1952 में कुल 103 और राज्यसभा की 60 बैठकें हुई. समझा जा सकता है कि संसद कितना अनुशासित और जवाबदेह था. तब संसद में बहस को लोकतंत्र का पवित्र कार्य समझा जाता था. आज स्थिति उलट है. अब तो संसद आए दिन स्थगित होती रहती है. मुद्दों पर गंभीर बहस को लेकर संसद सदस्य कितने गंभीर होते हैं इसी से समझा जा सकता है कि वे सार्थक बहस के बजाए एकदूसरे की कमियां गिनाते हैं. यह स्थिति निराशाजनक है. दुखद स्थिति यह है कि संसद जिसे विशेषकर कानून बनाने वाली संस्था के रुप में जाना जाता है, उसकी अभिरुचि आज कानून निर्माण के बजाए सियासी मसलों पर आ टिकी है. एक आंकड़े के मुताबिक पहली लोकसभा में तकरीबन 49 प्रतिशत समय कानून बनाने पर खर्च होता था. आज यह दर 13 प्रतिशत से भी कम है. यही नहीं संसद में व्यक्तिगत शालीनता और भाषा की मर्यादा भी टुट रही है. अक्सर संसद के माननीय सदस्य उपदेश बघारते हैं कि संसद सर्वोपरि है. लेकिन माननीयगण ही संसद की मर्यादा की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं. आज जनता की नजर में संसद के दोनों सदन कठघरे में हैं. राज्यसभा को तो समाप्त करने की मांग भी उठने लगी है. एक समय था जब राज्यसभा जनपक्षधरता वाले राजनीतिज्ञों व कला, साहित्य, विज्ञान व समाजसेवा क्षेत्र से जुड़े लोगों से गौरान्वित होता था. लेकिन पिछले कुछ दशकों से जिस तरह राज्यसभा भी हंगामे की भेंट चढ़ रहा है उससे उसकी गरिमा का क्षरण हुआ है. देश का भविष्य संसद से तय होता है और माननीय सांसदों को जिम्मेदारी है कि वह राष्ट्र के पोषण, संवर्धन और समृद्धि के लिए प्रत्येक संसद सत्र की गरिमा और कामकाज की उत्पादकता को बढ़ाएं.

## मंथन

## खूंटी में रिम्स 2 बनने से अन्य जिलों को मिलेगा लाभ

झारखंड के खूंटी जिले में रिम्स 2 (राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान - 2) की स्थापना राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकती है. यह न केवल खूंटी जिले के लिए, बल्कि आसपास के कई जिलों जैसे कि सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, चाईबासा, रामगढ़ और रांची के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी एक वरदान साबित होगा.वर्तमान में राज्य का प्रमुख चिकित्सा संस्थान रांची स्थित रिम्स है, जहाँ प्रतिदिन हजारों मरीज इलाज के लिए आते हैं. बढ़ती भीड़ के कारण यहाँ की स्वास्थ्य सेवाएं पर दबाव बढ़ रहा है. ऐसे में खूंटी में रिम्स 2 की स्थापना इस बोझ को कम करने में सहायक होगी और मरीजों को समय पर और बेहतर इलाज मिल सकेगा.खूंटी भौगोलिक रूप से झारखंड के केंद्र में स्थित है, जिससे आसपास के जिलों के लोगों को यात्रा में सहूलियत होगी. ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी वर्षों से एक बड़ी समस्या रही है. रिम्स 2 के जरिए इन क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं पहुँच सकेंगी.इसके अलावा, रिम्स 2 में मेडिकल कॉलेज भी प्रस्तावित है, जिससे स्थानीय युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र में डॉक्टरों की कमी को दूर किया जा सकेगा. यह संस्थान स्थानीय विकास को भी गति देगा – रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, सड़क और परिवहन सुविधाएं बेहतर होंगी, और क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा.इस प्रकार, खूंटी में रिम्स 2 की स्थापना न केवल एक स्वास्थ्य परियोजना है, बल्कि यह झारखंड के पिछड़े क्षेत्रों में समग्र विकास की दिशा में एक निर्णायक कदम भी है.

## नजरिया

## गुरुजी के बाद झामुमो को एकजुट रखने की चुनौती

झारखंड की राजनीति में शिबू सोरेन का नाम एक युग पुरुष के रूप में जाना जाता है. वे न केवल झारखंड आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक रहे हैं, बल्कि राज्य की राजनीति के सामाजिक और आदिवासी विमर्श के केंद्र में भी रहे हैं. ₹गुरुजी₹ के नाम से मशहूर शिबू सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक और लंबे समय तक जनभावनाओं के प्रतिनिधि रहे हैं.यदि आगामी चुनाव से पहले शिबू सोरेन राजनीति से पूरी तरह विदा लेते हैं या उनका असामयिक निधन होता है, तो झामुमो और संपूर्ण महागठबंधन को इसका निश्चित ही राजनीतिक नुकसान हो सकता है. उनकी लोकप्रियता, आदिवासी क्षेत्रों में गहरी पकड़, और नैतिक नेतृत्व की छवि अब भी वोटरों को प्रभावित करती है. हालांकि, हेमंत सोरेन ने उनके राजनीतिक विरासत को संभालने की कोशिश की है और युवाओं में एक नए नेतृत्व के रूप में उभरे हैं, लेकिन शिबू सोरेन जैसा जनाधार और अपार जनसमर्थन अर्जित करना कठिन है. ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में बुजुर्ग मतदाताओं के लिए गुरुजी एक भावनात्मक प्रतीक रहे हैं, और उनके न रहने से यह भावनात्मक जुड़ाव कमजोर पड़ सकता है.झामुमो को अब शिबू सोरेन की विरासत को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी, जिससे पार्टी में एकता बनी रहे और कार्यकर्ताओं में विश्वास बना रहे. कुल मिलाकर, शिबू सोरेन का जाना झामुमो के लिए न केवल भावनात्मक ही नहीं, बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी एक बड़ी चुनौती होगी.

## आज का इतिहास

- 1456 : गुटेनबर्ग बाइबिल की छपाई का कार्य पूरा किया गया.
- 1600 : ईस्ट इंडिया कम्पनी का पहला जहाज 'हेक्टर' सूरत के तट पर पहुंचा.
- 1690 : जॉब चारनॉक कलकत्ता में आकर बसे.
- 1690 : कलकत्ता शहर का स्थापना दिवस.
- 1914 : प्रथम विश्व युद्ध : जर्मन सेना ने नैमूर पर क़ब्ज़ा किया.
- 1969 : वाराहगिरि वेंकट गिरि भारत के चौथे राष्ट्रपति बने
- 1974 : फ़ख़रुद्दीन अली अहमद भारत के पांचवें राष्ट्रपति बने
- 1991 : यूक्रेन सोवियत संघ से अलग होकर स्वतंत्र देश बना.
- 1995 : उत्तरी अमेरिका में माइक्रोसॉफ्ट विन्डोज 95 की आम जनता के लिए शुरूआत.
- 1999 : पाक ने भारत द्वारा पकड़े गये 8 युद्धबंदियों को युद्धबंदी मानने से इंकार किया.

## पहलुओं से परमेश्वर की कृपा को जानना

**चिंतन**

कृपा ईश्वर से है, और यह मानव जाति के लिए उनकी देखभाल और सुरक्षा, दया और प्रेम को दर्शाता है. इसमें भौतिक आशीर्वाद और जीवन की जीविका भी शामिल है. जब से परमेश्वर ने हम मनुष्यों को बनाया है, उनकी कृपा हमेशा हमारे साथ रही है. परमेश्वर की कृपा के सहारे, कई भाई-बहन कहेंगेः ₹परमेश्वर ने मेरी बीमारी ठीक कर दी है; वह मेरे परिवार को बीमारी और आपदा से बचाते हैं; वह मेरे परिवार में सब कुछ ठीक कर देते हैं और मेरे परिवार को खुश रखते हैं; उन्होंने मुझे पर्याप्त भोजन, कपड़े या उपयोग की जाने वाली चीजें दीं हैं, और मुझे किसी चीज की कमी नहीं है. ... यह सभी परमेश्वर की कृपा है. परमेश्वर हमें जो देते हैं वह सच में प्रचुर, समृद्ध और संख्या से परे होता है. परमेश्वर के कार्य सच में अद्भुत हैं. हालाँकि, परमेश्वर के वचन हमारे जीवन के लिए सबसे ज़्यादा फायदेमंद है. परमेश्वर के वचन हमारे जीवन की शक्ति के रूप में काम कर सकते हैं, हमें प्रार्थना का तरीका दिखा सकते हैं और हमें उनकी सुरक्षा और आशीर्वाद में जीवन जीने के लिए मार्गदर्शित कर सकते हैं. जब तक हम परमेश्वर के शब्दों पर जीते हैं, हम जीवन और परमेश्वर की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे, परमेश्वर के प्रकाश में रहेंगे, और शैतान के क़हर से दूर रहेंगे. जब आदम और हव्वा ने परमेश्वर के वचनों का पालन किया, तो उन्हें परमेश्वर की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त हुआ. हमारे पूर्वजों आदम और हव्वा को परमेश्वर के पैदा करने के बाद, उन्होंने उन्हें ईडन गार्डन में बसा दिया, और उन्हें कहाः तू वाटिका के किसी भी वृक्षों का फल खा सकता है; पर भले या बुरे के ज्ञान का जो वृक्ष है, उसका फल तू कभी न खानाः क्योंकि जिस दिन तू उसका फल खाएगा उसी दिन अवश्य मर जाएगा (उत्पत्ति 2ः16-17). परमेश्वर के वचनों को सुनने के बाद आदम और हव्वा ने उसी के अनुसार काम किया. उन्होंने ईडन गार्डन में पेड़ों से फल तोड़कर खाए लेकिन उन्होंने अच्छाई और बुराई के ज्ञान के पेड़ को छोड़ दिया. उन्होंने वहाँ के पौधों और जानवरों का ध्यान रखा, एक दूसरे से प्यार किया, और शांति और खुशी में रहे.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग




1. #NationalSpaceDay 11K
2. #Haiwaan राष्ट्रीय अंतरिक्ष
3. #AnilAmbani
4. #Chandrayaan3
5. अनिल अंबानी
6. #ISRO
7. Saint MSG
8. Sergio Gor
9. Mind Body Balance 21K

# बहुरंग



## अक्षय कुमार और सैफ अली खान की 'हैवान' की शूटिंग शुरू, दर्शकों को दोनों की जोड़ी का है इंतजार

90 के दशक में अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय रही थी. इस दौरान दोनों ने साथ में कई सुपरहिट फिल्में दीं, जिनमें 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'तू चोर मैं सिपाही', 'दिल्लगी' और 'आरजू' जैसी फिल्में शामिल हैं. इसके बाद लंबे अंतराल के बाद साल 2008 में दोनों टशन में एक बार फिर साथ नज़र आए थे. अब करीब 16 साल बाद अक्षय और सैफ एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ दिखने वाले हैं. उनकी नई फिल्म का नाम है 'हैवान', जिसका निर्देशन प्रियदर्शन जाधव कर रहे हैं. फिल्म की शूटिंग फिलहाल शुरू हो चुकी है.

हाल ही में अक्षय कुमार ने सेट से एक वीडियो भी शेयर किया है. अक्षय कुमार और सैफ अली खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'हैवान' को लेकर सुर्खियों में हैं. फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू हो चुकी है. इसी मौके पर अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह हाथ में 'हैवान' नाम लिखा क्लैपबोर्ड थामे नजर आ रहे हैं. वीडियो में अक्षय, सैफ अली खान और डायरेक्टर प्रियदर्शन के साथ मज़ाक-मस्ती और बातचीत करते भी दिखते हैं. वीडियो के साथ अक्षय ने कैप्शन में लिखा, हम सब थोड़े शैतान होते हैं. कुछ संत होते हैं, तो कुछ अंदर से राक्षस. अपने पसंदीदा डायरेक्टर प्रियदर्शन के साथ फिल्म हैवान की शूटिंग शुरू कर रहा हूँ. 18 साल बाद सैफ के साथ काम करके बेहद खुश हूँ. चलिए, हैवानियत की शुरुआत करते हैं. फैन्स लंबे समय बाद अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी को फिर से पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं. हाल ही में शेयर किए गए वीडियो में दोनों सितारे शूटिंग शुरू करने को लेकर काफी जोश में नजर आए. वहीं अक्षय कुमार की दूसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' भी रिलीज़ के लिए तैयार है. इस बार फिल्म में दर्शकों को डबल धमाका मिलेगा क्योंकि दोनों जॉली, अरशद वारसी और अक्षय कुमार, एक साथ नजर आएंगे. उनके साथ एक बार फिर सौरभ शुक्ला जज की भूमिका में लौट रहे हैं. फिल्म में अक्षय और अरशद की कॉमेडी जुगलबंदी दर्शकों को खूब हंसाने वाली है.

## तलाक की अफवाहों के बीच एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए गोविंदा



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता गोविंदा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं. कुछ समय पहले ऐसी खबरें आई थीं कि उनकी पत्नी सुनीता आहूजा से उनके रिश्ते बिगड़ गए हैं और दोनों तलाक लेने की तैयारी कर रहे हैं. हालांकि उस वक्त गोविंदा के वकील ने साफ किया था कि तलाक की अर्जी जरूर दाखिल हुई थी, लेकिन मामला आपसी सहमति से सुलझा लिया गया है. सुनीता ने भी इंटरव्यू में कहा था कि वह गोविंदा से अलग नहीं होंगी. लेकिन अब एक बार फिर उनकी शादी पर सवाल उठने लगे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक सुनीता आहूजा ने मुंबई के बांद्रा फेमिली कोर्ट में तलाक की नई अर्जी दाखिल की है. यह याचिका हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत दिसंबर 2024 में दायर की गई थी. इसमें सुनीता ने गोविंदा पर धोखा देने, अलग रहने और क्रूरता जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुनीता हर सुनवाई में मौजूद रही हैं, लेकिन गोविंदा कई बार कोर्ट में पेश नहीं हुए. वह काउंसलिंग सेशंस से भी दूर रहे, जबकि अदालत ने दोनों को उसमें शामिल होने का निर्देश दिया था. यही कारण है कि तलाक की कार्यवाही अब गंभीर मोड़ लेती नजर आ रही है. इन अफवाहों और विवादों के बीच बीती रात गोविंदा एयरपोर्ट पर स्पॉट किए गए. पूरी तरह सफेद पोशाक, ट्राउज़र, जैकेट और कैज़ुअल टी-शर्ट में नजर आए एक्टर बेहद डैशिंग दिख रहे थे. उन्होंने डार्क एविएटर सनग्लासेस पहन रखे थे और क्लीन-शेव लुक में काफी स्मार्ट लगे. पैपराजी ने जैसे ही उन्हें कैमरे में कैद किया, गोविंदा ने हाथ हिलाकर और फ्लाइंग किस देकर सभी का अभिवादन किया. उनका यह अंदाज़ इस बात का संकेत था कि वे निजी जीवन की उथल-पुथल को खुद पर हावी नहीं होने दे रहे.

## मेकर्स ने चिरंजीवी की फिल्म के टाइटल का किया ऐलान



मेगास्टार चिरंजीवी ने अपना 70वां जन्मदिन बेहद खास अंदाज में मनाया और अपने फैंस को शानदार तोहफा दिया. उन्होंने अपनी 157वीं फिल्म के शीर्षक का ऐलान कर दिया है, जो उनके करियर की एक और बड़ी और यादगार फिल्म साबित हो सकती है. इस फिल्म का नाम है 'मन शंकर वरप्रसाद गरु', जिसका निर्देशन लोकप्रिय फिल्ममेकर अनिल रविपुडी कर रहे हैं. चिरंजीवी के इस नए प्रोजेक्ट की पहली झलक भी रिलीज कर दी गई है. सामने आए वीडियो में उनका दमदार और धाकड़ अंदाज दिखता है. वीडियो की शुरुआत में वह कार में बैठे नजर आते हैं और इसके बाद जबरदस्त एक्शन सीन करते दिखाई देते हैं. यह झलक फैंस के बीच गजब का उत्साह पैदा कर रही है और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है. फिल्म से जुड़ी एक और बड़ी घोषणा यह है कि 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' अगले साल संक्रांति के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी. यानी त्योहार के जश्न के बीच फैंस को चिरंजीवी का यह तोहफा मिलेगा. फिल्म में उनके साथ साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री नयनतारा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जिससे दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ गया है. निर्माण की बात करें तो 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' का प्रोडक्शन साहू गारपति और सुष्मिता कोनिडेला कर रहे हैं. दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म एक बड़े बजट पर बनाई जा रही है और इसमें शानदार एक्शन, दमदार ड्रामा और मनोरंजन का पूरा तड़का होगा. संक्रांति 2026 पर जब 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' पर्दे पर उतरेगी, तो यह देखना दिलचस्प होगा कि चिरंजीवी का यह नया अवतार दर्शकों के दिलों में कितना असर छोड़ता है.

## अनुराग की फिल्म 'निशानची' का गाना 'नींद भी तेरी' रिलीज

जार पिक्चर्स और फ्लिप फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म 'निशानची' का रोमांटिक गाना 'नींद भी तेरी' रिलीज हो गया है. इस फिल्म के प्रोड्यूसर अजय राय और रंजन सिंह हैं, जबकि इसका निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया है. इस फिल्म से ऐश्वर्य ठाकरे दमदार डबल रोल में एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं. उनके साथ वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, मोहम्मद जीशान अय्यूब और कुमुद मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. फिल्म का पहला रोमांटिक गाना 'नींद भी तेरी' अमेज़न एमजीएम स्टूडियोज़ इंडिया और ज़ी म्यूज़िक ने रिलीज किया है, जिसे मनन भारद्वाज ने लिखा, कंपोज और गाया है.

## 'एक दीवाने की दीवानियत' का धमाकेदार टीजर रिलीज

अभिनेता हर्षवर्धन राणे एक बार फिर पर्दे पर रोमांस और इमोशन से भरपूर कहानी लेकर लौट रहे हैं. उनकी आने वाली फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' का इंतजार दर्शक लंबे समय से कर रहे थे और अब आखिरकार इसका धमाकेदार टीजर सामने आ गया है. जैसे ही टीजर रिलीज हुआ, फैन्स का उत्साह और भी बढ़ गया है. इस फिल्म में हर्षवर्धन पहली बार अभिनेत्री सोनम बाजवा के साथ नजर आएंगे. दोनों की फ्रेश ऑन-स्क्रीन जोड़ी को दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं. टीजर में जहां हर्षवर्धन का इंटेंस और पैशनेट अंदाज देखने को मिला, वहीं सोनम का ग्रेस और मासूमियत कहानी में चार चांद लगाते हुए दिखाई दे रही है. टीजर की झलकियों में साफ नजर आता है कि यह सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि इसमें प्यार, जुनून, नफरत और पागलपन का तड़का भी भरपूर मात्रा में है. हर्षवर्धन और सोनम के बीच के इमोशनल सीन दिल को छू जाते हैं और रोमांटिक पलों ने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है. उनकी केमिस्ट्री को लेकर सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है. फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी मिलाप मिलन जवेरी ने संभाली है, जो अपनी मसालेदार और इमोशनल स्टोरीटेलिंग के लिए जाने जाते हैं.




आचार्य प्रणव मिश्रा

मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे. अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. शुभांक-1-4-6

**वृष :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे. विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. चल-अचल सम्पति में वृद्घि होगी. बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी. शुभांक-2-4-6

**मिथुन :** रोजगार में तरक्की मिलेगी. जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. शत्रुओं की पराजय होगी. कुछ आर्थिक ङ्क्षचताएं भी कम होंगी. शुभांक-2-5-6

**कर्क :** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. शुभांक-2-5-7

**सिंह :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. शुभांक-4-6-7

**कन्या :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी. श्रम अधिक करना पड़ सकता है. शुभांक-4-6-8

**तुला :** वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं. शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें. संतान की प्रगति से संतोष होगा. व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कलह विवाद का डर बना रहेगा. पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है. शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें. प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्घ होगी.

**धनु :** बुद्घि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें. परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है. मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी. किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. आज का परिश्रम आगे लाभ देगा. शुभांक-2-5-7

**मकर :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. आय के अच्छे योग बनेंगे. शुभांक-3-7-9

**कुंभ :** बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी. मनोविनोद बढ़ेगे. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. संतान की उन्नति के योग हैं. शुभांक-5-7-9

**मीन :** जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी. आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. शुभांक-3-5-7

## ब्रीफ न्यूज

### होटल के कमरे में युवक का शव संदिग्ध हालात में मिला

**पटना।** एग्जीबिशन रोड स्थित डे पिंटू होटल के कमरे में शनिवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में पाया गया. मृतक की पहचान 25 वर्षीय शारिक तारीक के रूप में हुई है, जो बेतिया के कालीबाग का निवासी था और पटना में रहकर ब्लिंकिट में काम करता था. गांधी मैदान थाना क्षेत्र की इस घटना के अनुसार, शुक्रवार को शारिक के दो दोस्त मोहम्मद यूसुफ और मोहम्मद अकबर उससे मिलने बेतिया से पटना आए थे. तीनों होटल के कमरे नंबर 206 में ठहरे थे. होटल मालिक शांतनु घोष के अनुसार, शारिक रात में बारिश में भीगकर लौटा था. सुबह शारिक की तबीयत बिगड़ी और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई.

### हाईटेंशन तार की चपेट में आकर युवक झुलसा

**बक्सर।** बक्सर रेलवे स्टेशन पर शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब बक्सर-पटना पैसेंजर ट्रेन की छत पर बैठे एक युवक को ओवरहेड हाईटेंशन तार ने चपेट में ले लिया. करंट लगने से तेज धमाका हुआ और चिंगारियां निकलने लगीं. युवक बुरी तरह झुलस गया और संतुलन खोकर स्टेशन किनारे नाले में गिर पड़ा. घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक ट्रेन की छत पर सवार था और ट्रेन के आगे बढ़ते ही वह 25 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आ गया. यात्रियों की चीख-पुकार के बीच किसी ने इस हादसे का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया.

### करंट की चपेट में आने से दो मासूम झुलसे

**बांका।** बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के आजाद नगर गांव में शनिवार शाम दर्दनाक हादसे में करंट की चपेट में आने से दो मासूम बच्चे झुलस गए. इनमें एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है. जानकारी के अनुसार गांव निवासी विकास यादव का पुत्र प्रियांशु कुमार (10) और विजय यादव का पुत्र प्रियम कुमार (10) स्कूल से लौटने के बाद खेलते-खेलते सड़क किनारे पहुंच गए. वहीं खंभे में प्रवाहित विद्युत तार के संपर्क में आने से दोनों बच्चे करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही बेहोश हो गए.

# मुख्यमंत्री ने हिंदी सेवी सम्मान पुरस्कार से 12 साहित्यकारों को किया सम्मानित

**संवाददाता। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग अन्तर्गत राजभाषा के द्वारा आयोजित हिन्दी सेवी सम्मान पुरस्कार (2023-24) वितरण समारोह का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने हिन्दी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार (2023-24) के अधीन विभिन्न श्रेणियों के लिये अखिल भारतीय स्तर पर चयनित तथा इस समारोह में उपस्थित 12 साहित्यकारों / संस्थाओं को पुरस्कृत किया. समारोह के दौरान अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों की शिक्षा-दीक्षा तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास में विशिष्ट योगदान के लिये जियालाल आर्य को बाबा साहब अम्बेदकर पुरस्कार प्रदान किया. इसके अन्तर्गत उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं 5 लाख रूपये की पुरस्कार की राशि प्रदान की गयी. सृजनात्मक लेखन के माध्यम से सामाजिक समरसता को



निरूपित करने में विशिष्ट योगदान के लिये डॉ. शिव नारायण को बीपी मंडल पुरस्कार प्रदान किया गया. उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं 4 लाख रूपये की पुरस्कार की राशि प्रदान की गयी. उपन्यास, कविता, आलोचना आदि में विशिष्ट योगदान के लिये डॉ. महेन्द्र मधुकर को नागार्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया. उन्हें भी अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं 4 लाख रूपये की पुरस्कार की राशि प्रदान की गयी.

आंचलिक कथा लेखन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिये हृषीकेश सुलभ को फणीश्वरनाथ रेणु पुरस्कार प्रदान किया गया. इसके अन्तर्गत उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं 4 लाख रूपये की पुरस्कार की राशि प्रदान की गयी. हिन्दी साहित्य की समृद्धि में उल्लेखनीय योगदान के लिये वंदना राग को महादेवी वर्मा पुरस्कार प्रदान किया गया. इसके अन्तर्गत उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं 1 लाख रूपये की पुरस्कार की राशि प्रदान की गयी. अहिन्दी भाषी क्षेत्र में रहते हुये हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए विशिष्ट योगदान के लिये डॉ. के. श्रीनिवास राव को बाबू गंगाशरण सिंह पुरस्कार प्रदान किया गया. इसके अन्तर्गत उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं 1 लाख रूपये की पुरस्कार की राशि प्रदान की गयी. अहिन्दी भाषी क्षेत्र में रहते हुये हिन्दी के प्रचार-प्रसार में विशिष्ट योगदान के लिये भारतीय भाषा परिषद्, कोलकाता को विद्याकर कवि पुरस्कार प्रदान किया गया. इसके अन्तर्गत संस्था के प्रतिनिधि घनश्याम सुगला को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं 1 लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गयी.

मिथिलांचल की संस्कृति पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिये स्मृति शेष कीर्तिनारायण मिश्र को विद्यापति पुरस्कार प्रदान किया गया. इसके अन्तर्गत उनके पुत्र अजय मिश्र को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं 1 लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गयी. मगध अंचल की संस्कृति पर उत्कृष्ट पुस्तक रचना के लिये डॉ. कृष्ण कुमार सिंह को मोहन लाल महतो वियोगी पुरस्कार प्रदान किया गया. इसके अन्तर्गत उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं 1 लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गयी. भोजपुर अंचल की संस्कृति पर उत्कृष्ट रचना के लिये श्रीराम तिवारी को भिखारी ठाकुर पुरस्कार प्रदान किया गया. इसके अन्तर्गत उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं 1 लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गयी. मैथिली भाषा पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिये डॉ. इन्द्रकांत झा को डॉ. ग्रियर्सन पुरस्कार प्रदान किया गया. उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं 1 लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गयी.

हिन्दी भाषा और साहित्य में विशिष्ट योगदान के लिये डॉ. श्रीभगवान सिंह को डॉ. फादर कामिल बुल्के पुरस्कार प्रदान किया गया. इसके अन्तर्गत उन्हें अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं 1 लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गयी. पुरस्कार प्रदान करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने सभी पुरस्कार विजेताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की. समारोह के दौरान मुख्यमंत्री को मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने रामधारी सिंह दिनकर द्वारा रचित पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' भेंट की. कार्यक्रम में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने हिन्दी सेवी सम्मान एवं पुरस्कार वितरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी.

## बिहार की वोटर लिस्ट में दो पाकिस्तानी नागरिकों का नाम

**संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान बड़ा मामला सामने आया है. जांच में दो पाकिस्तानी महिलाओं के नाम वोटर लिस्ट में पाए गए हैं. खास बात यह है कि दोनों महिलाओं के पास आधार और वोटर आईडी कार्ड भी मौजूद हैं और उन्होंने कई बार मतदान भी किया है. मामला सामने आने के बाद गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उनके नाम मतदाता सूची से हटाने का आदेश दिया. जिला प्रशासन ने बीएलओ के माध्यम से फॉर्म-7 भरकर प्रक्रिया शुरू कर दी है. जांच के मुताबिक, दोनों महिलाएं भागलपुर के भीखनपुर मोहल्ले के टैंक लेन, गुमटी नंबर-3 में रहती हैं. एक का नाम इमराना खानम उर्फ इमराना खातून पति मोहम्मद इब्तुल हसन है, जबकि दूसरी फिरदौसिया खानम उर्फ फिरदौसिया खातून पति मोहम्मद तफजील अहमद है. दोनों मूल रूप से पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के खुशाब जिले के रंगपुर गांव की रहने वाली हैं.

### कब और कैसे आयीं भारत?

बताया जा रहा है कि फिरदौसिया जनवरी 1956 में तीन महीने के वीजा पर भारत आई थीं. वहीं, इमराना उसी साल तीन साल के वीजा पर भारत पहुंचीं. वीजा अवधि खत्म होने के बाद दोनों ने भारत में अवैध रूप से रहना शुरू कर दिया और स्थानीय लोगों से शादी कर ली. इसके बाद उन्होंने आधार और मतदाता पहचान पत्र बनवा लिए. जानकारी के अनुसार, दोनों ने वर्षों तक मतदान किया.

## बिहार में 28 अगस्त तक भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी

**संवाददाता। पटना**



बिहार में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है. मौसम विज्ञान केंद्र पटना की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार राज्य में 28 अगस्त तक बारिश के आसार हैं. मौसम विभाग के अनुसार, आज दक्षिण पश्चिम, दक्षिण-मध्य और दक्षिण पूर्व बिहार के अधिकांश भागों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. वहीं 24 से 25 अगस्त अगस्त को दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-मध्य बिहार में अनेक स्थानों पर बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. इसके अलावा 23 से 28 अगस्त तक पूरे बिहार में बारिश और वज्रपात के आसार हैं. मौसम विभाग ने शनिवार को कई जिलों में बारिश और वज्रपात का यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. कह कि शनिवार को पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सारण, पटना, कैमूर, रोहतास, अरवल, जहानाबाद, गया, नालंदा, नवादा, भोजपुर, समस्तीपुर, बक्सर, लखीसराय, समस्तीपुर, सीवान, सारण जिलों के एक-दो स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की मेघगर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई गई है. बता दें कि 23 से 24 अगस्त के बीच राज्य के ज्यादातर जिलों में कई स्थानों पर अच्छी बारिश होगी. 25 से 28 अगस्त तक बारिश की तीव्रता कुछ कम रहेगी, लेकिन अधिकांश जिलों में हल्की बारिश और कहीं-कहीं वज्रपात की संभावना बनी रहेगी. मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि ह सतर्क और सावधान रहें. खुले मैदान और ऊंचे पेड़ के नीचे खड़े न हों. बिजली के खंभों और तारों से दूर रहें. किसान भी खेतों में जाने से बचें.

**पिछले 24 घंटे में कहां कितनी बारिश हुई :** पिछले 24 घंटे में सीवान में 92.6 एमएम, औरंगाबाद में 90.2 एमएम, गया में 82.2 एमएम, पश्चिम चंपारण में 80.2, एमएमर में 77.2 एमएम, नवादा में 75.6 एमएम, गया में 74.6 एमएम, पश्चिमी चंपारण में 70 एमएम, रोहतास में 67.8 एमएम बारिश हुई है.

## न्यूज अपडेट

### तेजस्वी यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करवाई गई है. यह प्राथमिकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दो नेताओं द्वारा कराई गई है. उत्तर प्रदेश शाहजहांपुर में भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने सदर बाजार थाने में तेजस्वी यादव के खिलाफ केस दर्ज कराया है. उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि राजद के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉम एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट जारी किया गया था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया था. साथ ही उनकी फोटो का उपयोग भी किया गया है, जिससे जनता की भावनाएं आहत हुई हैं. ऐसे में तेजस्वी यादव के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. महाराष्ट्र में भाजपा विधायक मिलिंद नरोटे की शिकायत पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ गढ़चिरौली पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धारा जैसे धारा 196(1)(ए)(बी), 356(2)(3), 352, 353(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है.

### पुस्तक भंडार संचालक की गोली मारकर हत्या

**लखीसराय।** लखीसराय जिले के बड़हिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गैस गोदाम के पास शुक्रवार देर शाम अपराधियों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए खुशबू पुस्तक भंडार के संचालक शत्रुघ्न साव (48) की गोली मारकर हत्या कर दी. मृतक लोहरा निवासी स्व. विरन साव के पुत्र बताए जाते हैं. इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और सनसनी फैल गई है. जानकारी के अनुसार शत्रुघ्न साव रोज की तरह शुक्रवार की शाम दुकान बंद कर अपने साथी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे. इसी दौरान घात लगाए अपराधियों ने पीछे से गोली मार दी. गोली उनकी पीठ में लगने के बाद वे सड़क पर गिर पड़े. गोली चलने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें गंभीर हालत में रेफरल अस्पताल बड़हिया ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. अनिल ठाकुर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में कोहराम मच गया. बाद में परिजन शव को लेकर सदर अस्पताल लखीसराय पहुंचे, लेकिन यहां डॉक्टरों द्वारा जांच के दौरान परिजनों ने आक्रोश में जमकर हंगामा किया और बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को वापस बड़हिया ले गए. इस दौरान अस्पताल परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया.

### बेगूसराय में युवक की गला रेतकर हत्या

**बेगूसराय।** बेगूसराय जिले में शनिवार सुबह एक युवक का गला रेतकर हत्या कर दी गई. घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खम्हार गांव स्थित एसएच-55 के किनारे जोगिया डीह की है. शव को बदमाशों ने ठिकाना लगाने के इरादे से बहियार में फेंक दिया. बह ग्रामीणों ने बहियार में युवक का शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी. देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई. सूचना पाकर मुफस्सिल थाना प्रभारी दिवाकर कुमार और सदर डीएसपी वन आनंद कुमार पांडे मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की. पुलिस को आशंका है कि युवक की हत्या कहीं और कर शव को यहां लाकर फेंका गया है. मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है. स्थानीय लोग पुलिस से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

### गोपालगंज के 'रॉबिनहुड' पूर्व सांसद काली प्रसाद पांडेय का लंबी बीमारी के बाद निधन

**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले के कुचायकोट प्रखंड के रमजीता गांव निवासी एवं पूर्व सांसद काली प्रसाद पांडेय का लंबी बीमारी के बाद दिल्ली में निधन हो गया. वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे. उनके निधन से बिहार की राजनीति के एक युग का अंत हो गया है, क्योंकि उनकी पहचान केवल राजनेता के रूप में नहीं, बल्कि "रॉबिनहुड" छवि वाले नेता के रूप में भी रही. काली प्रसाद पांडेय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1980 में की थी, जब वे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बिहार विधानसभा चुनाव जीतकर विधायक बने. उनकी सबसे ऐतिहासिक जीत 1984 के लोकसभा चुनाव में हुई, जब वे जेल में रहते हुए भी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे और गोपालगंज से सांसद बने. यह जीत उस दौर में खास मानी गई, क्योंकि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद पूरे देश में कांग्रेस लहर चल रही थी. इसके बावजूद काली प्रसाद ने भारी मतों से जीत दर्ज की. सांसद बनने के बाद उन्होंने कांग्रेस पार्टी जॉइन की और राजीव गांधी के करीबी सहयोगी रहे.

## कारोबार

### म्यूचुअल फंड में पहली बार निवेश करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहन

**नयी दिल्ली।** म्यूचुअल फंड में पहली बार निवेश करने वाली महिलाओं के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन शुरू किया जा सकता है. सेबी इस योजना पर विचार कर रहा है. इससे महिलाओं को निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा. सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा, जब तक महिलाओं का समान प्रतिनिधित्व नहीं होगा, वित्तीय समावेशन अधूरा रहेगा. पांडे ने एक कार्यक्रम में कहा, हम पहली बार निवेश करने वाली महिला निवेशकों के लिए अतिरिक्त वितरण प्रोत्साहन शुरू करने पर भी विचार कर रहे हैं.

### अब 20 साल पुराने वाहन भी चलाएं, पर देना होगा ज्यादा शुल्क

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश भर में 20 साल या उससे अधिक पुराने वाहनों को चलाने की अनुमति दे दी है. लेकिन इसके लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क ज्यादा देना होगा. इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने नया नोटिफिकेशन जारी किया है. हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में यह नियम लागू नहीं होगा, क्योंकि यहां 15 साल पुराने वाहनों को चलाने पर रोक लगी है. सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में बदला किया है. इसका मसौदा फरवरी महीने में जारी किया गया.

### बारिश के कारण घट रही बिजली की खपत

**नयी दिल्ली।** इस गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग अनुमानित 277 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना नहीं है. रुक-रुक कर हो रही बारिश ने एयर कंडीशनर जैसे साधनों के उपयोग में कमी की है. इससे लोगों के बिजली बिल में भारी बचत होने का अनुमान है. केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने कहा, इसी तरह बारिश जारी रही, तो बिजली की मांग उच्च स्तर तक नहीं पहुंचेगी. सरकार ने सितंबर में 277 गीगावाट की अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया था. हमने संसाधन तैयार रखे थे, ताकि मांग ज्यादा हो तो हम उसे पूरा कर सकें.

### अमेरिका के भारी टैरिफ पर जयशंकर का पलटवार, कहा-

## किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों से कोई समझौता नहीं

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को अमेरिका द्वारा भारतीय सामानों पर लगाए गए भारी-भरकम टैरिफ की कड़ी आलोचना की. उन्होंने इन टैरिफ को 'अनुचित और बेवजह' करार दिया. यह कदम ट्रंप प्रशासन ने भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने की वजह से उठाया, जिसमें टैरिफ की दर को 50 फीसदी से ज्यादा बढ़ा दिया गया. जयशंकर ने दिल्ली में द इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम 2025 में बोलते हुए यह बात कही. उन्होंने साफ किया कि भारत सरकार के लिए किसानों और छोटे उत्पादकों के हित सबसे ऊपर हैं और इनके साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा.

जयशंकर ने कहा, "हमारी सबसे बड़ी चिंता हमारे किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों की रक्षा करना है. हमारी सरकार इनके लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है. लोग भले ही कहें कि हम कामयाब हुए या नाकाम रहे, लेकिन हम इनके हितों की रक्षा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे. यह हमारे लिए समझौता करने वाली बात नहीं है."



**तेल खरीद को बनाया जा रहा बहाना**

विदेश मंत्री ने इस मुद्दे को तेल खरीद से जोड़कर पेश करने की कोशिश को गलत ठहराया. उन्होंने कहा कि रूस से ऊर्जा खरीदने को लेकर भारत पर सवाल उठाए जा रहे हैं, लेकिन यही सवाल दुनिया के सबसे बड़े तेल आयातक चीन और यूरोपीय देशों से नहीं पूछे जा रहे, जो रूस से एलएनजी खरीदते हैं.

जयशंकर ने पश्चिमी देशों के दोहरे रवैये पर तंज कसते हुए कहा, "लोग कहते हैं कि हम रूस को पैसे देकर युद्ध को बढ़ावा दे रहे हैं, लेकिन रूस और यूरोप के बीच व्यापार भारत-रूस व्यापार से कहीं ज्यादा है. अगर तेल खरीद का सवाल है, तो यूरोप वाले भारत से ज्यादा खरीदते हैं. अगर व्यापार की बात है, तो भी उनका व्यापार हमसे बड़ा है. भारत का रूस को निर्यात बढ़ा है, लेकिन उतना ज्यादा नहीं."

**भारत का रुख: राष्ट्रीय हित और रणनीतिक स्वायत्तता :** जयशंकर ने जोर देकर कहा कि भारत को अपने राष्ट्रीय हितों के हिसाब से फैसले लेने का पूरा हक है. उन्होंने इसे भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का हिस्सा बताया. उन्होंने कहा, "हमारे राष्ट्रीय हित में जो फैसले लिए जाते हैं, वह हमारा अधिकार है. यही रणनीतिक स्वायत्तता है." भारत-अमेरिका संबंधों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि तनाव के बावजूद दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है.

उन्होंने आगे कहा, "हम दो बड़े देश हैं. बातचीत का सिलसिला बंद नहीं हुआ है. लोग एक-दूसरे से बात कर रहे हैं, और हम देखेंगे कि यह कहां तक जाता है." हालांकि, जब उनसे वाशिंगटन में अमेरिका के नए राजदूत के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया. उन्होंने कहा, "मैं विदेश मंत्री हूं, दूसरे देशों के राजदूतों की नियुक्ति पर टिप्पणी नहीं करता."

हाल ही में जयशंकर ने रूस का दौरा किया था, जहां उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की 26वीं बैठक की सह-अध्यक्षता भी की. विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस दौरे में आतंकवाद, यूक्रेन संकट, पश्चिम एशिया और अफगानिस्तान जैसे क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई. जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पुतिन को शुभकामनाएं भी दीं और द्विपक्षीय व वैश्विक मुद्दों पर बातचीत की.

### हेल्थ इंश्योरेंस पर बड़ी राहत की तैयारी

## इरडाई का नया प्रस्ताव- प्रीमियम बढ़ोतरी पर लग सकती है सीमा

**एजेंसी । नयी दिल्ली**




स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी से राहत मिलने के बाद एक और फैसला पॉलिसीधारकों को खुश कर सकता है. भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडाई) सालाना स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम वृद्धि की सीमा तय कर सकता है. इसके लिए जल्द ही परामर्श पत्र जारी हो सकता है. इसमें संबंधित दिशा निर्देश दिए जाएंगे. स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र की स्थिरता और पॉलिसीधारकों की सामर्थ्य के बीच संतुलन बनाने की योजना पर नियामक काम कर रहा है. इरडाई ऐसे प्रस्ताव पर विचार कर रहा है जो स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम वृद्धि की सीमा को चिकित्सा महंगाई के अनुरूप निर्धारित करेगा. देश में स्वास्थ्य बीमा मूल्य निर्धारण की वर्तमान स्थिति पर कई चिंताएं हैं.

कई स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियां कम प्रीमियम के साथ शुरू की जाती हैं. बाद में भारी बढ़ोतरी कर दी जाती है. इससे पॉलिसीधारकों के पास सीमित विकल्प बचते हैं, क्योंकि प्रीमियम लगातार उनकी पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं. वरिष्ठ नागरिकों के अलावा अन्य नागरिकों को प्रीमियम वृद्धि का खामियाजा ज्यादा भुगतना पड़ रहा है. ऐसा इसलिए, क्योंकि साल के शुरू में इरडाई ने वरिष्ठ नागरिकों के प्रीमियम में एक साल में 10 फीसदी वृद्धि की सीमा लगा दिया था. 2024-25 में सामान्य बीमा उद्योग के प्रीमियम में स्वास्थ्य बीमा का योगदान 40 फीसदी रहा.

**युवा पॉलिसीधारकों को उठाना होगा ज्यादा खर्च :** इरडाई की चिंता है कि अन्य क्षेत्रों में ज्यादा प्रीमियम के कारण युवा पॉलिसीधारकों को खर्च उठाना पड़ सकता है. बीमा कंपनियां खर्च घटाएं तो प्रीमियम और घट जाएगा. दावों व स्वास्थ्य सेवा वितरण की बढ़ती लागत ग्राहकों पर ही पड़ती है.

### स्वास्थ्य बीमा से ज्यादा कमा रहीं कंपनियां

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड कुल प्रीमियम का 30% स्वास्थ्य बीमा उत्पादों से कमाती है. न्यू इंडिया एश्योरेंस कुल प्रीमियम का 50 फीसदी स्वास्थ्य बीमा से कमा रही है.

## मैक्स-मेदांता समेत 15 हजार अस्पतालों में बंद होगी बजाज एलाइंस की कैशलेस सुविधा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स-इंडिया (एरचपीआई) ने शुक्रवार को कहा कि उसके सदस्य अस्पताल 1 सितंबर 2025 से बजाज आलियांज (बजाज एलाइंस) जनरल इंश्योरेंस कंपनी के पॉलिसीधारकों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा बंद कर देंगे. एएचपीआई के करीब 15,200 सदस्य अस्पताल हैं, जिनमें मैक्स हेल्थकेयर और मेदांता जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं. संगठन का कहना है कि अस्पतालों को लंबे समय से रिएम्बर्समेंट रेट कम मिलने, मनमाने ढंग से पेमेंट कटौती, प्री-ऑथ और डिस्चार्ज अप्रूवल में देरी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है.

एएचपीआई ने अपने बयान में कहा कि बजाज आलियांज लगातार अस्पतालों के साथ पुराने टैरिफ पर काम कर रहा है और मेडिकल कॉस्ट बढ़ने के बावजूद रेट्स में सुधार से इनकार कर रहा है. संगठन का आरोप है कि कंपनी ने न सिर्फ दरों में संशोधन से इनकार किया है, बल्कि और कटौती करने का दबाव बनाया है.

एएचपीआई के डायरेक्टर जनरल गिर्धर ग्यानी ने कहा कि भारत में मेडिकल इन्फ्लेशन हर साल करीब 7-8 फीसदी रहता है, जिससे स्टाफ की लागत, दवाओं, उपकरणों और यूटिलिटी पर खर्च बढ़ता है. ऐसे में पुराने रेट पर काम करना अस्पतालों के लिए असंभव है और इससे इलाज की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है.

### स्टील कंपनी ने तय की रिकॉर्ड डेट, शेयर निवेशकों पर रहेगी नजर

**नयी दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने शेयरधारकों को खुशखबरी दी है. कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए डिविडेंड की घोषणा की है और इसके लिए रिकॉर्ड डेट भी तय कर दी है. इस ऐलान के बाद आने वाले दिनों में सेल के शेयर निवेशकों की नजरों में रहेंगे. सेल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने प्रति शेयर 16 प्रतिशत डिविडेंड देने की सिफारिश की है. इसका मतलब है कि 10 रुपये फेस वैल्यू वाले हर शेयर पर निवेशकों को 1.60 रुपये मिलेंगे. कंपनी ने इस डिविडेंड की घोषणा मई 2025 में अपने चौथी तिमाही के नतीजों के साथ की थी. रिकॉर्ड डेट और भुगतान की डिटेल : कंपनी ने शुक्रवार को एक्सचेंज फाइलिंग में जानकारी दी कि डिविडेंड पाने के लिए रिकॉर्ड डेट 9 सितंबर 2025, मंगलवार तय की गई है.

### 'सस्ते' रूसी तेल से प्राइवेट रिफाइनरीज मालामाल

## सरकारी कंपनियों को हुई कम कमाई

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

रूस से सस्ते कच्चे तेल के आयात का फायदा तो खूब हुआ मगर वह बराबर बंटा नहीं है. देश में निजी क्षेत्र की कंपनियों को इसका ज्यादा मुनाफा मिला है. उद्योग जगत के सूत्रों और जहाजों की आवाजाही के आंकड़ों से पता चलता है कि सरकार द्वारा तय कीमत पर ईंधन बेचने की मजबूरी के कारण सरकारी रिफाइनरियों को बहुत कम लाभ हुआ है.

देश की सात रिफाइनिंग कंपनियों ने रूस से रोजाना करीब 18 लाख बैरल सस्ता तेल खरीदा और इसमें से 8.81 लाख बैरल दो कंपनियों के हिस्से में आया. दोनों निजी क्षेत्र की कंपनियां हैं – रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी. नायरा एनर्जी को रूस की रोसनेफ्ट चलाती है. 2025 में अभी तक हुए रूसी तेल के कुल आयात में करीब आधी हिस्सेदारी इन दोनों कंपनियों की ही है. फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से चार साल में भारत ने वहां से औसतन 15 लाख बैरल कच्चा तेल रोजाना आयात किया. इसमें से 40 फीसदी से ज्यादा तेल रिलायंस और नायरा ने ही मंगाया. भारत में आयात होने वाले कच्चे तेल में रूस की हिस्सेदारी 2021 में केवल 2 फीसदी थी, जो पिछले 42 महीनों में बढ़कर 32 फीसदी हो गई. इसका नुकसान सऊदी अरब, अमेरिका, नाइजीरिया और दूसरे देशों को उठाना पड़ा है, जहां से भारत ने आयात कम कर दिया. इस जून में तो भारत में आए कुल कच्चे तेल में से 45 फीसदी रूस से ही आया यानी विदेश से आने वाला कच्चे तेल का हर दूसरा बैरल रूस से रहा.

इसका सबसे ज्यादा फायदा रिलायंस को मिला मगर उसे हुए मुनाफे की सही जानकारी नहीं है. अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने इस सप्ताह सीएनबीसी पर एक साक्षात्कार में दावा किया, 'इन सौदों से भारतीय कंपनियों को करीब 16 अरब डॉलर का मुनाफा होने की बात है. भारत में रूस से सस्ता तेल खरीदने और उसे उत्पाद के तौर पर दोबारा बेच देने का यह काम जंग के दौरान ही बढ़ा है, जो हमें कबूल नहीं है. वह माल को दोबारा बेच रहे हैं. यह तो सरासर मुनाफाखोरी हुई.'

फिनलैंड की संस्था सीआरईए ने एक रिपोर्ट में कहा कि जी7+ देशों ने भारत और तुर्की की 6 रिफाइनरियों से 18 अरब यूरो (21 अरब डॉलर) के तेल उत्पाद आयात किए, जिनमें से करीब 9 अरब यूरो के उत्पाद रूसी कच्चे तेल से तैयार किए गए थे. रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी सूची में सबसे ऊपर है. सीआरईए का अनुमान है कि उसने 12 अरब यूरो का जो ईंधन जी7+ देशों को बेचा, उसमें से करीब 4 अरब यूरो का ईंधन रूसी कच्चे तेल से तैयार किया गया था. ओएनजीसी की मंगलौर रिफाइनरी चौथे स्थान पर और वाडीनार रिफाइनरी छठे स्थान पर है. सीमा शुल्क और जहाजों की आवाजाही के आंकड़ों, बजट दस्तावेज तथा उद्योग अधिकारियों से मिली जानकारी के आधार पर जब बिज़नेस स्टैंडर्ड ने हिसाब लगाया तो अच्छी खासी बचत का पता चला. जनवरी 2022 से जून 2025 के दौरान रूस से खाड़ी देशों और अमेरिका के मुकाबले सस्ता कच्चा तेल खरीदकर भारत ने करीब 15 अरब डॉलर बचा लिए.

# हीरो एशिया कप 2025 के लिए भारत पहुंची मलेशिया की टीम

## कप्तान मरहान जलील ने राजगीर पहुंचने पर जताई खुशी, कहा- भारत को हराना आसान नहीं होगा



**एजेंसियां । राजगीर**

बिहार में होने जा रहे प्रतिष्ठित हीरो एशिया कप 2025 के लिए शनिवार सुबह मलेशिया की टीम राजगीर पहुंच गई है. यह टूर्मानेंट 29 अगस्त को शुरु होगा और 7 सितंबर तक चलेगा. मलेशिया की टीम के यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया.

पिछली बार जकार्ता में हुए फाइनल में मलेशिया को कोरिया के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस बार मलेशिया के कप्तान मरहान जलील ने साफ कहा कि टीम जीतने के इरादे से आई है. उन्होंने कहा, "राजगीर आकर बेहद उत्साहित हूं.

हमारी तैयारियां अच्छी रही हैं और हम एक शानदार टूर्नामेंट की उम्मीद कर रहे हैं. मेजबान भारत को हराना आसान नहीं होगा क्योंकि उन्होंने प्रो लीग में कई शीर्ष टीमों के साथ खेला है और उनके पास बेहतरीन अनुभव और अंतरराष्ट्रीय हॉकी का एक्सपोजर है."

उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा चैंपियन कोरिया भी इस टूर्नामेंट में देखने योग्य टीम होगी. उन्होंने कहा कि इस साल हम उनके खिलाफ खेल चुके हैं और वे बेहद फिट और तेज नजर आ रहे हैं. कुल मिलाकर हमारी कोशिश पहले सुपर 4 में पहुंचने की होगी. टीम के मुख्य कोच सरजीत कुंदन ने गर्मजोशी भरे स्वागत पर खुशी जताते हुए कहा, "सबसे पहले तो हम इस शानदार स्वागत के लिए आभारी हैं. हमें खुशी है कि हम समय से पहले यहां पहुंचे और कुछ वॉर्म-अप मैच भी खेल पाएंगे.

हम एक युवा टीम हैं और हमारा लक्ष्य 2028 ओलंपिक और अगले साल के एशियाई खेलों की तैयारी करना है. हाल ही में हमने ऑस्ट्रेलिया और कोरिया का दौरा किया और सुल्तान अजलान शाह टूर्नामेंट भी खेलना है. यहां हमारा मकसद अच्छा खेलना है. हम इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त टीम हैं और उम्मीद है कि पदक जीतेंगे."

मलेशिया 29 अगस्त को टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी. मलेशिया पूल-बी में कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे के साथ है, जबकि पूल-ए में भारत, जापान, चीन और कजाखस्तान शामिल हैं.

# दिल्ली प्रीमियर लीग: पुरानी दिल्ली 6 के लिए अब हर मैच फाइनल जैसा

**एजेंसियां । नई दिल्ली**

नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रही दिल्ली प्रीमियर लीग में पुरानी दिल्ली 6 का यह सीज़न काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है. टीम ने शुरुआत आउटर दिल्ली वॉरियर्स से 82 रनों की करारी हार के साथ की थी, लेकिन इसके बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार दो मैच जीते.

हालांकि, इसके बाद लय बिगड़ गई और नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स से 27 रनों और ईस्ट दिल्ली राइडर्स से 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में भी हालात और कठिन रहे, जहां उन्हें दोबारा लगातार साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज से 46 रनों और ईस्ट दिल्ली राइडर्स से 21 रनों से हार झेलनी पड़ी.



अब पुरानी दिल्ली 6 शनिवार को वेस्ट दिल्ली लायंस के खिलाफ जीत हासिल करके अपने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेंगे. हालांकि प्लेऑफ़ की उम्मीदें बेहद कमजोर स्थिति में हैं और टीम के लिए अब हर मुकाबला एक नॉकआउट मुकाबले की तरह है. आगामी मुकाबलों पर बात करते हुए पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा कि, "हमें अपनी स्थिति का पूरा अंदाजा है और लड़के भी जानते हैं कि दांव पर क्या लगा है. अब सबकुछ आत्मविश्वास और योजनाओं को अनुशासन के साथ लागू करने पर निर्भर करता है. यहां से हर मैच हमारे लिए फाइनल है." टीम एक बार फिर सलामी बल्लेबाज समर्थ सेठ की निरंतरता, देव लाकड़ा की विस्फोटक मिडिल-ऑर्डर बल्लेबाज़ी और कप्तान वंश बेदी के हरफनमौला प्रदर्शन पर निर्भर करेगी. साथ ही गेंदबाज़ों को भी अहम मौकों पर विकेट निकालने ही होंगे. टीम के पास अभी सेंट्रल दिल्ली किंग्स (25 अगस्त) और साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज (27 अगस्त) के खिलाफ मैच बाकी हैं, ऐसे में शनिवार का यह मुकाबला बेहद अहम होने वाला है.

**टीम**

वंश बेदी (कप्तान), ऋषभ पंत (मार्की खिलाड़ी), ललित यादव, देव लाकड़ा, आयुष सिंह, समर्थ सेठ, आरूष मल्होत्रा, सार्थक पाल, अग्रिम शर्मा, विवेक यादव, युग गुप्ता, उदव मोहन, प्रणव पंत, प्रिंस मिश्रा, रुषल सैनी, आर्यन कपूर, प्रदीप पराशर, एकांश डोबाल, आदित्य मल्होत्रा, रजनीश दादर, आशीष चौरसिया, कुश नागपाल, ध्रुव चौहान, गौरव सरोहा।

## भारत-पाक के बीच मुकाबले को नहीं देखेगा ये पूर्व भारतीय बल्लेबाज, बोले- खेल से बढ़कर है जान



**एजेंसियां । नयी दिल्ली**

भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज मनोज तिवारी ने भी इस मुकाबले को लेकर अपनी राय रखी है और कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच इस मुकाबले को नहीं देखेंगे. मनोज तिवारी ने यह मुकाबला रखने पर भी निराशा जताई और कहा कि सभी लोग भूल गए कि पहलगाम में किस तरह निर्दोष नागरिकों को मारा गया था. भारत और पाकिस्तान के बीच अगले महीने होने वाला एशिया कप का मुकाबला लगातार विवादों में घिरता जा रहा है. पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद यह पहली बार होगा जब दोनों देशों की क्रिकेट टीमें एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगी. भारत-पाकिस्तान के बीच यह मैच 14 सितंबर को दुबई में खेला जाना है, लेकिन कई पूर्व क्रिकेटरों ने इसका बहिष्कार करने की मांग की है.

**भारत-पाकिस्तान के बीच मैच रखने पर मनोज ने जताई निराशा :** हाल ही में खेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जाएगी, लेकिन बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारतीय टीम को खेलने से नहीं रोका जा सकता. अब भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज मनोज तिवारी ने भी इस मुकाबले को लेकर अपनी राय रखी है और कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच इस मुकाबले को नहीं देखेंगे. मनोज तिवारी ने यह मुकाबला रखने पर भी निराशा जताई और कहा कि सभी लोग भूल गए कि पहलगाम में किस तरह निर्दोष नागरिकों को मारा गया था.

# यूपीटी20 लीग : सिद्धार्थ यादव की विस्फोटक पारी से गोरखपुर लायंस की लखनऊ फाल्कन्स पर धमाकेदार जीत

**एजेंसियां । लखनऊ**

भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में शुक्रवार रात खेले गए यूपीटी20 लीग के 11वें मैच में गौर गोरखपुर लायंस ने लखनऊ फाल्कन्स को रोमांचक अंदाज़ में 7 विकेट से मात दी. टीम के हीरो रहे सिद्धार्थ यादव, जिन्होंने आख़िरी ओवर में गज़ब का तूफ़ान मचाते हुए मैच पूरी तरह पलट दिया. 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लायंस को आखिरी 6 गेंदों में 22 रन चाहिए थे. लग रहा था कि मुकाबला हाथ से निकल चुका है, लेकिन सिद्धार्थ यादव ने किशन कुमार सिंह के ओवर में 3 छक्के और 1 चौका जड़ते हुए सिर्फ 5 गेंदों में टीम को अविश्वसनीय जीत दिला दी. सिद्धार्थ ने केवल 45 गेंदों में नाबाद 88 रन की पारी खेली, जिसमें 7 छक्के और 6 चौके शामिल थे. उन्होंने अक्षदीप नाथ (32) के साथ तीसरे विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी की. इससे पहले पहले ध्रुव जुरेल (29) और आर्यन जुयाल तेज शुरुआत देने के बाद आउट हो गए. इसके बाद सिद्धार्थ और नाथ ने पारी को संभालते हुए टीम को मज़बूती दी. 15वें ओवर तक स्कोर 127/2 था, लेकिन फाल्कन्स के गेंदबाज़ भुवनेश्वर कुमार (4 ओवर, 16 रन) और विप्रज निगम (4 ओवर, 23 रन, 1 विकेट) ने दबाव बनाए रखा. आखिरी ओवर तक फाल्कन्स जीत के करीब थे, मगर सिद्धार्थ ने शानदार स्ट्रोकप्ले से सारा समीकरण बदल दिया.



**फाल्कन्स की पारी :** टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ फाल्कन्स की शुरुआत बेहद खराब रही और 44 रन तक 4 विकेट गिर गए. लेकिन इसके बाद आराध्या यादव (68, 47 गेंद, 6 चौके, 4 छक्के) और कृतज्ञा सिंह (70, 38 गेंद, 7 छक्के, 4 चौके) ने पांचवें विकेट के लिए 123 रनों की विस्फोटक साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया.

गोरखपुर लायंस के लिए तीरथ सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 37 रन देकर 4 विकेट लिए. उनके अलावा वासु वत्स ने भी 23 रन देकर 3 विकेट हासिल किए.

**संक्षिप्त स्कोर**

**लखनऊ फाल्कन्स :** 182/8 (कृतज्ञा सिंह 70, आराध्या यादव 68; तीरथ 4/37, वासु 3/23).

**गोरखपुर लायंस :** 183/3, 19.5 ओवर (सिद्धार्थ यादव 88*, अक्षदीप नाथ 32; निगम 1/23).

मैन ऑफ द मैचः सिद्धार्थ यादव (88* रन, विजयी पारी)

## कप्तानी के लिए कोहली के नाम पर हुई थी चर्चा!

**नई दिल्ली ।** मुख्य कोच एंडी फ्लावर और बोबात ने ही पाटीदार को आरसीबी का कप्तान बनाने का विचार विराट कोहली के सामने रखा था, जो उस समय अहमदाबाद में भारत के लिए खेल रहे थे. कोहली ने कप्तानी के लिए पाटीदार पर भरोसा जताने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई. आईपीएल 2025 की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबात ने बताया कि किस तरह फ्रेंचाइजी ने सीजन की शुरुआत से पहले टीम के नए कप्तान को लेकर चौंकाने वाला फैसला लिया. बोबात ने साथ ही बताया कि कप्तानी के लिए विराट कोहली के नाम पर भी चर्चा की गई थी. मालूम हो कि फाफ डुप्लेसिस को टीम से रिलीज करने के बाद आरसीबी को नए कप्तान की तलाश थी और टीम ने रजत पाटीदार को यह जिम्मेदारी सौंपी थी. पाटीदार के नेतृत्व में आरसीबी ने अपनी पहली ट्रॉफी जीती थी और खिताब अपने नाम किया था.

**पाटीदार ने कप्तानी से किया था प्रभावित :** आरसीबी के सामने कप्तान के लिए कोहली, भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड जैसे अनुभवी खिलाड़ियों का विकल्प भी उपलब्ध था. लेकिन फ्रेंचाइजी ने पाटीदार के साथ जाना चुना जो सही फैसला साबित हुआ. पाटीदार ने अपनी अगुआई में वो उपलब्धि हासिल की, जो कप्तान रहते कोहली और डुप्लेसिस जैसे खिलाड़ी भी नहीं कर सके थे.

# द हंड्रेड: वेल्श फायर ने बर्मिंघम फीनिक्स को दी शिकस्त, प्ले ऑफ उम्मीदें बरकरार



**एजेंसियां । लंदन**

23 अगस्त (हि.स.). पुरुषों की द हंड्रेड 2025 में वेल्श फायर ने बर्मिंघम फीनिक्स को शुक्रवार रात 8 विकेट से हराकर प्लेऑफ़ की दौड़ में अपनी उम्मीदों को ज़िंदा रखा. इस जीत के साथ दोनों टीमों के आठ-आठ अंक हो गए हैं और अब दोनों के पास दो-दो मैच शेष हैं.

हालांकि नॉकआउट तक का रास्ता अब भी कठिन है. दोनों टीमों को अपने बाकी दोनों मुकाबले जीतने होंगे और साथ ही उम्मीद करनी होगी कि तीसरे स्थान पर मौजूद नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स अंक गंवाए. इसी दौड़ में साउदर्न ब्रेव (12 अंक) और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स (8 अंक) भी शामिल हैं.

मैच में बर्मिंघम फीनिक्स ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निराशाजनक शुरुआत की. बेन डकेट को राइली मेरेडिथ ने जल्दी ही आउट कर दिया. जो क्लार्क और विल स्मीड ने रन गति बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन बेन केलअवे ने क्लार्क को आउट कर फीनिक्स की पारी को झटका दिया. टीम 58/3 से 85/5 पर लड़खड़ा गई. इसके बाद बेनी हावेल और जैकब बेथेल ने 39 रन जोड़कर संघर्ष किया, मगर अंत तक टीम केवल 138/9 तक ही पहुंच सकी.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेल्श फायर ने शानदार शुरुआत की. स्टीव स्मिथ और स्टीफन एस्किनाज़ी ने 72 रन की साझेदारी की. एस्किनाज़ी 42 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन स्मिथ ने पारी संभाले रखी. बीच में जॉनी बेयरस्टो ने ताबड़तोड़ 35 रन (21 गेंद) जोड़े और टीम को जीत की ओर धकेला. अंत में कप्तान टॉम एबेल ने चौका जड़कर जीत दिलाई.

**संक्षिप्त स्कोरकार्ड**

**बर्मिंघम फीनिक्स** – 138/9 (100 गेंदों में), (जैकब बेथेल 38, जो क्लार्क 24; क्रिस ग्रीन 3/27, बेन केलअवे 2/10, राइली मेरेडिथ 2/25)

**वेल्श फायर** – 140/2 (89 गेंदों में) (स्टीवन स्मिथ 47*, स्टीफन एस्किनाज़ी 42, जॉनी बेयरस्टो 35)

परिणामः वेल्श फायर 8 विकेट से विजयी.

**टीम की घोषणा** | एशिया कप 2025 के लिए बांग्लादेश टीम घोषित

# लिटन दास होंगे कप्तान, नजमुल हुसैन शांतो-मेहदी बाहर

**एजेंसियां । ढाका**

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को एशिया कप 2025 के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है. टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा. इस टीम के खिलाड़ी इससे पहले नीदरलैंड्स के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज़ भी खेलेंगे. टीम की कमान लिटन दास के हाथों में होगी, जिन्होंने हाल ही में श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज़ में बांग्लादेश को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी. लंबे समय बाद विकेटकीपर बल्लेबाज़ नुरुल हसन टीम में वापसी कर रहे हैं. वहीं, अनुभवी ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज़ को मुख्य टीम में जगह नहीं मिली है, जबकि सीनियर बल्लेबाज़ नजमुल हुसैन शांतो भी टीम से बाहर कर दिए गए हैं. सौम्या सरकार को स्टैंडबाय खिलाड़ियों में रखा गया है. बांग्लादेश को एशिया कप में ग्रुप-बी में रखा गया है, जहां उसका सामना अफगानिस्तान, हांगकांग और श्रीलंका से होगा. वहीं ग्रुप-ए में भारत, पाकिस्तान, ओमान और मेज़बान यूएई की टीमें शामिल हैं.



**बांग्लादेश टीम (एशिया कप 2025):** लिटन दास (कप्तान), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदॉय, जाकिर अली अनिक, शमीम हुसैन, क्वाजी नुरुल हसन सोहन, शाक माहीदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजिम हसन साकिब, तास्किन अहमद, शरीफुल इस्लाम, शैफ उद्दीन.

**स्टैंडबाय खिलाड़ी:** सौम्या सरकार, मेहदी हसन मिराज़, तनवीर इस्लाम, हसन महमूद.

# केनेडी में होगा फीफा वर्ल्ड कप 2026 का ड्रॉ : ट्रंप

**एजेंसियां । वॉशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की कि वॉशिंगटन स्थित जॉन एफ. केनेडी सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ड्रॉ की मेजबानी करेगा. ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, "इस वर्ष 5 दिसंबर को 2026 फीफा वर्ल्ड कप ड्रॉ केनेडी सेंटर में आयोजित किया जाएगा." इस मौके पर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो भी मौजूद रहे.



राष्ट्रपति ट्रंप इस समय केनेडी सेंटर के 257 मिलियन डॉलर के नवीनीकरण कार्य की देखरेख कर रहे हैं. उनका कहना है कि यह सेंटर अगले साल होने वाले अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ समारोह का प्रमुख आकर्षण होगा.

फीफा वर्ल्ड कप 2026 अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको संयुक्त रूप से आयोजित करेंगे. यह पहला वर्ल्ड कप होगा जिसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 104 मैच खेले जाएंगे.

कनाडा में 13 मुकाबले होंगे, जिनमें से 10 ग्रुप स्टेज के होंगे और ये टोरंटो व वैंकूवर में बराबर बांटे जाएंगे. मैक्सिको को भी 13 मैचों की मेजबानी मिलेगी, जिनमें ग्रुप स्टेज के 10 मैच मेक्सिको सिटी, ग्वाडलजारा और मॉन्टेरी में होंगे. बाकी मुकाबले अमेरिका के 11 शहरों में आयोजित किए जाएंगे.

फीफा ने इस भव्य आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं. संगठन ने अमेरिका में अपने फील्ड ऑफिस मियामी और न्यूयॉर्क के ट्रंप टॉवर में स्थापित किए हैं.

## झारखंड में शुरू हुआ राज्यव्यापी रीडिंग कैम्पेन: 'मेरी किताब, मेरी कहानी'

# हजारीबाग में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने किया शुभारंभ

शुभम संदेश. हजारीबाग



झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) ने राज्य के सभी साझेदार संगठनों के सहयोग से एक महत्वपूर्ण पहल "मेरी किताब, मेरी कहानी" नामक रीडिंग कैम्पेन की शुरुआत की है. यह अभियान राज्य के प्रमुख कार्यक्रम "मेरा विद्यालय निपुण – मैं भी निपुण" का अभिन्न हिस्सा है और 15 अगस्त से 10 सितंबर तक पूरे झारखंड में चलेगा.

इस दौरान झारखंड के 24 जिलों के लगभग 35,000 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं इस अभियान के तहत विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेंगे. इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना और शिक्षा को रोचक एवं आनंददायक बनाना है ताकि बच्चे पढ़ाई के प्रति अधिक उत्साहित हो सकें.

शुभारंभ समारोह में प्रमुख वक्तव्य हजारीबाग जिले में इस रीडिंग कैम्पेन का शुभारंभ उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने किया. उन्होंने कहा, "यह अभियान बच्चों में पढ़ने की रुचि को बढ़ाने के साथ-साथ उनके अंदर पठन-संस्कृति को मजबूती प्रदान करेगा." जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण कुमार रंजन और जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार ने भी सभी सहभागी एवं सहयोगी संस्थाओं का धन्यवाद किया और उनसे इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की.

### बाल साहित्य के महत्व पर जोर

इस अवसर पर रूम टू रीड के जिला प्रभारी कार्तिक मुखर्जी ने बताया, "नियमित रूप से बच्चों को कहानियाँ पढ़ना और सुनाना उनकी भाषा कौशल और शब्दावली को मजबूत करता है. कहानियाँ संवाद का सबसे पुराना माध्यम हैं, जिनसे बच्चे अपने आस-पास की दुनिया को समझते हैं और बेहतर संवाद करते हैं."

साझेदार संगठनों का सहयोग

इस राज्यव्यापी अभियान में रूम टू रीड, यूनिसेफ, भारती एयरटेल फाउंडेशन, सम्पर्क फाउंडेशन, प्रारंभ एजुकेशन फाउंडेशन, पिरामल फाउंडेशन, उगम एजुकेशन फाउंडेशन, प्रतिज्ञा, चेंजइंक फाउंडेशन, लीपफॉरवर्ड, आईसीआरडब्ल्यू, क्वेस्ट एलायंस, विक्रमशिला, ड्रीम-ए-ड्रीम, एजुकेशन इनिशिएटिव (Ei), और CInI-टाटा ट्रस्ट जैसे कई प्रतिष्ठित संस्थान सहयोग कर रहे हैं.

## पति-पत्नी के झगड़े का अजीबोगरीब अंजाम, ट्रक से गिरकर युवक घायल

चौपारणः चौपारण थाना क्षेत्र में शनिवार को पति-पत्नी के बीच हुए विवाद ने एक युवक के लिए खतरे की घंटी बजा दी. गया जिले के रंगदार बिगहा निवासी 20 वर्षीय मनोज मांझी पत्नी से हुए झगड़े के बाद गुस्से में आकर चोरदाहा बॉर्डर के पास चलते एक ट्रक से लटक गया. कुछ दूरी तय करने के बाद संतुलन बिगड़ने से वह ट्रक से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया.

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने NHIAI एंबुलेंस को सूचना दी. मौके पर पहुंचे EMT प्रकाश रजक ने घायल को प्राथमिक उपचार देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण भेजवाया. इलाज के लिए पैसे न होने की वजह से पत्रकार कृष्णा पासवान ने मदद की और युवक को अस्पताल पहुंचाया.

## नागी पंचायत में जंगली हाथियों का आतंक

# दो घर ध्वस्त, अनाज नष्ट

- पीड़ितों को जेएलकेएम अध्यक्ष ने दी राहत, वन विभाग से निगरानी की मांग

शुभम संदेश। विष्णुगढ़ (हजारीबाग)

प्रखंड क्षेत्र के नागी पंचायत अंतर्गत ढोठवा टोला में शुक्रवार देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने कहर बरपाया. हाथियों ने दो ग्रामीणों — प्रदीप मुर्मू और अजय मुर्मू के मिट्टी के मकानों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया. घर में रखे गए अनाज को हाथियों ने खा लिया, वहीं कई अन्य घरेलू सामानों को नुकसान पहुंचाया.

घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है. जानकारी मिलते ही झारखंड लघु कृषक मंच (जेएलकेएम) के प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की. उन्होंने नुकसान का जायजा लिया और तत्काल राहत के तौर पर खाद्य सामग्री प्रदान की. इसके साथ ही उन्होंने अंचलाधिकारी से फोन पर बात कर आवास, मुआवजा और राहत सामग्री की मांग की, जिस पर अंचलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई और सहायता का आश्वासन दिया.

कौलेश्वर महतो ने कहा कि वन विभाग को क्षेत्र में सक्रिय जंगली हाथियों पर निगरानी के लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की जनहानि न हो. उन्होंने ग्रामीणों को मास्क लाइट, टॉर्च और अन्य जरूरी उपकरण उपलब्ध कराने की भी मांग की.मौके पर सुरेश कुमार, प्रवीण महतो, निशाल बेसरा, मोहन सोरेन, बलदेव महतो, आरती देवी और अनिता देवी उपस्थित थे.

## 30 टन चोरी का आटा बरामद कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



- सोनभद्र से बोकारो के लिए चला ट्रक पहुंचा सरैया, नंबर प्लेट बदलकर चोरी के आटे को खपाने की थी योजना

शुभम संदेश। पदमा (हजारीबाग)

पदमा ओपी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 टन चोरी का आटा जब्त किया है और इस मामले में एक अभियुक्त केदार यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. पदमा ओपी प्रभारी संचित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि चोरी के आटे से लदे दो ट्रक (JH 02BQ 3194 और JH 24K 4499) सरैया क्षेत्र में खपाए जाने की योजना है.

जानकारी के मुताबिक, यह आटा उत्तर प्रदेश के सोनभद्र से झारखंड के बोकारो के लिए रवाना किया गया था, लेकिन बीच रास्ते में ट्रक की नंबर प्लेट बदलकर उसे सरैया में बेचने की कोशिश की गई. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रकों को रेवा यादव पब्लिक स्कूल परिसर, सरैया से जब्त कर लिया.

पूछताछ में आरोपी केदार यादव ने बताया कि उसे उसके परिचित कैलाश यादव (गौरियाकर्मा निवासी) ने ट्रक को पदमा में रखने को कहा था. ट्रक की असली पहचान गिरिडीह निवासी संतोष यादव के नाम से बताई जा रही है. प्रारंभिक रूप से केदार ने यह भी स्वीकार किया कि उसे बाद में मालूम हुआ कि ट्रक में लदा आटा चोरी का है. इसके बाद उसने आटा को अपने दूसरे ट्रक में लोड कर खपाने की कोशिश की.

पदमा पुलिस ने कांड संख्या 307/25 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. इस संबंध में उत्तर प्रदेश के सोनभद्र थाना में पहले से ही प्राथमिकी दर्ज है. हजारीबाग पुलिस ने बताया कि चोरी के इस नेटवर्क में कई अन्य संदिग्धों के नाम सामने आ सकते हैं और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है. जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की भी संभावना जताई गई है.

## भारी वर्षा से उत्पन्न समस्याओं से निपटने के लिए उपायुक्त ने दिए कड़े निर्देश

# हजारीबाग में आपदा प्रबंधन को लेकर सभी विभाग सतर्क रहेंगे

शुभम संदेश। हजारीबाग



हजारीबाग जिला में भारी वर्षा के कारण संभावित समस्याओं से निपटने एवं प्रभावी आपदा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क एवं तत्पर रहने के निर्देश जारी किए हैं. उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ जलजमाव, सड़क-पुलों की क्षति, विद्युत आपूर्ति बाधित होने, जलजनित बीमारियों के फैलाव और अन्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है.

**प्रमुख निर्देशों में शामिल हैं:**

- सभी प्रखंडों में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएंगे, जो आपात सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करेंगे.
- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी अलर्ट पर तुरंत आवश्यक कदम उठाए जाएंगे.
- नदियों, तालाबों, जलाशयों, पुल-पुलियों की सतत निगरानी की जाएगी, खतरे वाले स्थानों पर चौकीदार तैनात किए जाएंगे और पंचायत स्तर पर बचाव दल (Rescue Team) तैयार रखी जाएगी.
- स्वास्थ्य विभाग को वर्षा से फैलने वाली बीमारियों जैसे डायरिया, मलेरिया, टायफाइड और सांप काटने के इलाज के लिए दवाइयों और एंटी-वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी. मेडिकल टीमें अलर्ट पर रहेंगी.
- नगर और ग्रामीण क्षेत्र की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी, नालों की सफाई और जलजमाव की समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा.
- तकनीकी विभाग पुराने पुलों, तटबंधों और अन्य संरचनाओं की जांच कर आवश्यक मरम्मत करेगा, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी के घरों और फसलों का सर्वेक्षण होगा.
- जलजमाव या सड़क क्षति के कारण यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्ग बनाए जाएंगे.
- माइग्रेंट मजदूर, ईंट-भट्टा श्रमिक और घुमंतु समुदाय के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल उपलब्ध कराए जाएंगे.
- विद्युत विभाग जलभराव या पेड़-पोल गिरने की स्थिति में विद्युत आपूर्ति को तत्काल बंद कर आवश्यक सावधानियां अपनाएगा.

उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया है कि वे प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें और आवश्यक सावधानियां अपनाने के लिए प्रेरित करें. जिले में समन्वय और तत्परता के साथ आपदा प्रबंधन को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए सभी अधिकारी पूरी तरह सजग रहेंगे.

## एक नजर

### कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह को नई जिम्मेदारी, खूंटी जिला के लिए पीसीसी पर्यवेक्षक नियुक्त



**हजारीबाग**। पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा खूंटी ज़िला का पीसीसी पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है. यह नियुक्ति संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत की गई है, जिसके माध्यम से पार्टी राज्यभर में संगठनात्मक मजबूती पर विशेष फोकस कर रही है. नई जिम्मेदारी मिलने पर मुन्ना सिंह ने कांग्रेस आलाकमान और प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा, प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाएंगे. उन्होंने कहा कि खूंटी की धरती संघर्ष, आंदोलन और जनजागृति की मिसाल रही है, और यहां कांग्रेस संगठन को नई दिशा और ऊर्जा देना उनका लक्ष्य होगा. मुन्ना सिंह ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत जमीनी कार्यकर्ता हैं, और संगठन को मजबूत बनाकर ही पार्टी के मूल्यों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है.

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शानदार समापन, राष्ट्रीय मंच पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे खिलाड़ी: डॉ. शर्मा



**रामगढ़**। डीएवी पब्लिक स्कूल, रजरप्पा में झारखंड प्रक्षेत्र-डी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय भारोत्तोलन एवं नेटबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य व झारखंड प्रक्षेत्र-डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. एसके शर्मा ने सभी विजेता व उपविजेता टीमों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने अनुशासन, मेहनत और समर्पण के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया है. यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है. उन्होंने भरोसा जताया कि चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय मंच पर झारखंड का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से आगे भी इसी तरह समर्पण भाव से खेल में लगे रहने की अपील की.समारोह में डीएवी तापिन के प्राचार्य यू.के. रॉय, डीएवी केदला के प्राचार्य बी. बनर्जी, डीएवी आरा के आलोक कुमार, एवं विशिष्ट अतिथि रामबृक्ष पांडेय भी मौजूद रहे.

### लिलदहा टीम बनी सैयारा फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता



**हजारीबाग**।जिले के नवादा पंचायत के मैदान में आयोजित सैयारा फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन शुक्रवार देर रात हुआ. इस टूर्नामेंट में आसपास के गांवों की कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया और खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया. फाइनल मुकाबला लिलदहा और मरहेता फुटबॉल टीम के बीच खेला गया, जिसमें लिलदहा की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए खिताब अपने नाम किया. विजेता टीम को टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता रामा सोनी ने ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया.समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि रामा सोनी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि झारखंड वीर शहीदों की धरती होने के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी प्रतिभाओं से भरा है. यहां के खिलाड़ी आज राज्य ही नहीं, देश और विदेश में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं.

### नव सृजित प्राथमिक विद्यालय में चोरी सिलेंडर समेत खाद्य सामग्री ले उड़े चोर

**जयनगर (कोडरमा)**। थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरौन के नावाडीह स्थित नव सृजित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार की बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। अज्ञात चोरों ने विद्यालय के रसोई घर का ताला तोड़कर तीन सिलेंडर एवं खाद्यान्न सामग्री सहित आवश्यक सामान चोरी कर लिया. जानकारी के अनुसार घटना देर रात की है। सुबह जब विद्यालय के रसोईघर का ताला खोला गया तो दरवाजा टूटा पाया गया और अंदर रखा तीन गैस सिलेंडर एवं अनाज आदि समान गायब थे। घटना की जानकारी रसोइया के द्वारा विद्यालय के शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य को दी गई ।विद्यालय प्रभारी प्राचार्य उमा यादव ने मामले की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई है और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है.

## डीवीसी कोनार परियोजना ने सुनी विस्थापित गांवों की समस्याएं

# विकास कार्यों का मिलेगा लाभ



- पुल पुनर्निर्माण, सोलर लाइट और सिंचाई सुविधा की उठी मांग, सीएसआर मद से होगा समाधान

शुभम संदेश। विष्णुगढ़ (हजारीबाग)

डीवीसी कोनार परियोजना के प्रधान राणा रणजीत सिंह ने शनिवार को परियोजना से प्रभावित तीन प्रमुख गांवों—जरिया महतोइया, बारहमोरिया और नवाटांड़ का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना.

जरिया महतोइया और बारहमोरिया पंचायत के मुखिया दुलारचंद पटेल ने वर्षों पूर्व डीवीसी द्वारा निर्मित अब क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत या पुनर्निर्माण की मांग की. इसके साथ ही ग्रामीणों ने सोलर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, पंपिंग सेट और खेती के लिए सिंचाई सुविधा मुहैया कराने की आवश्यकता बताई.

नवाटांड़ के ग्रामीण प्रतिनिधि सुरेश राम ने बताया कि गांव पूरी तरह विस्थापित है और यहां कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है. उन्होंने डीवीसी द्वारा बनाए गए सामुदायिक भवन की चारदीवारी के निर्माण और बड़े तालाब से नहर द्वारा खेतों में सिंचाई की मांग रखी.

परियोजना प्रमुख राणा रणजीत सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि डीवीसी अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व योजना (सीएसआर) के तहत प्रभावित गांवों की आवश्यकताओं का मूल्यांकन कर चरणबद्ध ढंग से विकास कार्य शुरू करेगी. उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता देकर पुल, बिजली, सिंचाई और सामुदायिक संरचनाओं के विकास पर काम किया जाएगा.

इस दौरान सीएसआर प्रभारी सुनील कुमार, कर्मी दामोदर महतो सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे. ग्रामीणों ने डीवीसी की इस पहल की सराहना करते हुए शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई.

## वन भूमि पर अतिक्रमण का प्रयास

# नौकरी का झांसा दे ग्रामीणों को गुमराह करने पहुंचे अधिकारी को खदेड़ दिया

- अम्रपाली कंपनी पर फर्जीवाड़ा और वन अधिनियम उल्लंघन का आरोप, ग्रामीणों ने उपायुक्त से की शिकायत

शुभम संदेश। चतरा (टंडवा)



टंडवा प्रखंड के सरादु गांव में शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब अम्रपाली कोल प्रबंधन से जुड़े एक अधिकारी पर फर्जी नौकरी का झांसा देकर वन भूमि पर अतिक्रमण करने का आरोप लगा. जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध करते हुए अधिकारी को मौके से खदेड़ दिया.

ग्रामीणों सुबोध सिंह, अशोक राम, बिजय सिंह, समीम मियां, राजेन्द्र राम, कैलास अमृत महतो समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि अम्रपाली कंपनी का एक कथित अधिकारी कुछ दलालों के माध्यम से गांव के बेरोजगार युवाओं को नौकरी का लालच देकर जंगल में हाईटेंशन पोल गाड़ने का प्रयास कर रहा था. ग्रामीणों ने कहा कि यह इलाका न तो अम्रपाली क्षेत्र में आता है और न ही कंपनी ने इस भूमि का अधिग्रहण किया है.

डीएफओ कार्यालय, चतरा द्वारा जारी पत्रांक 330 के अनुसार सरादु की वन भूमि पर किसी भी प्रकार की परियोजना के लिए एनओसी जारी नहीं की गई है. इसके बावजूद अम्रपाली प्रबंधन के दो अधिकारियों पर पहले भी वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज हो चुका है, जो वन भूमि पर अवैध कार्यों में लिप्त थे.

ग्रामीणों ने बताया कि यह पूरा मामला मनी लॉन्ड्रिंग और टेंडर रेट से अधिक भुगतान के जरिए डैमेज कंट्रोल से भी जुड़ा हो सकता है. उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां जंगलों और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा हैं.

इस संबंध में सरादु के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही चतरा उपायुक्त से मिलकर लिखित शिकायत कर कड़ी कार्रवाई की मांग करेगा. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे.

## सांसद ने धरमपुर में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

# ग्रामीणों की समस्याओं पर मनीष जायसवाल ने चर्चा की

शुभम संदेश। टाटीझरिया



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया प्रखंड का दौरा किया. सबसे पहले वे टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय पर पहुंचे, जहाँ स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया. इसके बाद सांसद सीधे धरमपुर गांव पहुँचे और ग्रामीणों के साथ एक चौपाल में संवाद स्थापित किया.

**ग्रामीणों की मांगों पर हुई चर्चा:** ग्रामीणों ने सांसद को शिव मंदिर चौक स्थित तालाब की गहरीकरण और धरमपुर उप-स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की मांग की. स्थानीय कलाकार शंकर राम ने सांसद को एक पेंटिंग भेंट कर अभिनंदन किया.

**निर्माणाधीन दुर्गा मंडप का निरीक्षण :**सांसद जायसवाल ने निर्माणाधीन दुर्गा मंडप का स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु टाइल और मार्बल उपलब्ध कराए जाएंगे.

**मौके पर मौजूद प्रमुख लोग:** कार्यक्रम में शामिल प्रमुख हस्तियों में संसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह, मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी शामिल थे. साथ ही अशोक यादव (मुखिया प्रतिनिधि), शंकर राम, लखन विश्वकर्मा, सुरेश प्रजापति, सुरेश कुमार, जीतन कुमार, चमन साव, रवि वर्णवाल सहित कई गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे.यह दौरा विकास की प्राथमिकताओं पर सांसद का स्पष्ट दृष्टिकोण दर्शाता है और जनता से उनकी नजदीकी का प्रमाण है.

### सांसद का संकल्प

उन्होंने कहा, "विकास एक सतत प्रक्रिया है, और मैं आपके विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास कर रहा हूँ. लोकसभा सत्र के पश्चात मैं आपकी समस्याओं के समाधान हेतु आपके बीच मौजूद हूँ. मैं हमेशा क्षेत्र की जनता के सुख–दुख में सहभागी बनकर खड़ा रहूंगा."

## राष्ट्रीय ऑर्थोडॉन्टिक शिखर सम्मेलन में हजारीबाग डेंटल कॉलेज की प्रभावशाली भागीदारी

# डॉ. पल्लवी के शोध पत्र को तीसरा पुरस्कार

शुभम संदेश। हजारीबाग.



हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के ऑर्थोडॉन्टिक्स एवं डेंटोफेशियल ऑर्थोपेडिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंशु साहू ने हाल ही में बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय ऑर्थोडॉन्टिक शिखर सम्मेलन में अध्यक्षता की. यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम डॉ. आर. अहमद डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल और इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जो पूर्वी भारत में ऑर्थोडॉन्टिक्स के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है.

सम्मेलन में देशभर के ऑर्थोडॉन्टिस्ट, प्रतिष्ठित वक्ता, स्नातकोत्तर छात्र और विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्र हुए. इसमें नवाचार, नैदानिक उत्कृष्टता और ऑर्थोडॉन्टिक्स की भविष्य की दिशा पर चर्चा हुई.हजारीबाग डेंटल कॉलेज से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रघु रंजन प्रसाद ने पोस्टर प्रेजेंटेशन के निर्णायक की भूमिका निभाई. वहीं डॉ. शोवन रॉय ने सक्रिय भागीदारी कर छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया.

कॉलेज की द्वितीय वर्ष की स्नातकोत्तर छात्रा डॉ. पल्लवी सिन्हा को शोधपत्र प्रस्तुति में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो संस्थान के लिए गर्व की बात रही.

सम्मेलन में 300 से अधिक विशेषज्ञ और प्रतिनिधि उपस्थित थे, और हजारीबाग डेंटल कॉलेज ने अपनी मजबूत उपस्थिति और सकारात्मक योगदान से सभी के बीच गहरी छाप छोड़ी.

## न्यूज अपडेट

### पाकिस्तानी पत्रकार नजम सेठी और सत्यपाल मलिक के खिलाफ असम में केस

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में पुलिस ने एक एफआईआर दर्ज की है, जिसमें पत्रकार सिद्धार्थ वरदराजन, करन थापर, आशुतोष भारद्वाज, जम्मू कश्मीर के पूर्व उपराज्यपाल दिवंगत सत्यपाल मलिक, पाकिस्तानी पत्रकार नजम सेठी के साथ ही एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है. यह एफआईआर 9 मई को दर्ज कराई गई थी, जिसे गुवाहाटी के रहने वाले बीजू वर्मा ने दर्ज कराया. आरोप है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद और ऑपरेशन सिंदूर के बाद ऑनलाइन न्यूज पोर्टल द वायर पर लेख और इंटरव्यू पोस्ट किए गए थे.

### चेन्नई में तेज बारिश का कहर सफाईकर्मी की करंट लगने से मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कई हिस्सों में शुक्रवार देर रात और शनिवार सुबह तेज बारिश हुई. चेन्नई, तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टू, कांचीपुरम और तिरुवन्नामलाई जिलों में मूसलाधार बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया. इसी दौरान चेन्नई में एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जब एक सफाईकर्मी वरलक्ष्मी की करंट लगने से मौत हो गई. मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के निर्देश पर मृतक परिवार को तुरंत 20 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया. पुलिस के अनुसार, चेन्नई के कन्नगी नगर इलाके में सफाई का काम कर रही वरलक्ष्मी को पानी में गिरे खुले बिजली के तार का पता नहीं चला. जैसे ही वह तार के संपर्क में आई, करंट से उनकी मौके पर ही मौत हो गई. यह हादसा सुबह-सुबह हुआ, जब वह अपनी ड्यूटी निभा रही थीं.

### इस्राइल के डच विदेश मंत्री का इस्तीफा, मचा हड़कंप

**नयी दिल्ली।** नीदरलैंड के विदेश मंत्री कास्पर वेल्डकैंप ने शुक्रवार शाम अपने पद से इस्तीफा दे दिया. उन्होंने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि वे गाजा युद्ध को लेकर इस्राइल पर नए प्रतिबंध लगाने में नाकाम रहे. वेल्डकैंप ने संसद को पहले ही जानकारी दी थी कि वे इस्राइल के गाजा सिटी और अन्य घनी आबादी वाले इलाकों में सैन्य कार्रवाई के जवाब में कुछ कड़े कदम उठाना चाहते हैं. लेकिन उन्हें अपने गठबंधन दलों का समर्थन नहीं मिला, जिसके कारण वे प्रस्ताव लागू नहीं कर सके. एक समय में इस्राइल में राजदूत रहे 61 वर्षीय राजदूत वेल्डकैंप ने कहा कि मैं खुद वो नीति लागू नहीं कर पा रहा हूं, जिसे मैं ज़रूरी मानता हूं, इसलिए इस्तीफा देना ही उचित है.

### चीन में निर्माणाधीन रेलवे पुल ढहा कम से कम 12 श्रमिकों की मौत

**बीजिंग।** चीन में एक प्रमुख नदी पर निर्माणाधीन रेलवे पुल के ढहने से कम से कम 12 श्रमिकों की मौत हो गई. हादसे में चार अन्य लापता बताए जा रहे हैं. सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी की हवा से ली गई तस्वीरों में पुल का एक बड़ा हिस्सा गायब दिखाई दे रहा है. पुल के डेक का एक मुड़ा हुआ हिस्सा नीचे नदी में लटक रहा है. शिन्हुआ के मुताबिक, शुक्रवार तड़के लगभग 3 बजे उत्तर-पश्चिम चीन के किंघई प्रांत में पुल पर 16 श्रमिक काम कर रहे थे, जब एक अभियान के दौरान एक स्टील केबल टूट गई. लापता लोगों की तलाश में नाव, एक हेलीकॉप्टर और रोबोट का इस्तेमाल किया जा रहा है. अंग्रेजी भाषा के अखबार के अनुसार, पुल 1.6 किलोमीटर लंबा है. इसका डेक नीचे नदी की सतह से 55 मीटर ऊपर है.

### ताइवान में जनमत संग्रह चुनाव शुरू

**ताइवान।** ताइवान में शनिवार को रिकॉल वोटिंग (जनमत संग्रह चुनाव) हो रही है. यह मतदान सात विपक्षी सांसदों की विधायिका से बर्खास्तगी और परमाणु ऊर्जा की वापसी पर फैसला लेने के लिए हो रहा है. ताइवान में आखिरी चालू परमाणु रिएक्टर भी पांच महीने पहले बंद हो गया था. हालांकि अब फिर से परमाणु रिएक्टर को शुरू करने पर विचार किया जा रहा है. एक महीने में दूसरी बार हो रही ये रिकॉल वोटिंग सत्ताधारी पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के लिए सत्ता पर नियंत्रण पाने का भी मौका है, क्योंकि 2024 के चुनाव में डीपीपी ने बहुमत खो दिया था. हालांकि इसकी संभावना कम ही है क्योंकि जुलाई में हुए पहले रिकॉल मतदान में विपक्षी नेशनलिस्ट पार्टी खुद को बचाने में कामयाब रही थी. डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी ने साल 2024 में राष्ट्रपति पद जीता, लेकिन 113 सीटों वाली विधायिका में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला.

### नेपाल में 4.4 तीव्रता के भूकंप के झटके

**ढाका।** पूर्वी नेपाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए. राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, शुक्रवार रात 11:15 बजे संखुवासभा जिले में 4.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र माघांग क्षेत्र में था. अधिकारियों ने बताया कि भूकंप पूर्वी नेपाल के कई अन्य जिलों में भी महसूस किया गया, हालांकि किसी के हताहत होने या किसी नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है. नेपाल भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है और वहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं. अप्रैल 2015 में, 7.8 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप में लगभग 9,000 लोग मारे गए थे और पांच लाख से ज़्यादा घर क्षतिग्रस्त हो गए थे.




**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के अवसर पर 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस)' के प्रथम स्वरूप के अनावरण के दौरान ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर और ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन अन्य लोगों के साथ.

### उत्तराखंड के थराली में बादल फटने से भारी तबाही

# एक युवती की मौत, एक लापता

## दुकानों और कई घरों में घुसा मलबा, गाड़ियां दबीं, राहत और बचाव कार्य में जुटी टीमें

एजेंसी। देहरादून

उत्तराखंड में बारिश का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. शुक्रवार आधी रात को चमोली जिले के थराली तहसील क्षेत्र के टूनरी गदेरे में बादल फटने से भारी तबाही हुई है. यहां थराली बाजार और आसपास के क्षेत्र में भारी मलबा आ गया. मलबे की चपेट में आने से एसडीएम आवास सहित कई घर क्षतिग्रस्त हो गए. दुकानों में मलबा भर गया. कई वाहन भी मलबे में दब गए. मलबे में दबने से एक युवती की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना है. स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें बचाव कार्य में जुटी हैं.

मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरफ) की टीम आपदा क्षेत्र के लिए रवाना हो गई हैं.

इसके अतिरिक्त जोशीमठ से एक चिकित्सा दल को तैनात किया गया है. भारतीय सेना की इन्फैंट्री बटालियन की एक टुकड़ी भी सुबह रुद्रप्रयाग से रवाना हुई है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मलबे में दबने से युवती की मौत पर दुख जताया तथा लापता व्यक्ति के सुरक्षित व सकुशल होने की कामना की है. मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस, आपदा प्रबंधन विभाग और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचकर बचाव और राहत कार्य में जुटी हैं.



मुख्यमंत्री ने नुकसान की ली जानकारी, जताया दुख : मुख्यमंत्री धामी ने चमोली जनपद के जनप्रतिनिधियों से टेलीफोन पर वार्ता कर बादल फटने से हुए नुकसान की जानकारी ली. मुख्यमंत्री ने आपदा पर दुःख जताते हुए सभी जनप्रतिनिधियों से राहत और बचाव कार्यों में जिला प्रशासन का सहयोग करने का अनुरोध किया है. इसके साथ उन्होंने स्थानीय विधायक से वार्ता कर उनसे मौके पर रहकर राहत एवं बचाव कार्यो का भौतिक निरीक्षण करने की अपेक्षी की है.

इससे पहले मुख्यमंत्री धामी ने घटना पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा था, 'जनपद चमोली के थराली क्षेत्र में देर रात बादल फटने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई. जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं. इस सम्बन्ध में निरंतर स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हूं और स्वयं स्थिति की गहन निगरानी कर रहा हूं. ईश्वर से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना करता हूं.'

## न्यूज अपडेट

### शनि आस्था का संगम : मप्र के ऐंति पर्वत पर दो दिवसीय शनि मेला शुरू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुरैना का शनि पर्वत इन दिनों श्रद्धा और आस्था का केंद्र बना हुआ है. अतिप्राचीन समय से विश्व में एकमात्र मूर्ति स्वरूप में विराजमान शनि देव का मंदिर यहीं स्थित है. धार्मिक मान्यता के अनुसार शनि उपासना के लिए यह स्थान अत्यंत फलदायी है, इसी कारण हजारों श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचना शुरू कर दिया है. इस बार यहां शनि अमावस्या के अवसर पर जिला प्रशासन ने दो दिवसीय शनि मेले का आयोजन किया है. उल्लेखनीय है कि शनि पर्वत, जिसे ऐंति पर्वत भी कहा जाता है, रामायण काल से जुड़ा हुआ है. कहा जाता है कि लंका दहन के समय हनुमान जी ने रावण की कैद से मुक्त कराए गए शनि देव को अपनी पूरी शक्ति से उछाला था और शनि देव आकर इस पर्वत पर गिरे. यहीं उन्होंने तपस्या कर अपनी शक्तियाँ अर्जित कीं.

### सैकड़ों शवों को दफनाने की अफवाह फैलाने का आरोपी गिरफ्तार हुआ

**मंगलौर।** एक विशेष जांच दल ने चिन्नैया नामक एक नकाबपोश व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसने झूठी अफवाह फैलाई थी कि कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के धर्मस्थल गांव में सैकड़ों शव दफनाए गए हैं, जिससे लोगों में दहशत फैल गई थी. शुरुआत में, अधिकारियों ने एक अज्ञात शिकायतकर्ता की सूचना पर कब्रिस्तान में तलाशी ली. इस दौरान उसके द्वारा बताए गए 17 स्थानों पर कोई सुराग नहीं मिला, तो एसआईटी ने तलाशी रोक दी और शिकायतकर्ता से पूछताछ की. एसआईटी के जाँच अधिकारी जितेंद्र दयामा के नेतृत्व में लगभग 25 पुलिसकर्मियों ने चिन्नैया से गहन पूछताछ की. कई सवाल पूछने और वीडियो साक्ष्य दिखाने के बावजूद, उनसे कई सटीक सवालों के पर्याप्त जवाब नहीं मिले.

### एससीओ शिखर सम्मेलन में होगी पीएम मोदी और ओली की मुलाकात

**काठमांडू।** चीन के तियांजिंग में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की वहां विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ होने वाली बैठक से इतर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होने वाली मुलाकात का समय तय हो गया है. दोनों देशों के प्रधानमंत्री के बीच यह तीसरी मुलाकात होगी. 31 अगस्त से शुरू होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री के साथ इस मुलाकात की जानकारी प्रधानमंत्री सचिवालय की तरफ से दी गई है. प्रधानमंत्री के प्रमुख राजनीतिक सलाहकार विष्णु रिमाल ने कहा कि तियांजिंग में एक सितंबर को नेपाल और भारतीय प्रधानमंत्री के साथ बैठक से इतर यह मुलाकात होना तय हुआ है. एससीओ में भारत जहां मुख्य सदस्य देश के रूप में सहभागी होने जा रहा है.

### ईरान में आतंकी समूह का गश्ती दल पर हमला, पांच पुलिस अधिकारी की मौत

**तेहरान।** ईरान के सिस्तान-बलोचिस्तान प्रांत के ईरान शहर के पास दमन इलाके में सशस्त्र आतंकवादियों ने दो सुरक्षा वाहनों पर हमला कर कम से कम पांच पुलिस अधिकारियों की हत्या कर दी. आतंकवादी समूह जैश अल-अदल ने हमले की जिम्मेदारी ली है. समूह ने बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने पुलिस गश्ती दल (फराजा) के मारे गए कर्मियों से हथियार छीन लिए. द बलोचिस्तान पोस्ट की खबर के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हथियारबंद आतंकवादियों ने दमन के मुख्य राजमार्ग से गुजर रहे सुरक्षा काफिले को निशाना बनाया. आतंकवादियों के खून-खराबा करने के बाद ईरान शहर और उसके आसपास खासकर दमन और आस-पास के इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है.

## गुरुग्राम-नोएडा के कॉल सेंटर से 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ठगी

▸ **30 बैंक खाते फ्रीज, 8 लग्जरी कारें भी जब्त**

एजेंसी। नयी दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने अवैध कॉल सेंटर घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 20 अगस्त को गुरुग्राम और नई दिल्ली में सात स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है. आरोपियों की ओर गुरुग्राम और नोएडा के कॉल सेंटर से दो साल में 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ठगी की गई. अब ईडी ने इस मामले में आरोपियों से जुड़े 30 बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं. 8 लग्जरी कारें और कई उच्च मूल्य की



लग्जरी घड़ियां जब्त की गईं हैं. ईडी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो, आईओडी, दिल्ली द्वारा आईपीसी, 1860 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर उक्त मामले की जांच शुरू की थी. इसमें अन्य बातों के साथ-साथ आरोप लगाया गया कि अज्ञात आरोपी व्यक्ति एक-दूसरे के साथ आपराधिक साजिश में, अपने पीड़ितों (मुख्य रूप से अमेरिकी नागरिकों) को निशाना बनाते थे. आरोपियों ने नवंबर 2022 से अप्रैल 2024 की अवधि के दौरान अमेरिकी नागरिकों को तकनीकी धोखाधड़ी के अधीन करने के इरादे से नई दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों से अवैध कॉल सेंटर संचालित किए.

## न्यूयॉर्क में टूर बस राजमार्ग पर पलटी, पांच की मौत, 32 घायल

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** पश्चिमी न्यूयॉर्क के एक प्रमुख राजमार्ग पर 50 से ज्यादा यात्रियों से भरी एक टूर बस नियंत्रण खोकर पलट गई. इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 32 घायल हो गए. पीड़ितों में भारतीय नागरिक भी हो सकते हैं. कई पीड़ितों को एयर लिफ्ट कर चिकित्सा केंद्रों में पहुंचाया गया. सीबीएस न्यूज चैनल के अनुसार, न्यूयॉर्क पुलिस ने यह हादसा शुक्रवार को हुआ. सभी बस यात्री नियाग्रा फॉल्स देखकर न्यूयॉर्क शहर वापस लौट रहे थे. वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जेम्स ओ' कैलाघन ने कहा, ₹अज्ञात कारणों से बस नियंत्रण खो बैठी और राजमार्ग पर पलटते हुए खाई में गिर गई. गनीमत यह है कि बस किसी दूसरे वाहन से नहीं टकराई.पुलिस ने बताया कि बस में 52 यात्री और वाहन कंपनी के दो कर्मचारी सवार थे. दुर्घटना के कारणों की अभी जांच चल रही है, लेकिन यांत्रिक खराबी और चालक की लापरवाही की संभावना से इनकार किया गया है. एरी काउंटी मेडिकल सेंटर में 24 घायलों को भर्ती कराया गया है. इनमें से दो की सर्जरी होनी है. उन्हें गहन चिकित्सा केंद्र में रखा गया है. न्यूयॉर्क स्थित यूनाइटेड मेमोरियल मेडिकल सेंटर के प्रवक्ता ने बताया कि दो मरीजों को उनके यहां भर्ती कराया गया.

## अमेरिका से वार्ता जारी, लेकिन 'रेड लाइन' भी : एस जयशंकर

एजेंसी। नई दिल्ली



विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने कहा है कि अमेरिका के साथ भारत की व्यापार वार्ता अब भी जारी है और हमारी कुट्टी नहीं हुई है. हालांकि कुछ सीमा रेखा हैं जिन्हें पार नहीं किया जाना चाहिए. भारत के अपने राष्ट्रीय हित हैं जिनके आधार पर हम निर्णय लेते हैं. इस संदर्भ में उन्होंने मोदी सरकार की स्पष्ट नीति का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि किसानों के हित, रणनीतिक स्वायत्तता और पाकिस्तान के साथ संबंधों को लेकर किसी भी मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करना वे 'रेड लाइन' हैं जिसे पार नहीं किया जाना चाहिए.

विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर ने शनिवार को एक समाचार पत्र से जुड़े कार्यक्रम में अमेरिका के साथ संबंधों को लेकर भारत के स्पष्ट रूख को रखा. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका की परंपरागत नीतियों के इतर गैर-व्यापारिक मुद्दों पर भी व्यापार को बीच में ला रहे हैं. यह अटपटा है. वहीं सार्वजनिक तौर पर उनकी ओर से आ रहे बयान असलियत से अलग हैं.

उन्होंने कहा कि हमें यह समझना होगा कि राष्ट्रपति ट्रंप का दुनिया के साथ, यहां तक कि अपने देश के साथ भी, व्यवहार करने का तरीका पारंपरिक तरीके से बिल्कुल अलग था. उदाहरण के लिए, व्यापार के लिए भी इस तरह से टैरिफ लगाना एक नया अनुभव है. गैर-व्यापारिक मुद्दों पर टैरिफ लगाना और भी असामान्य है.

### रायगढ़ के 14 गांवों के 4000 परिवार करोड़पति बनने की राह पर, जमीन मालिक परिवारों को प्रति एकड़ 35 लाख मिलेंगे

## महाजेनको रायगढ़ में जीपी-2 ब्लॉक के विकास के लिए 7500 करोड़ निवेश करेगी

शुभम संदेश। रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

तमनार तहसील के सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य को बदलने वाली एक बड़ी योजना में, 14 गांवों की लगभग 4000 परिवारों के करोड़पति बनने की राह आसान हो गई है, जिसका श्रेय महाराष्ट्र राज्य पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) की महत्वाकांक्षी गारे पल्मा सेक्टर -2 कोयला खदान परियोजना को जाता है. इन गांवों में थिली रामपुर, कुंजेमुरा, गारे, सरैटोला, मुरोगांव, रादोपाली, पाटा, चितवाही, ढोलनारा, झिंकाबहाल, डोलेसरा, भालुमुरा, सरसमल और लाइब्रा के नाम शामिल हैं. इस



परियोजना के तहत लगभग 2000 हेक्टेयर निजी जमीन अधिग्रहित की जाएगी और इसका लक्ष्य हर साल 2.36 करोड़ टन कोयला उत्पादन करना है, जो महाराष्ट्र के थर्मल पॉवर प्लांट्स को ऊर्जा प्रदान करेगा और अतिरिक्त बिजली अन्य राज्यों में आपूर्ति की जाएगी.. इस कोयला लिंक के तहत चंद्रपुर (1000 मेगावाट), कोराडी (1980 मेगावाट) और पारली (250 मेगावाट) जैसी बड़ी इकाइयों को समर्थन मिलेगा, जिससे राष्ट्रीय ग्रिड में 3200 मेगावाट से अधिक योगदान होगा.

इस परियोजना की खासियत इसका व्यापक मुआवजा और समुदाय सशक्तीकरण योजना है. भूमि मालिकों को प्रति एकड़ 35 लाख रुपए का मुआवजा दिया जा रहा है, जो स्थानीय सर्कल रेट्स के अनुसार है, साथ ही 2435 करोड़ रुपये की पुनर्वास और पुनःस्थापन (आरएंडआर) पैकेज भी प्रदान किया जा रहा है. इस पैकेज में आवास, इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य सुविधाएं शामिल हैं, जो स्थानीय लोगों और उनकी अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई हैं.

ढोलनारा के एक ग्रामीण ने उत्साह जताते हुए कहा कि हम वर्षों से विकास का इंतजार कर रहे थे. महाराष्ट्र सरकार की यह परियोजना सिर्फ पैसों के बारे में नहीं है, बल्कि यह गरिमा, रोजगार और बेहतर भविष्य पर केंद्रित है. हमने कलेक्टर से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तुरंत शुरू करने का आग्रह किया है. 5 अगस्त को 14 गांवों में से सात गांवों के लोगों के एक समूह ने जिला प्रशासन से मुलाकात की और खनन परियोजना और भूमि अधिग्रहण की जल्दी शुरूआत की मांग की है.

क्षेत्र में उत्साह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है. कई स्थानीय लोग आवास, खानपान और रोजमर्रा की जरूरतों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए व्यवसायों में निवेश करना शुरू कर चुके हैं.

### टैरिफ वॉर के बीच ट्रंप का बड़ा फैसला

## सर्जियो होंगे भारत में अमेरिका के अगले राजदूत

एजेंसी। वॉशिंगटन

व्हाइट हाउस के प्रेसिडेंशियल पर्सनल ऑफिस के मौजूदा निदेशक सर्जियो गोर भारत में अमेरिका के अगले राजदूत होंगे.राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विश्वासपात्रों में शामिल सर्जियो गोर को दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत की जिम्मेदारी के लिए नामित किया गया है. सर्जियो गोर भारत में अमेरिका के 26वें राजदूत बनेंगे. भारत पर लगाए गए भारी भरकम टैरिफ के बीच ट्रंप ने यह फैसला किया है. राष्ट्रपति ट्रंप ने इसकी घोषणा करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि वे सर्जियो गोर को भारत में अगला अमेरिकी राजदूत और



दक्षिण व मध्य एशिया मामलों के लिए विशेष दूत नियुक्त कर रहे हैं. ट्रंप ने भरोसा व्यक्त करते हुए कहा कि सर्जियो वही व्यक्ति हैं जो हमारे 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' मिशन को आगे ले जाएंगे. भारत में अमेरिकी राजदूत नामित किए जाने के लिए सर्जियो गोर ने राष्ट्रपति ट्रंप का आभार व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान होगा! हमारे व्हाइट हाउस ने अमेरिका को फिर से महान बनाने में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.